
किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853



दैनिक
राष्ट्रीय संस्करण
RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 4 अंक: 194 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शुक्रवार 24 अप्रैल 2026 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


## होर्मुज में बढ़ते तनाव के बीच 14 भारतीय पोत सुरक्षित, 14 अब भी खाड़ी में: विदेश मंत्रालय

**समाज जागरण**

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया के संवेदनशील समुद्री मार्ग स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में बढ़ते तनाव के बीच भारत के लिए राहत की खबर है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि पिछले कुछ सप्ताहों में 14 भारतीय पोत सुरक्षित रूप से इस मार्ग को पार कर चुके हैं, जबकि 14 अन्य पोत अब भी पर्शियन गल्फ क्षेत्र में मौजूद हैं।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने नई दिल्ली में साप्ताहिक पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और भारतीय पोतों तथा नाविकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।






यह समुद्री मार्ग विश्व के सबसे महत्वपूर्ण मार्गों में से एक है, जहाँ से वैश्विक तेल आपूर्ति का बड़ा हिस्सा गुजरता है। पश्चिम एशिया में जारी तनाव के कारण इस क्षेत्र की संवेदनशीलता और बढ़ गई है। सूचनाओं के अनुसार ईरान ने हाल ही में एक पोत पर हमले का दावा किया है, जो भारत के मुंद्रा पोर्ट की ओर जा रहा था। यह घटना उस समय हुई जब कुछ ही घंटे पहले डोनाल्ड ट्रंप ने युद्ध-विराम की घोषणा की थी।

ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स नेवी ने "एमएससी फ्रांसेस्का" और "एपामिनोंडास" नामक दो पोतों पर कार्रवाई का दावा किया है। समुद्री आँकड़ों के अनुसार "एपामिनोंडास" दुबई के जेबेल अली पोर्ट से मुंद्रा की ओर जा रहा था।

घटना के बाद भारत ने कड़ा रुख अपनाते हुए भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फथाली को तलब कर इस पर कड़ी आपत्ति जताई। विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि भारतीय पोतों पर किसी भी प्रकार का हमला अत्यंत गंभीर विषय है।

विदेश मंत्रालय ने दोहराया कि भारत अपने जहाजों और नाविकों की सुरक्षा को लेकर पूर्णतः प्रतिबद्ध है तथा ईरान से अपेक्षा की गई है कि वह भारतीय पोतों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करे और क्षेत्र में शांति बहाल करने के लिए आवश्यक कदम उठाए।

## देहरादून बाईपास निर्माण तेज

### 716 करोड़ की परियोजना से बदलेगी शहर की यातायात व्यवस्था



**समाज जागरण**

देहरादून। उत्तराखंड की राजधानी में यातायात जाम की समस्या से राहत दिलाने के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा 12 किलोमीटर लंबे ग्रीनफील्ड चार-लेन नियंत्रित प्रवेश बाईपास का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। यह मार्ग दिल्ली-देहरादून आर्थिक गलियारा से जुड़ा होगा, जिससे क्षेत्रीय संपर्कता और मजबूत होगी।

**परियोजना की प्रगति और लागत**

करीब 716 करोड़ रुपये की लागत वाली इस परियोजना में अब तक लगभग 44 प्रतिशत भौतिक कार्य पूरा हो चुका है। यह बाईपास झझरा से प्रारंभ होकर राष्ट्रीय राजमार्ग-7 के पांवटा साहिब-बल्लूपुर खंड से जुड़ते हुए आशारोड़ी जाँच चौकी के पास आर्थिक गलियारे पर समाप्त होगा। परियोजना को अप्रैल 2027 तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

## बंगाल में घुसपैठ और कानून-व्यवस्था पर गरजे अमित शाह

**समाज जागरण**

कोलकाता/पुरसुराह। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के मद्देनजर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जनसभा को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस पर तीखा प्रहार किया और राज्य में परिवर्तन की अपील की। उन्होंने कहा कि बंगाल की जनता वर्तमान सरकार से असंतुष्ट है और अब बदलाव चाहती है।



**टीएमसी सरकार पर निशाना, गुस्से का दावा**

पश्चिम बंगाल के पुरसुराह में आयोजित जनसभा में अमित शाह ने कहा कि राज्य के हर हिस्से में तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ जनाक्रोश दिखाई दे रहा है। उन्होंने दावा किया कि यह आक्रोश आगामी चुनाव परिणामों में स्पष्ट रूप से झलकेगा।

**घुसपैठ का मुद्दा प्रमुख, सख्त कार्रवाई का वादा**

केंद्रीय गृह मंत्री ने घुसपैठ को गंभीर समस्या बताते हुए कहा कि इसे रोकने के लिए कठोर कदम उठाने की आवश्यकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि मतदाता सूची से अवैध घुसपैठियों के नाम हटाने के प्रयासों का विरोध ममता बनर्जी द्वारा किया जाता है। शाह ने कहा कि यदि भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनती है, तो प्रत्येक घुसपैठिए की पहचान कर उसे राज्य से बाहर किया जाएगा।

**'जंगल राज' खत्म करने का दावा**

अमित शाह ने राज्य सरकार पर 'जंगल राज' चलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि किसानों की भूमि पर अवैध कब्जा और कथित सिंडिकेट व्यवस्था ने गरीबों के अधिकारों को प्रभावित किया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आगामी चुनाव में यह स्थिति समाप्त होगी।

## पूर्वांचल एक्सप्रेसवे बना हवाई पट्टी, वायुसेना ने दिखाया दम

**समाज जागरण**

सुल्तानपुर। भारतीय वायु सेना ने पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर आपातकालीन अवतरण सुविधा का सफल संचालन कर अपनी उच्च स्तरीय तैयारी और त्वरित कार्रवाई क्षमता का प्रदर्शन किया। यह अभ्यास 22 अप्रैल 2026 को दिन और रात–दोनों समय संपन्न हुआ।

**उच्च अधिकारियों की मौजूदगी में प्रदर्शन**

अभ्यास के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री ओम प्रकाश राजभर, वायु सेना के वरिष्ठ अधिकारी तथा प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने वायु सेना की कार्यकुशलता और तत्परता का प्रत्यक्ष अवलोकन किया।

**आधुनिक विमानों और हेलीकॉप्टरों का प्रदर्शन**

इस अभ्यास में वायु सेना ने अपने अत्याधुनिक लड़ाकू एवं परिवहन विमानों–जगुआर, मिराज-2000, सुखोई-30 एमकेआई, सी-295 और एएन-32–के साथ एमआई-17 वी5 हेलीकॉप्टर तथा गरुड़ कमांडो दल की क्षमताओं का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।



**कम समय में संचालन क्षमता का परीक्षण**

वायु सेना ने उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण और स्थानीय प्रशासन के सहयोग से अत्यंत कम समय में आपातकालीन अवतरण पट्टी को सक्रिय कर अपनी मानक संचालन प्रक्रियाओं का सफल परीक्षण किया। इससे सिद्ध हुआ कि सामान्य हवाई अड्डे के अभाव में भी वायुसेना प्रभावी रूप से अभियान संचालित कर सकती है।

**रणनीतिक और आपदा प्रबंधन में उपयोगी**

एक्सप्रेसवे पर विकसित यह हवाई पट्टी आपात स्थितियों में सैन्य अभियानों तथा राहत कार्यों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। इससे देश की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होने के साथ-साथ आपदा प्रबंधन क्षमता में भी वृद्धि होगी।

**समन्वय की महत्वपूर्ण भूमिका**

वायु सेना, उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण और स्थानीय प्रशासन के समन्वय से विकसित यह व्यवस्था भविष्य में भी ऐसे अभियानों के लिए सहायक सिद्ध होगी। इस प्रकार की पहल देश की रणनीतिक और त्वरित प्रतिक्रिया क्षमताओं को और सुदृढ़ करती है।

(इनपुट: पीआईबी)

### बिहार सरकार ने लिया बड़ा फैसला

## सरकारी कर्मियों के लिए बायोमेट्रिक हाजिरी अनिवार्य

### समय पर कार्यालय न आने पर कटेगा वेतन

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ बिहार की नई सरकार ने प्रशासनिक व्यवस्था को चाक-चौबंद करने और सरकारी कार्यालयों में अनुशासन सुनिश्चित करने के लिए सख्त रुख अख्तियार किया है। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत द्वारा जारी ताजा निर्देशों के अनुसार, अब सभी सरकारी कर्मचारियों के लिए निर्धारित समय पर कार्यालय पहुंचना और बायोमेट्रिक प्रणाली से उपस्थिति दर्ज करना अनिवार्य कर दिया गया है। नए आदेश के मुताबिक, सचिवालय और उससे जुड़े कार्यालयों का समय सुबह 9:30 बजे से शाम 6:00 बजे तक निर्धारित किया गया है।



महिला कर्मियों को बड़ी राहत देते हुए उन्हें शाम 5:00 बजे ही कार्यालय से अवकाश लेने की अनुमति दी गई है। वहीं, राज्य के क्षेत्रीय कार्यालयों में सुबह 10:00 से शाम 5:00 बजे तक कार्य होगा। ठंड के मौसम (नवंबर से फरवरी) में क्षेत्रीय कार्यालयों का समय सुबह 10:30 बजे से शुरू होगा। सरकार ने स्पष्ट किया है कि हाजिरी की नियमित निगरानी की जाएगी। यदि कोई कर्मचारी देरी से पहुंचता है, तो वह समय उसके अवकाश (Leave) में समायोजित किया जाएगा। अवकाश शेष न होने की स्थिति में सीधे वेतन से कटौती की जाएगी। अब कर्मचारियों का वेतन भुगतान भी उनकी बायोमेट्रिक उपस्थिति विवरण से जोड़ दिया गया है। इस फैसले का मुख्य उद्देश्य सरकारी सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाना और आम जनता के कार्यों में होने वाली देरी को रोकना है। सभी विभागाध्यक्षों और जिलाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे इन नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें और समय-समय पर औचक निरीक्षण करें। विशेषज्ञों का मानना है कि इस कदम से सरकारी तंत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ेगी।

## गर्मी में घर जाने वालों के लिए रेलवे का बड़ा प्लान, 18 हजार से अधिक विशेष रेल सेवाएं चलेंगी

**समाज जागरण**

नई दिल्ली। गर्मियों की छुट्टियों में घर जाने की योजना बना रहे यात्रियों के लिए बड़ी राहत की खबर है। भारतीय रेल ने बढ़ती भीड़ को देखते हुए व्यापक तैयारियां की हैं और इस वर्ष बड़ी संख्या में विशेष रेल सेवाएं संचालित करने का निर्णय लिया है।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक के बाद यह निर्णय लिया गया। रेलवे अप्रैल के मध्य से जुलाई के मध्य तक देशभर में 18 हजार से अधिक ग्रीष्मकालीन विशेष रेल यात्राएं संचालित करेगा।

**15 अप्रैल से 15 जुलाई तक विशेष अभियान**

रेलवे के अनुसार 15 अप्रैल से 15 जुलाई 2026 के बीच कुल 18,262 विशेष रेल यात्राएं चलाने की योजना है। अब तक 11,878 ट्रेनों की घोषणा की जा चुकी है, जबकि शेष सेवाओं की जानकारी शीघ्र जारी की जाएगी।



**भीड़ प्रबंधन के लिए विशेष इंतजाम**

यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अधिक मांग वाले मार्गों और प्रमुख स्टेशनों पर विशेष व्यवस्था की गई है। नई दिल्ली, मुंबई (लोकमान्य तिलक टर्मिनस, छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, पुणे), सूरत (उधना), अहमदाबाद तथा बेंगलुरु जैसे बड़े स्टेशनों पर भीड़ नियंत्रण के लिए अतिरिक्त प्रबंध किए गए हैं। रेलवे का उद्देश्य है कि यात्रियों को सुगम, सुरक्षित और आरामदायक यात्रा उपलब्ध कराई जाए तथा गर्मियों के दौरान होने वाली अत्यधिक भीड़ को प्रभावी ढंग से नियंत्रित किया जा सके।

## 'भारत महान देश, शीर्ष पर मेरा बहुत अच्छा मित्र'–'हेलहोल' विवाद पर ट्रंप की सफाई

**समाज जागरण**

नई दिल्ली। डोनाल्ड ट्रंप के एक सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर उठे विवाद के बाद अब उन्होंने भारत के प्रति सकारात्मक रुख व्यक्त करते हुए उसे "महान देश" बताया है। साथ ही उन्होंने कहा कि भारत के शीर्ष नेतृत्व में उनका "बहुत अच्छा मित्र" मौजूद है। उनका यह बयान उस पोस्ट के बाद आया है, जिसमें भारत के लिए अपमानजनक शब्दों के प्रयोग को लेकर व्यापक प्रतिक्रिया सामने आई थी।

अमेरिकी दूतावास के प्रवक्ता ने स्पष्ट किया कि ट्रंप भारत के प्रति सम्मान रखते हैं और उनके हालिया वक्तव्य को उसी संदर्भ में



देखा जाना चाहिए। वहीं, भारत के विदेश मंत्रालय ने भी पूरे प्रकरण पर अपनी प्रतिक्रिया दी है और मामले को गंभीरता से लिया है।

क्या था विवाद का कारण?

दरअसल, डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ सोशल' पर माइकल सैवेज का एक वीडियो साझा किया था। माइकल सैवेज एक रूढ़िवादी लेखक और रेडियो प्रस्तोता हैं। इस वीडियो में अमेरिका में जन्म के आधार पर मिलने वाली नागरिकता (जन्माधिकार नागरिकता) की आलोचना की गई थी। वीडियो में सैवेज ने आरोप लगाया कि कुछ विदेशी नागरिक अमेरिकी कानूनों का दुरुपयोग करते हैं। उन्होंने कहा कि कई लोग गर्भावस्था के अंतिम चरण में अमेरिका जाते हैं ताकि उनके बच्चे को वहां की नागरिकता मिल सके।

## डिजिटल क्रांति और एआई के दौर में स्याही से पिक्सल तक बदलती हिंदी पत्रकारिता

हिंदी पत्रकारिता का इतिहास गवाह है कि इसने हमेशा समाज की धड़कनों को शब्दों के जरिए कागज पर उतारा है, लेकिन पिछले एक दशक में इस सफर ने जो मोड़ लिया है, वह किसी महाकाव्य के अध्याय बदलने जैसा है। कल तक सुबह के अखबार की दस्तक और चाय की चुस्की के साथ शुरू होने वाला सूचनाओं का सिलसिला अब अंगूठे के एक स्वाइप पर सिमट गया है। प्रिंट मीडिया, जो कभी सत्ता के गलियारों में हलचल पैदा करने का इकलौता जरिया था, आज डिजिटल और वीडियो प्लेटफॉर्म्स की सुनामी के बीच अपनी जमीन बचाने और खुद को नए सांचे में ढालने की जद्दोजहद कर रहा है। यह बदलाव केवल तकनीक का नहीं है, बल्कि यह पत्रकारिता के मिजाज, उसकी भाषा और सबसे महत्वपूर्ण, उसके सरोकारों के बदलने की कहानी है।

जब हम प्रिंट से डिजिटल और फिर यूट्यूब के इस त्रिकोणीय सफर को देखते हैं, तो आंकड़ों की जुबानी इस बदलाव की भयावहता और भव्यता दोनों समझ आती है। एक दौर था जब हिंदी के प्रमुख अखबारों की प्रसार संख्या करोड़ों में हुआ करती थी, लेकिन हालिया वर्षों में 'डिजिटल फर्स्ट' के मंत्र ने इस समीकरण को उलट दिया है। आज भारत में इंटरनेट उपभोक्ताओं की संख्या 80 करोड़ के पार पहुंच चुकी है, जिनमें से एक बड़ा हिस्सा अपनी खबरों के लिए केवल सोशल मीडिया और यूट्यूब पर निर्भर है। प्रिंट के दौर में 'डेडलाइन' का एक अनुशासन था। संपादक के पास समय होता था कि वह खबर की तह तक जाए, उसे परखे और फिर पाठकों के सामने परोसे। लेकिन आज के 'ब्रेकिंग न्यूज' और 'वायरल कल्चर' ने उस ठहराव को छीन लिया है। डिजिटल प्लेटफॉर्म्स ने खबर की रफ्तार को तो पंख लगा दिए, लेकिन इस रफ्तार में कहीं न कहीं वह गहराई पीछे छूट गई जो कभी हिंदी लेखनी की पहचान हुआ करती थी।

इस संक्रमण काल में सबसे अधिक प्रभावित हुई है पत्रकारिता की भाषा और उसका अर्थशास्त्र। जो हिंदी कभी साहित्यिक मयार्दाओं और व्याकरण की शुचिता से बंधी थी, वह अब 'क्लिक' पाने की मजबूरी में हिंग्लिश और बोलचाल की सरलता की ओर झुक गई है। डिजिटल स्क्रीन पर पाठक की एकाग्रता का समय (अटेंशन स्पैन) मात्र 8 से 12 सेकंड रह गया है, इसलिए अब लंबे विश्लेषणों की जगह 'इनफोग्राफिक्स' और 'शॉर्ट्स' ने ले ली है। यूट्यूब जैसे मंचों ने तो पत्रकारिता के व्याकरण को ही उलट दिया है। यहाँ अब 'एंकर' और 'संवाददाता' के बीच की लकीर मिट गई है। हर वह व्यक्ति जिसके पास कैमरा और इंटरनेट है, वह खुद को एक मीडिया संस्थान के रूप में पेश कर रहा है। इससे एक ओर तो मुख्यधारा के मीडिया से छूटे हुए मुद्दे सामने आए हैं, लेकिन दूसरी ओर सतही ज्ञान और सनसनी का एक ऐसा बाजार सज गया है जिसने गंभीर विमर्श को हाशिए पर धकेल दिया है।

अब इस परिदृश्य में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रवेश एक नए और चुनौतीपूर्ण युग की आहट है। न्यूजहॉल के भीतर अब एआई केवल डेटा विश्लेषण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह खबरों को लिखने, अनुवाद करने और यहाँ तक कि न्यूज एंकरिंग तक में दखल दे रहा है। एआई ने पत्रकारिता की कार्यक्षमता को तो कई गुना बढ़ा दिया है, लेकिन इसके साथ ही इसने 'मानवीय संवेदना' और 'नैतिकता' पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। जब एक मशीन खबर लिखती है, तो वह तथ्यों को जोड़ तो सकती है, लेकिन वह उस मानवीय पीड़ा को शब्द नहीं दे सकती जो एक रिपोर्टर मौके पर महसूस करता है। एआई का सबसे खतरनाक प्रभाव 'डीपफेक' के रूप में सामने आ रहा है, जहाँ 70 प्रतिशत से अधिक उपयोगकर्ता असली और नकली वीडियो में फर्क नहीं कर पाते। एल्गोरिदम अब यह तय कर रहे हैं कि आप क्या पढ़ेंगे, जिससे समाज में 'फिल्टर बबल' बन रहे हैं यानी व्यक्ति केवल अपनी पसंद की कट्टर सोच वाली खबरें ही देख पाता है।

आर्थिक मोर्चे पर भी यह बदलाव किसी भूकंप से कम नहीं है। प्रिंट मीडिया का जो विज्ञापन राजस्व कभी 40 प्रतिशत की दर से बढ़ता था, वह अब सिमटकर डिजिटल दिग्गजों की जेब में जा रहा है। डिजिटल मीडिया में राजस्व का मॉडल अभी भी प्रयोग के दौर से गुजर रहा है। 'पेवॉल' और 'सब्सक्रिप्शन' जैसी कोशिशें हिंदी पट्टी में अभी भी संघर्ष कर रही हैं। नतीजा यह है कि राजस्व के लिए मीडिया घरानों को अब 'स्पॉन्सर्ड कंटेंट' का सहारा लेना पड़ रहा है, जिससे निष्पक्षता की दीवारें कमजोर हुई हैं। यूट्यूब ने एक नए अर्थशास्त्र को जन्म दिया है, जहां 'व्यूज' और 'वॉच टाइम' ही सबसे बड़ी मुद्रा है। जब खबर का महत्व उसकी सामाजिक उपयोगिता से नहीं बल्कि उसके 'वायरल' होने की क्षमता से तय होने लगे, तो यह लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के लिए खतरे की घंटी है।

बावजूद इसके, इस बदलाव ने पत्रकारिता को दिल्ली और मुंबई जैसे महानगरों के वातानुकूलित कमरों से निकालकर छोटे शहरों और कस्बों की गलियों तक पहुँचा दिया है। आज ग्राउंड रिपोर्टिंग का अर्थ केवल बड़े चैनलों की ओबी वैन नहीं, बल्कि एक मोबाइल हाथ में थामे वह निर्भीक पत्रकार भी है जो सत्ता से सीधे सवाल पूछ रहा है। भविष्य की हिंदी पत्रकारिता अब एक 'हाइब्रिड' मॉडल की ओर बढ़ रही है। अखबार अब केवल सूचना के वाहक नहीं, बल्कि गहन विश्लेषण के दस्तावेज बन रहे हैं। एआई के दौर में असली चुनौती केवल तकनीक को अपनाने की नहीं है, बल्कि उस 'साख' को बचाने की है जो मशीनी शोर में कहीं दब गई है। हिंदी पत्रकारिता का यह सफर स्याही से पिक्सल और अब एआई तक तो पहुंच गया है, लेकिन इसकी सार्थकता तभी बनी रहेगी जब यह 'सत्य' की उस मशाल को जलाए रखेगा जिसे लेकर भारतेन्दु हरिश्चंद्र और गणेश शंकर विद्यार्थी जैसे पुरोधाओं ने इसे शुरू किया था। तकनीक और मशीनें केवल उपकरण हो सकती हैं, पत्रकारिता की आत्मा तो हमेशा मानवीय विवेक और जनसरोकार ही रहेगी।



अजय कुमार

## परिसीमन बिल गिरने से देश को तो लाभ मिला

देश की आधी आबादी यानी महिलाओं को 33 फीसदी राजनीतिक आरक्षण देने वाला ऐतिहासिक बिल लोकसभा में भले ही गिर गया हो किंतु भाजपा को जो लाभ मिलना था, वह मिल या। इस बिल के माध्यम से वह यह संदेश देने में कामयाब रही कि हम तो महिलाओं को संसद में 33 प्रतिशत आरक्षण देना चाहते है, कितु विपक्ष नही चाहता। विपक्ष भी इस बिल के गिरने को अपनी विजय मानता है। इस बिल के गिरने से भाजपा को लाभ मिले या विपक्ष को किंतु सबसे बड़ा लाभ देश को हुआ है। इस बिल के पास होने से बढ़ने वाली लोकसभा और विधान सभा सीट के सांसदों के वेतन और भत्तों का खर्च बच गया। नए सांसदों और विधायकों की पेंशन की राशि का बोझ अब देश को नही उठाना पड़ेगा।

मोदी सरकार ने लोकसभा और विधानसभाओं में वर्तमान सीटों की संख्या एकमुश्त बढ़ाकर डेढ़ गुना करने का जो प्रस्ताव इस बिल में किया था, उसका लाभ कुल मिलाकर 2250 सीटों का होता। लोकसभा में वर्तमान 545 सीटों के हिसाब से की महिलाओं के 33 प्रतिशत आरक्षण के हिसाब से 205 सीटें बढ़तीं, जबकि सभी 28 राज्यों और दो केन्द्र शासित प्रदेशों की विधानसभाओं में 2045 सीटों का इजाफा होता। यानी 70 करोड़ महिलाओं में से मात्र 2250 महिलाएं चुनकर विधानमंडलों में पहुंचतीं। इसमें राज्यसभा और विधानपरिषदों की सीटें शामिल नहीं हैं, क्योंकि उनकी संख्या बाद में तय होगी। तर्क दिया जा सकता है कि इस आरक्षण को महिलाओं की संख्या की बजाए उनके राजनीतिक-सामाजिक सशक्तिकरण, लैंगिक समता और राजनीतिक नैतिकता की पवित्र मंशा के आईने में देखा जाना चाहिए। सही है। लेकिन अगर बिल पास हो जाता। सासंदों और विधायकों के क्षेत्र और सीट बढ़ जाती तो वढ़े सासदों , विधायकों के वेतन, भत्ते, सुविधाओं और पेंशन का बोझ तो देश पर ही पड़ता।

12 साल के कार्यकाल में यह पहला अवसर था, जब मोदी सरकार की संसद में विधायी हार हुई। संसदीय इतिहास में 1990 में पंचायत सशक्तिकरण संशोधन बिल के राज्यसभा में गिरने के बाद यह पहला बिल है, जो लोकसभा में ही ढ़ह गया। वैसे मोदी सरकार चाहती तो यह अत्यंत महत्वपूर्ण बिल अपने दूसरे कार्यकाल में ला सकती थी, जब एनडीए के अपने 353 सांसद थे और कोई भी संशाधन बिल आसानी से पारित हो सकता था। लेकिन उसने तब ऐसा नहीं किया।

भारतीय राजव्यवस्था में पिछले कुछ वर्षों से वित्तीय प्रबंधन और संसाधनों के आवंटन को लेकर एक व्यापक बहस छिड़ी हुई है। एक तरफ सरकार राजकोषीय घाटे को कम करने और अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के नाम पर पुरानी पेंशन योजनाओं और सैन्य भर्ती की पारंपरिक प्रक्रियाओं में आमूलचूल परिवर्तन कर रही है, वहीं दूसरी ओर लोकतांत्रिक प्रतिनिधित्व के विस्तार के नाम पर विधायी निकायों के आकार को बढ़ाने की योजनाएं भी चर्चा के केंद्र में हैं। इन निर्णयों का भारतीय अर्थव्यवस्था और आम नागरिक के जीवन पर गहरा प्रभाव पड़ता है। सरकार के इन कदमों के पीछे तर्क दिया जाता है कि आधुनिक समय की चुनौतियों से निपटने के लिए संसाधनों का कुशल उपयोग अनिवार्य है, लेकिन जब बात सांसदों और जनप्रतिनिधियों की सुविधाओं की आती है, तो जनता के बीच विरोधाभास की स्थिति उत्पन्न हो जाती है।

पेंशन के मुद्दे पर सरकारी कर्मचारियों में व्यापक असंतोष देखा जा रहा है। केंद्र सरकार ने वित्तीय बोझ को कम करने के लिए लंबे समय से पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) के स्थान पर नई पेंशन योजना (एनपीएस) को प्राथमिकता दी है। हालिया वर्षों में महंगाई भत्ते (डीए) और महंगाई राहत (डीआर) में वृद्धि तो की गई है, जैसे कि 2026 के शुरूआती आंकड़ों के अनुसार इसे 60 प्रतिशत तक पहुँचाया गया फिर भी यह वृद्धि कर्मचारियों की उन मांगों को शांत करने में विफल रही है। वे तो सेवानिवृत्ति के बाद एक सुनिश्चित आय की गारंटी चाहते हैं। सरकार का तर्क है कि पेंशन पर होने वाला खर्च भविष्य में विकास कार्यों के लिए उपलब्ध बजट को कम कर सकता है, इसलिए निवेश-आधारित पेंशन प्रणाली अधिक व्यावहारिक है। हालांकि, सरकारी कर्मचारी इसे अपनी सामाजिक सुरक्षा में कटौती के रूप में देखते हैं, जिससे उनके भविष्य की स्थिरता पर सवालिया निशान लग जाते हैं। अर्थशास्त्री दावा करते हैं कि यदि पुरानी पेंशन दी गई तो कुछ राज्य आर्थिक रूप से दिवालिया हो जाएगें,किंतु सासदों और विधायकों की संख्या उनके वेतन भत्तों और पेंशन से देश के सामने आने वाली आर्थिक चुनौतियों की और ध्यान नही दिया जाता। यह कहीं गणना नही होती कि इससे देश पर कितना बोझ पड़ेगा।

सैनिकों की भर्ती के लिए लाई गई अग्निपथ योजना इसी वित्तीय पुनर्गठन की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जाती है। अग्निवीर योजना के तहत युवाओं को चार साल के लिए सेना में भर्ती किया जाता है, जिसके बाद केवल 25 प्रतिशत को ही स्थायी सेवा में रखा जाता है। शेष 75 प्रतिशत युवाओं को एकमुश्त सेवा निधि पैकेज देकर सेवामुक्त कर दिया जाता है, और उन्हें आजीवन पेंशन या अन्य चिकित्सा सुविधाएं नहीं दी जातीं। सरकार का उद्देश्य रक्षा बजट के एक बड़े हिस्से को, जो वर्तमान में वेतन और पेंशन में चला जाता है, आधुनिक हथियारों और तकनीक की खरीद में लगाना है। लेकिन इस योजना ने सुरक्षा विशेषज्ञों और युवाओं के बीच चिंता पैदा कर दी है। आलोचकों का कहना है कि पेंशन के अभाव में सैनिकों का मनोबल प्रभावित हो सकता है और चार साल बाद बेरोजगार होने का डर युवाओं को इस गौरवशाली पेशे से दूर कर सकता है।

एक तरफ जहां देश की सुरक्षा और प्रशासनिक सेवा में लगे लोगों के लाभों को सीमित किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर 131वें संविधान संशोधन विधेयक के माध्यम से लोकसभा की सीटों की संख्या बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त किया गया है। वर्तमान में लोकसभा की 543 सीटों को बढ़ाकर लगभग 815 से 850 तक करने का प्रस्ताव है।इसी के साथ नए परीसीमन से विधायकों की भी 2045 सीट बढ़ने की व्यवस्था है। यह वृद्धि परिसीमन की प्रक्रिया के तहत की जा रही है, जिसका उद्देश्य बढ़ती जनसंख्या के अनुपात में प्रतिनिधित्व को संतुलित करना है। हालांकि यह कदम लोकतांत्रिक दृष्टिकोण से तर्कसंगत लग सकता है, पर इसके आर्थिक निहितार्थ अत्यधिक गंभीर हैं। सांसदों की संख्या में लगभग 50 प्रतिशत की वृद्धि का अर्थ है उनके वेतन, भत्तों, आवास, सुरक्षा और कार्यालय खर्चों में भी उसी अनुपात में बढ़ोतरी होना।

यदि हम वर्तमान वित्तीय आंकड़ों का विश्लेषण करें, तो एक सांसद का वेतन और विभिन्न भत्ते मिलाकर प्रतिमाह एक बड़ी राशि बनती है। वर्ष 2025-26 के संशोधित आंकड़ों के अनुसार, एक सांसद का मूल वेतन लगभग 1.24 लाख रुपये है। इसके अतिरिक्त, उन्हें निर्वाचन क्षेत्र भत्ता (लगभग 70,000 रुपये), कार्यालय भत्ता (लगभग 60,000 रुपये) और संसद सत्र के दौरान प्रतिदिन का दैनिक भत्ता (2,500 रुपये) मिलता है। यदि इन सबको जोड़ दिया जाए, तो एक सांसद पर सीधे तौर पर प्रतिमाह लगभग 2.7 लाख से 3 लाख रुपये का खर्च आता है। इसमें उनके लिए उपलब्ध मुफ्त बिजली (50,000 यूनिट), पानी (4,000 किलोलीटर), 34 मुफ्त हवाई यात्राएं, रेल यात्राएं और दिल्ली में मिलने वाले महंगे बंगलों का रखरखाव शामिल नहीं है। यदि लोकसभा सीटों की संख्या 543 से बढ़कर 816 हो जाती है, तो केवल इन सीधे खर्चों के कारण देश पर प्रतिमाह करोड़ों रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा।विधायकों की सीट बढ़ने से होने वाला आर्थिक बोझ इसमें शामिल नही किया गया।

इस अतिरिक्त वित्तीय बोझ का अनुमान लगाने के लिए यदि हम 273 नए सांसदों (816 - 543) को आधार मानें, तो केवल उनके वेतन और नियमित भत्तों पर ही प्रतिमाह लगभग 7.5 करोड़ से 8 करोड़ रुपये का अतिरिक्त खर्च होगा। वार्षिक आधार पर यह आंकड़ा 90 करोड़ से 100 करोड़ रुपये तक पहुंच जाता है। लेकिन यह तो केवल हिमशैल का सिरा है। प्रत्येक नए सांसद के लिए लुटियंस दिल्ली जैसे महंगे इलाकों में आवास की व्यवस्था करना, उनके कार्यालयों का निर्माण और उनके साथ तैनात होने वाले सुरक्षा कर्मियों व सहायक कर्मचारियों का वेतन इस खर्च को कई गुना बढ़ा देगा। इसके अलावा, सांसदों को मिलने वाली आजीवन पेंशन का खर्च भी भविष्य के बजटों पर एक स्थायी बोझ बन जाएगा।

विवाद का मुख्य बिंदु यही है कि जब देश के सैनिकों और आम कर्मचारियों के लिए 'राजकोषीय अनुशासन' और 'पेंशन सुधार' की बात की जाती है, तो वही मापदंड जनप्रतिनिधियों पर लागू क्यों नहीं होते? अग्निवीर योजना के माध्यम से करोड़ों रुपये बचाने की कोशिश करने वाली सरकार जब सांसदों की फौज बढ़ाने की तैयारी करती है, तो आम नागरिक के मन में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या देश की प्राथमिकताएं सही दिशा में हैं। एक तरफ एक जवान है जो अपनी जवानी के चार साल देश को देता है और बिना पेंशन के घर लौट आता है, और दूसरी तरफ एक सांसद है जो केवल पांच साल के कार्यकाल के बाद आजीवन पेंशन और सुविधाओं का हकदार बन जाता है। एक बात और जहां कर्मचारी को पेंशन का हकदार बनने के लिए 20 से 25 साल की सेवा अनिवार्य है, वहां सांसद या विधायक के लिए ऐसा नही है। एक दिन के लिए सांसद या विधायक बनने पर उन्हें पूरी पेंशन मिलती है। सांसद या विधायक जितनी बार चुना जाता है, उसकी उ पेंशन में बढ़े कार्यकाल के हिसाब से वृद्धि मिलती है।कोई व्यक्ति यदि चार बार सांसद और तीन बार विधायक बने तो उसे सांसद काल की चार और विधायक काल की तीन वृद्धि पेंशन में जुड़कर मिलती है। वर्तमान पंजाब सरकार ने एक आदेश करने विधायक के लिए सिर्फ एक पेंशन की व्यवस्था रखी है। ऐसा पूरे देश में क्यों नही हो सकता। सांसद और विधायकों के साथ भी ऐसा ही किया जाना चाहिए।

भारत जैसे विकासशील देश में जहां शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे के लिए संसाधनों की भारी कमी है, वहां विधायी विस्तार के खर्चों को बहुत सावधानी से तौलने की आवश्यकता है। लोकतांत्रिक प्रतिनिधित्व महत्वपूर्ण है, लेकिन इसे इस तरह से लागू किया जाना चाहिए कि यह आम जनता के त्याग और सैनिकों के समर्पण के साथ न्याय करे। यदि सरकार को वास्तव में राजकोषीय घाटे की चिंता है, तो उसे सांसदों के वेतन-भत्तों में भी कटौती करने और 'एक राष्ट्र, एक पेंशन' जैसी व्यवस्था पर विचार करना चाहिए, ताकि देश का पैसा सांसदों की सुख-सुविधाओं के बजाय उन लोगों पर खर्च हो जो वास्तव में देश की नींव को मजबूत करते हैं।



अशोक मधुप
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

## मायावती का मिशन 2027: सोशल इंजीनियरिंग और एसआईआर के चक्रव्यूह से सत्ता वापसी की तैयारी

उत्तर प्रदेश की सियासी बिसात पर 2027 के विधानसभा चुनाव की आहट अभी से सुनाई देने लगी है। जहां समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव 'पीडीए' के नारे के साथ मिशन-2027 का बिगुल फूंक चुके हैं और सत्तारूढ़ भाजपा सत्ता की हैट्रिक लगाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पूरी ताकत झोंक रही है, वहीं बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती ने भी अपनी खामोश लेकिन बेहद मारक रणनीति पर काम शुरू कर दिया है। उत्तर प्रदेश की राजनीति जो पिछले कुछ समय से दो ध्रुवीय होती दिख रही थी, उसे मायावती एक बार फिर त्रिकोणीय बनाने की कवायद में जुट गई हैं। इस बार उनकी रणनीति सिर्फ नारों तक सीमित नहीं है, बल्कि वह जमीनी स्तर पर डेटा और 'सोशल इंजीनियरिंग' के घातक मिश्रण के साथ मैदान में उतर रही हैं। मायावती के लिए यह चुनाव केवल सत्ता का संघर्ष नहीं है, बल्कि पार्टी के अस्तित्व को बचाए रखने और दलित राजनीति की धुरी को फिर से अपने पाले में लाने की बड़ी चुनौती है।

मायावती ने इस बार अपने पत्ते बेहद सावधानी से खोले हैं। उन्होंने 2027 के लिए उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया में एक नया और तकनीकी मोड़ दिया है, जिसे 'एसआईआर' (मतदाता सूची पुनरीक्षण) अभियान से जोड़ा गया है। आम तौर पर पार्टियां चुनाव से ऐन पहले टिकट बांटती हैं, लेकिन बसपा ने पहले ही करीब 40-50 सीटों पर संभावित उम्मीदवारों को हरी झंडी दे दी थी। हालांकि, अब इस रणनीति में अचानक बदलाव किया गया है। मायावती ने अब उन नेताओं को तवज्जो देने का फैसला किया है जिन्होंने एसआईआर अभियान के दौरान बूथ स्तर पर सक्रियता दिखाई। पार्टी का मानना है कि चुनाव सिर्फ रैलियों से नहीं, बल्कि वोटर लिस्ट में अपने समर्थकों के नाम सुरक्षित रखने से जीते जाते हैं। मायावती ने करीब 15 हजार बूथ कमेटियों से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। इस रिपोर्ट का मकसद यह समझना है कि कहां उनके वोट बैंक में सेंध लगी है और कहां साजिश के तहत समर्थकों के नाम काटे गए। जो पदाधिकारी इन कटे हुए नामों को दोबारा जुड़वाने और बूथ को मजबूत करने के मोर्चे पर सफल रहे हैं, उन्हीं की दावेदारी अब टिकट के लिए पुख्ता मानी जाएगी।

बसपा की इस नई रणनीति के केंद्र में वह 'सोशल इंजीनियरिंग' है, जिसने 2007 में पार्टी को पूर्ण बहुमत की सरकार तक पहुंचाया था। मायावती एक बार फिर 'दलित-ब्राह्मण-मुस्लिम' गठजोड़ को जीवित करने की कोशिश कर रही हैं। उत्तर प्रदेश के बदलते सियासी समीकरणों के बीच मायावती यह समझ चुकी हैं कि केवल एक वर्ग के भरोसे सत्ता की कुर्सी तक नहीं पहुंचा जा सकता। इसीलिए उन्होंने हर विधानसभा सीट पर चार-चार दावेदारों का पैनल तैयार करवाया है। इन दावेदारों को उनकी जातीय पकड़ और स्थानीय समीकरणों के आधार पर परखा जा रहा है। मायावती ने मंडल और जोनल कोऑर्डिनेटरों को साफ निर्देश दिए हैं कि वे जातियों के गणित की सटीक रिपोर्ट दें। अगर किसी सीट पर दलित वोटों के साथ मुस्लिम या ब्राह्मण मतदाता निर्णायक भूमिका में हैं, तो वहां उसी समाज के मजबूत चेहरे को तलाशा जा रहा है। यह प्रक्रिया काफी गहरी है, जिसमें पहले क्षेत्र प्रभारी बनाया जाता है और फिर उसकी सक्रियता के आधार पर उसे प्रत्याशी घोषित किया जाता है।

मायावती का दिल्ली से लखनऊ और फिर लखनऊ से दिल्ली का दौरा भी इसी रणनीति का हिस्सा है। खासकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश, जहां बसपा का आधार हमेशा से मजबूत रहा है, वहां के समीकरणों को दुरुस्त करने की जिम्मेदारी मायावती ने खुद संभाली है। बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल का कहना है कि पार्टी इस बार किसी बड़े दल से गठबंधन के बजाय अपने दम पर चुनाव लड़ेगी। पार्टी का मानना है कि गठबंधन से उनके वोट दूसरे दलों को ट्रांसफर हो जाते हैं, लेकिन दूसरे दलों के वोट बसपा को नहीं मिलते। ऐसे में अपने पारंपरिक वोट बैंक को सहेजकर रखना और उसमें दूसरे वर्गों को जोड़ना ही सबसे सुरक्षित रास्ता है। मायावती अब उन बूथों पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं जहां पिछले चुनावों में बसपा का प्रदर्शन गिरा था। वह खुद जिलों से आने वाली एक-एक रिपोर्ट की समीक्षा कर रही हैं और इस बात पर जोर दे रही हैं कि जिन मतदाताओं के नाम सूची से कट गए हैं, उन्हें दोबारा हर हाल में जुड़वाया जाए।

इस पूरे अभियान का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा वह संदेश है जो मायावती अपने कार्यकताओं को दे रही हैं। वह लगातार बैठकों में इस बात का जिक्र कर रही हैं कि बसपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय के सिद्धांत पर काम करती है। समाजवादी पार्टी और भाजपा के बीच चल रही तकरार के बीच मायावती खुद को एक गंभीर और अनुशासित विकल्प के तौर पर पेश कर रही हैं। वह जानती हैं कि 2027 में सत्ता तक पहुंचने का रास्ता उन छोटी जातियों और समुदायों से होकर गुजरता है जो फिलहाल मुख्यधारा की राजनीति में उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। यही वजह है कि उनके टिकट वितरण में इस बार जातियों की केमिस्ट्री पर बहुत ज्यादा जोर दिया जा रहा है। एसआईआर अभियान से हुए नफे-नुकसान का आकलन कर उम्मीदवारों के चयन की यह पद्धति उत्तर प्रदेश की राजनीति में एक नया प्रयोग है, जो यह दर्शाता है कि मायावती अब पुरानी शैली को आधुनिक चुनावी प्रबंधन के साथ जोड़ रही हैं।

हालांकि, राह इतनी आसान भी नहीं है। उत्तर प्रदेश में दलित वोटों के लिए भाजपा और सपा दोनों ने ही बड़ी सेंधमारी की है। चंद्रशेखर आजाद जैसे नए युवा चेहरों ने भी दलित राजनीति में अपनी जगह बनाई है। ऐसे में मायावती का पुराना 'सोशल इंजीनियरिंग' फॉमूर्ला कितना कारगर होगा, यह बड़ा सवाल है। लेकिन मायावती का इतिहास रहा है कि वह जब भी खामोश होती हैं, तो किसी बड़े सियासी धमाके की तैयारी में होती हैं। उनके पास अपना एक समर्पित कैडर है जो आज भी उनके एक इशारे पर लामबंद हो जाता है। 2007 के करिश्मे को 2027 में दोहराने के लिए उन्होंने संगठन के ढांचे में बड़े बदलाव किए हैं और नए चेहरों को मौका दिया जा रहा है। ब्राह्मण और मुस्लिम उम्मीदवारों को बड़े पैमाने पर मैदान में उतारने की तैयारी यह संकेत देती है कि बसपा इस बार किसी भी हाल में चुनावी मुकाबले को दोतरफा नहीं होने देगी।

बहरहाल, 2027 का चुनाव बसपा के लिए करो या मरो की स्थिति जैसा है। मायावती की यह सूक्ष्म रणनीति, जिसमें बूथ लेवल की रिपोर्टिंग से लेकर जातीय समीकरणों का जटिल जाल बुना गया है, विपक्षी खेमों में हलचल पैदा करने के लिए काफी है। क्या मायावती फिर से वही पुराना जादू चला पाएंगी? क्या एसआईआर अभियान के जरिए तैयार की गई उम्मीदवारों की नई फौज बसपा की नैया पार लगा पाएगी? ये ऐसे सवाल हैं जिनका जवाब आने वाले समय की रैलियों और चुनावी माहौल में मिलेगा। फिलहाल तो हाथी अपनी मदमस्त चाल से अपनी मंजिल की ओर बढ़ता दिख रहा है, और मायावती की सोशल इंजीनियरिंग एक बार फिर यूपी की सियासत का सबसे चर्चित अध्याय बनने की ओर अग्रसर है। लखनऊ से लेकर दिल्ली तक जो बैठकों का दौर चल रहा है, उसका एक ही लक्ष्य है सत्ता के शिखर पर बसपा का दोबारा परचम लहराना।



संजय सक्सेना,लखनऊ

## दरिंदो की हुकूमत में

बेटियां महफूज नही होती दरिंदो की हुकूमत में,
लूट लिए जाते है उनकी आबरू खुले आसमानों में।
बेटियां देखती है सपने रात के अंधेरे में,
नही होती साकार सपने दिन के उजाले में।

बेटियां चाहती है उड़ना खुले आसमानों में,
तोड़ दी जाती है उनकी पंख कैद कर घरों में।
मंगलसूत्र की जंजीर पहनाई जाती है गले मे,
वह बंधन तोड़ नही पाती समाज व मुहल्ले में।
वह कभी निकल नही सकती घर की दरवाजे से,
क्योकि जकड़ दी जाती है वह पर्दे की पिछवाड़े से।

जब निकलती है घरों की दरवाजे से,
सामना होती है दरिंदो की नजरों से।
रात हो या दिन हो सहमी सी रहती है,
दरिंदो को देखकर मृत्यु को पुकारती है।
बेटियां महफूज नही होती दरिंदो की हुकूमत में,
लूट ली जाती है आबरू दिन के उजाले में।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# जिला सेवायोजन विभाग का दो दिवसीय रोजगार मेला सफल, 363 अभ्यर्थियों को मिला रोजगार

**समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर, 23 अप्रैल। जनपद में युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए जिला सेवायोजन कार्यालय गौतमबुद्धनगर एवं हरलाल इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय रोजगार मेला सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। यह मेला 21 और 22 अप्रैल 2026 को ग्रेटर नोएडा स्थित संस्थान परिसर में आयोजित किया गया।



## 63 कंपनियों की भागीदारी, सैकड़ों को मिला रोजगार

जिला सेवायोजन अधिकारी मनीषा अत्री के अनुसार, मेले में विभिन्न क्षेत्रों की 63 प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया और अभ्यर्थियों के साक्षात्कार किए। लगभग 2200 युवक-युवतियों ने रोजगार संगम पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण कराया था, जिनमें से 363 अभ्यर्थियों का विभिन्न कंपनियों में चयन किया गया।

## युवाओं को मिला बेहतर अवसर

मेले में स्नातक एवं स्नातकोत्तर उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को अपनी योग्यता के अनुरूप रोजगार प्राप्त करने का अवसर मिला। प्रतिभागियों ने विभिन्न कंपनियों के समक्ष साक्षात्कार देकर अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया।

## सकारात्मक प्रतिक्रिया, सराहनीय पहल

जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा आयोजित इस रोजगार मेले को अभ्यर्थियों और कंपनियों दोनों की ओर से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। इसे युवाओं को रोजगार से जोड़ने की दिशा में एक प्रभावी और सराहनीय पहल माना जा रहा है।

# हीट वेव से बचाव हेतु एडवाइजरी जारी, सतर्क रहने की अपील

**समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर, 23 अप्रैल। जनपद में बढ़ते तापमान और लू के प्रकोप को देखते हुए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण गौतमबुद्धनगर ने आमजन के लिए विस्तृत एडवाइजरी जारी की है। जिलाधिकारी ने नागरिकों से अपील की है कि वे सावधानी बरतें और स्वयं के साथ-साथ अपने आसपास के लोगों को भी सुरक्षित रखें।

अधिकारियों के अनुसार अधिक समय तक तेज धूप और गर्म हवाओं के संपर्क में रहने से लू लगने का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में लक्षण दिखाई देने पर तुरंत चिकित्सकीय सहायता लेना आवश्यक है। साथ ही सभी अस्पतालों, मॉल, विद्यालयों आदि में अग्नि सुरक्षा उपकरण और अग्निशमन प्रणाली को सक्रिय रखने के निर्देश भी दिए गए हैं।




अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अतुल कुमार के मार्गदर्शन में जारी इस एडवाइजरी की जानकारी जिला आपदा विशेषज्ञ ओमकार चतुर्वेदी ने दी।

**क्या करें**

- अधिक मात्रा में पानी पिएं, प्यास न लगने पर भी
- हल्के रंग के सूती वस्त्र पहनें
- धूप में निकलते समय चश्मा, टोपी, छाता का प्रयोग करें
- खुले में कार्य करते समय शरीर को ढककर रखें
- ओआरएस, नींबू पानी, लस्सी, छाछ जैसे पेय पदार्थ लें
- यात्रा के दौरान पानी साथ रखें
- लू से प्रभावित व्यक्ति को छाया में रखें और चिकित्सक से संपर्क करें
- घर को ठंडा रखें, पर्दों और वेंटिलेशन का उपयोग करें
- दिन के ठंडे समय में कार्य करने का प्रयास करें
- गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों का विशेष ध्यान रखें
- क्या न करें
- बच्चों और जानवरों को बंद गाड़ी में अकेला न छोड़ें
- दोपहर 12 से 3 बजे के बीच धूप में जाने से बचें
- भारी, तंग और गहरे रंग के कपड़े न पहनें
- अत्यधिक गर्मी में कठिन शारीरिक श्रम न करें
- बासी और संक्रमित भोजन से बचें

प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे एडवाइजरी का पालन कर हीट वेव के खतरे को कम करें और सुरक्षित रहें।

# प्राक्कलन समिति की बैठक संपन्न, योजनाओं की समीक्षा कर दिए गए आवश्यक निर्देश

**समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर, 23 अप्रैल। उत्तर प्रदेश विधान सभा की अठारहवीं विधान सभा की प्राक्कलन समिति (वर्ष 2025-26) की प्रथम उप समिति की बैठक विकास भवन सभागार में समिति के सभापति मुकेश चौधरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं और बजटीय प्रावधानों की विस्तृत समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में समिति सदस्य डॉ. मंजू शिवाच, लक्ष्मी राज सिंह, शाहिद मंजूर, विधायक दादरी तेजपाल नागर, भाजपा जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा सहित जिलाधिकारी मेधा रूपम, एडिशनल सीपी अजय कुमार, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवाकांत द्विवेदी और अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



## विभागों की व्यापक समीक्षा

बैठक में लोक निर्माण, परिवहन, औद्योगिक विकास प्राधिकरण (नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यमुना), स्वास्थ्य, ऊर्जा, खाद्य एवं रसद, पर्यटन, शिक्षा, सिंचाई, पंचायत सहित विभिन्न विभागों की प्रगति की गहन समीक्षा की गई।

## सड़क, सफाई और जल निकासी पर जोर

सभापति ने लोक निर्माण विभाग को सड़कों को गड्ढामुक्त, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण बनाने के निर्देश दिए। साथ ही प्राधिकरणों को साफ-सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने, कूड़ा निस्तारण, जलभराव की समस्या के समाधान, जल निकासी तंत्र मजबूत करने, एसटीपी क्षमता बढ़ाने और आधुनिक मशीनों के उपयोग को सुनिश्चित करने को कहा।

## स्वास्थ्य सेवाओं और योजनाओं पर निर्देश

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए आमजन को बेहतर और सुलभ चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने, पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड तेजी से वितरित करने और उपचार व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए गए।

## किसानों और जनहित पर फोकस

सिंचाई विभाग को नहर पटरी सड़कों की मरम्मत शीघ्र पूर्ण करने, खाद्य एवं रसद विभाग को वितरण प्रणाली पारदर्शी रखने तथा क्रय केंद्रों पर किसानों के लिए पेयजल, छाया और बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

## स्वयं सहायता समूहों के कार्यों की सराहना

एनआरएलएम की समीक्षा के दौरान स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार उत्पादों और उनकी आय पर चर्चा हुई। सभापति ने इनके कार्यों की सराहना करते हुए विपणन और आयवृद्धि के प्रयासों को और मजबूत करने पर बल दिया।

## समयबद्ध और पारदर्शी क्रियान्वयन पर जोर

सभापति ने सभी अधिकारियों को जनहित से जुड़ी योजनाओं को प्रभावी, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से लागू करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि सभी निदेशों का अनुपालन सुनिश्चित कर नियमित समीक्षा की जाएगी।

# विश्व मलेरिया दिवस पर जनपद में जागरूकता अभियान, छात्र बनेंगे 'मलेरिया वॉरियर्स'

**समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर, 23 अप्रैल। स्वास्थ्य विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा 25 अप्रैल 2026 को विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर जनपद में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि इस वर्ष अभियान का मुख्य संदेश ह्लमलेरिया को समाप्त करने का दृढ़ संकल्पः अब हम कर सकते हैं, अब हमें करना ही होगाह्व रखा गया है।

इस अभियान में स्वास्थ्य विभाग के साथ शिक्षा विभाग, पंचायतीराज विभाग तथा नोएडा प्राधिकरण, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण की सहभागिता रहेगी। स्कूलों और विभिन्न नागरिक समूहों के माध्यम से जनसहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

## विद्यालयों में विशेष कार्यक्रम

अभियान के अंतर्गत सभी सरकारी और निजी विद्यालयों में प्रार्थना सभा के दौरान छात्रों को मलेरिया के लक्षण और बचाव के उपाय बताए जाएंगे। साथ ही विद्यार्थी ह्यमलेरिया वॉरियर्सह्व के रूप में शपथ लेंगे कि वे अपने आसपास मच्छरों के पनपने वाले स्थानों की पहचान कर उन्हें समाप्त करेंगे।

## रैली, नुक्कड़ नाटक और प्रतियोगिताएं

जागरूकता बढ़ाने के लिए विद्यालयों द्वारा नुक्कड़ नाटक, रैलियां, पोस्टर और रंगोली प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इन गतिविधियों के माध्यम से लोगों को जलभराव रोकने और स्वच्छता बनाए रखने के प्रति प्रेरित किया जाएगा।

## नगर निकायों की भागीदारी

नगर पंचायत, नगर पालिका तथा विभिन्न प्राधिकरणों द्वारा भी शपथ कार्यक्रम और जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा गोष्ठियों, रैलियों और मलिन बस्तियों में विशेष अभियान चलाकर मलेरिया से बचाव के उपायों की जानकारी दी जाएगी। इस पहल को जनपद में मलेरिया नियंत्रण और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों का श्रम विभाग ने किया खंडन

**समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर, 23 अप्रैल। जनपद में सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रही भ्रामक खबरों को लेकर श्रम विभाग उत्तर प्रदेश ने स्पष्ट खंडन जारी किया है। अपर श्रमायुक्त राकेश द्विवेदी ने बताया कि 13 अप्रैल 2026 को हुई औद्योगिक अशांति के संदर्भ में बनाए गए वीडियो को काट-छांट कर गलत तरीके से प्रसारित किया जा रहा है, जो पूरी तरह असत्य और भ्रामक है। उन्होंने जानकारी दी कि उत्तर प्रदेश सरकार की राजाज्ञा संख्या 374/36-2-2026-2041256, दिनांक 17 अप्रैल 2026 के अनुसार जनपद में 74 अधिसूचित नियोजनों के लिए न्यूनतम मासिक वेतन निर्धारित किया गया है–

**अकुशल श्रमिकः 13,690 रुपये**
**अर्धकुशल श्रमिकः 15,059 रुपये**
**कुशल श्रमिकः 16,868 रुपये**

विभाग ने स्पष्ट किया कि इन निर्धारित दरों के अतिरिक्त किसी अन्य वेतन राशि के संबंध में किया जा रहा प्रचार पूरी तरह गलत और निराधार है।

इसके अलावा, कुछ संगठनों द्वारा यह भी भ्रामक जानकारी फैलाई जा रही है कि श्रम कार्यालय द्वारा सेवायोजकों पर पिछले दो वर्षों के ओवरटाइम भुगतान का दबाव बनाया जा रहा है। इस पर विभाग ने स्पष्ट किया कि वर्तमान में ऐसी कोई कार्यवाही प्रचलन में नहीं है और यह दावा भी पूरी तरह असत्य है।

श्रम विभाग ने उद्यमियों, श्रमिकों और आम नागरिकों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल आधिकारिक स्रोतों से प्राप्त जानकारी पर ही विश्वास करें।

# पॉक्सो अधिनियम के तहत 'सहायक व्यक्तियों' का पंजीकरण प्रारंभ

**समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर, 23 अप्रैल। जिला प्रोबेशन कार्यालय गौतमबुद्धनगर द्वारा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) 2012 एवं नियमावली 2020 के अंतर्गत ह्यसहायक व्यक्तियोंह्व के पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि इन सहायक व्यक्तियों का उद्देश्य पॉक्सो मामलों में बच्चों को सहायता और मार्गदर्शन प्रदान करना है। इसके लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

## पात्रता मानदंड

आवेदक उत्तर प्रदेश का मूल निवासी होना चाहिए
आयु 21 से 50 वर्ष के बीच हो
किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक डिग्री अनिवार्य

## कहां करें आवेदन

इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी जिला प्रोबेशन कार्यालय, प्रथम तल, पुरानी कोर्ट, फेस-2, नोएडा, गौतमबुद्धनगर में संपर्क कर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं तथा आवेदन जमा कर सकते हैं।

इस पहल को बाल संरक्षण से जुड़े मामलों में संवेदनशील और प्रभावी सहायता सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# नोएडा प्राधिकरण का बड़ा फैसला: 4800 कर्मियों को मिलेगा मेडिकल इंश्योरेंस लाभ

**समाज जागरण संदीप गर्ग**

नोएडा। नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने श्रमशक्ति आपूर्तित कर्मियों के हित में बड़ा निर्णय लेते हुए लगभग 4800 कर्मचारियों के लिए चिकित्सा बीमा सुविधा को मंजूरी प्रदान की है। इस योजना के तहत एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी को मेडिकल इंश्योरेंस उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।



## बोर्ड बैठक में लिया गया था निर्णय

यह महत्वपूर्ण निर्णय प्राधिकरण की 215वीं बोर्ड बैठक (26 अक्टूबर 2024) में अनुमोदित किया गया था, जिसके बाद अब इसे लागू कर दिया गया है।

## परिवार सहित मिलेगा लाभ

इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक कर्मी को उसके परिवार के अधिकतम 5 आश्रित सदस्यों सहित प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक की चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए प्रति कर्मी लगभग 10,000 रुपये वार्षिक प्रीमियम का भुगतान किया जाएगा।

## ईएसआई सीमा के बाद मिली राहत

प्राधिकरण में कार्यरत ये कर्मी ईएसआई की निर्धारित 21,000 रुपये की वेतन सीमा पार करने के कारण उस सुविधा से वंचित हो गए थे। इसके बाद से ही कर्मियों द्वारा मेडिकल सुविधा की मांग की जा रही थी।

## पहले दिन से ही मिलेगा इलाज

चयनित बीमा कंपनी द्वारा पॉलिसी लागू होते ही पहले दिन से ही इलाज की सुविधा उपलब्ध होगी। इसमें गंभीर बीमारियों का उपचार भी शामिल रहेगा और नोएडा व दिल्ली के अधिकांश अस्पतालों में इसका लाभ लिया जा सकेगा।

## एमओयू पर हस्ताक्षर

23 अप्रैल 2026 को प्राधिकरण, बीमा कंपनी और श्रम आपूर्तिकर्ता एजेंसियों के बीच औपचारिक समझौता (एमओयू) किया गया। इस निर्णय को श्रमशक्ति आपूर्तित कर्मियों के लिए एक ऐतिहासिक और राहतभरा कदम माना जा रहा है।

# इकोटेक-3 पुलिस की कार्रवाई: चोरी के सामान सहित तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**समाज जागरण संदीप गर्ग**

गौतमबुद्धनगर। इकोटेक-3 थाना पुलिस ने चोरी के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक डीसीएम वाहन समेत भारी मात्रा में चोरी का लोहे का सामान बरामद किया है।




पुलिस के अनुसार, 22 अप्रैल 2026 को स्थानीय खुफिया सूचना के आधार पर चेकिंग के दौरान ग्राम देवला की ओर जाने वाली सर्विस रोड से तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में दानिश, सलमान और नितीश उर्फ सूरज शामिल हैं।

## बरामदगी में वाहन सहित लोहे का सामान

अभियुक्तों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त डीसीएम वाहन (पंजीकरण संख्या UP16KT1947) को सीज किया गया है। इसके अलावा 31 चैनल लोहे के तथा 71 जैक लोहे के सामान बरामद किए गए हैं।

# दनकौर पुलिस की कार्रवाई: टोल बूथ मारपीट प्रकरण में दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**समाज जागरण संदीप गर्ग**

नोएडा/दनकौर। दनकौर थाना पुलिस ने यमुना एक्सप्रेसवे स्थित टोल बूथ पर कर्मचारियों के साथ मारपीट और धमकी के मामले में दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार, यमुना एक्सप्रेसवे के जेवर टोल प्लाजा के सहायक प्रबंधक द्वारा दी गई तहरीर में बताया गया था कि 21 अप्रैल 2026 को कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने रैप टोल बूथ पर पहुंचकर कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज, मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इस पर थाना दनकौर में धारा 115(2), 351(3) व 352 भारतीय न्याय संहिता के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।




## लोकल इंटेलिजेंस से मिली सफलता

23 अप्रैल को स्थानीय खुफिया सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चपरगढ़ टोल के पास से दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया।

# टीएमयू स्टुडेंट्स के स्किल्स डवलपमेंट को एनआईआईटी फाउंडेशन संग एमओयू साइन

**समाज जागरण**

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के सेंटर फॉर टीचिंग, लर्निंग एंड डवलपमेंट- सीटीएलडी की ओर से स्टुडेंट्स के कौशल विकास और रोजगार को बढ़ावा देने को एनआईआईटी फाउंडेशन के संग एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। कुलपति प्रो. वीके जैन की गरिमामयी मौजूदगी में टीएमयू की ओर से डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन, जबकि एनआईआईटी फाउंडेशन की ओर से नेशनल प्रोग्राम हेड श्री अखिलेश शर्मा ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर सीटीएलडी के निदेशक प्रो. पंकज कुमार सिंह, एनआईआईटी के रीजनल मैनेजर श्री निलेश खन्ना, कंटी हेड डॉ. चारु कपूर,डॉ. अमित कंसल, डॉ. वैभव रस्तोगी, डॉ. दिलीप दत्त वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।



एनआईआईटी फाउंडेशन के नेशनल प्रोग्राम हेड श्री अखिलेश शर्मा ने कहा, आज के समय में शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि युवाओं में नेतृत्व क्षमता, व्यावहारिक कौशल और रोजगार योग्यता विकसित करना है। इस साझेदारी से क्षेत्रीय स्तर पर युवाओं को बेहतर प्रशिक्षण, रोजगार के अवसर और आजीविका के साधन उपलब्ध होंगे। इस एमओयू के तहत दोनों संस्थान मिलकर स्टुडेंट्स के लिए साइबर सिक्योरिटी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, कम्युनिटी हेल्थ, सोशल अवेयरनेस और फाइनेंशियल अवेयरनेस जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में पाठ्यक्रम उपलब्ध कराएंगे।

# हनुमंत कथा में लगा बाला जी का दिव्य दरबार बाला जी महाराज ने भक्तों की अर्जी सुनी

- हमें भारत में रहकर कर हिंदू विरोधियों के खिलाफ डंका बजाना है, पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री
- कुछ ठठरी के लोग हमारा विरोध इसलिए करते हैं क्योंकि हमने हिंदू जगाया है पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री
- संसार में भगवान का नाम ही जीवन का सार है *पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी
- हिंदू राष्ट्र के लिए सनातन धर्म की विजय पताका फहराने के लिए हमारा जन्म हुआ है, पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री
- भजन सम्राट हंस राज रघुवंशी के भजनों पर झूमे भक्त गण

**समाज जागरण**

प्रयागराज। प्रयाग उत्थान समिति के अध्यक्ष डाक्टर उदय प्रताप सिंह के द्वारा श्रीं बागेश्वर धाम सरकार की अरैल क्षेत्र में आयोजित राष्ट्र हनुमंत कथा के तृतीय दिवस पर पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री जी महाराज ने व्यासपीठ से भक्तों को कथा श्रवण कराते हुए सुंदर काण्ड का वर्णन करते हुए कहा कि हनुमान जी का स्वाभाव है जिन मोहिं मोरा तिन मोहि मारा और आगे कहा कि मनुष्य इसलिए दुखी हैं क्योंकि मनुष्य अपने मूल से भटक गया है "आए थे हम हरि भजन को तोरन लागे कपास" इसलिए याद रखना मूल में भूल करोंगे तो आप जी नहीं पाओगे और मंजिल नहीं पाओगे और माया में भटकते रहोगे इसलिए याद रखना हिंदू राष्ट्र के लिए सनातन धर्म की विजय पताका फहराने के लिए हमारा जन्म हुआ है और जब हम इसकी बात करते हैं तो कुछ ठठरी के लोग हमारा विरोध इसलिए करते हैं क्योंकि हमने हिंदू जगाया है और कहा कि संसार में भगवान का नाम ही जीवन का सार है क्योंकि माया तो गंध माधव ही सुंगध है इसलिए लगन बाला जी सरकार से लगाओ भूत पिशाच मार भगाओं और वर्तमान में जिओ और दुख भगवान पर छोड दो।



आगे कहा कि आज हिंदू ही हिंदू का विरोध कर रहा है और जो हिन्दू हो कर हिंदू का विरोध कर रहा हमको तो खोट दिख रहा है। और कहा हनुमान जी लंका में जाकर डंका बजा दिया और हमें हनुमान जी की तरह हमें भारत में रहकर कर हिंदू विरोधियों के खिलाफ डंका बजाना है।

*समिति के प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने बताया कि कथा के पूर्व शाम 4 00 बजे से 7 बजे तक बाबा बागेश्वर धाम पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी ने बाला जी सरकार का दिव्य दरबार लगाया और बाला जी सरकार के द्वारा स्वीकार किया गए भक्तों की अर्जी पर उनके संकटों से मुक्ति के लिए उपाय बताए जो उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ ,राजस्थान प्रदेश के कई जिलों से आए हुए थे। इस अवसर भजन सम्राट हंस राज रघुवंशी जी ने अपने भजनों की शानदार प्रस्तुति की भजन श्रवण कर भक्तगण मद मस्त हो गए

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य संयोजक डा उदय प्रताप सिंह ने आए हुए सभी अतिथियों का अंगवस्त्र पहनाकर एवं बाला जी सरकार हनुमान जी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया

जीवन रामायण बसाओगे तो महाभारत जीवन प्रवेश करेगा (नितीश भारद्वाज)

इस अवसर कथा के दौरान महाभारत सीरियल कृष्ण का किरदार निभाने वाले नितीश भारद्वाज ने कहा कि जीवन में रामायण आएगा तो महाभारत कभी प्रवेश नहीं करेगा

कथा के विश्राम दिवस पर , कथा में आए सभी परमार्थ निकेतन के चिदानंद मुनि महाराज,मंहत श्याम सुंदर पराशर और अन्य अतिथियों ने आरती की और इस भव्य में आयोजन के लिए प्रयाग उत्थान समिति की प्रति आभार जताया है। और अंत में भक्तगण बाबा बागेश्वर सरकार जी के लिए अर्जी लगाते हुए हनुमान चालीसा और आरती के साथ तीसरे दिन की कथा सम्पन्न हुआ

*कथा के मुख्य यजमान डा उदय प्रताप सिंह सपरिवार ने आरती किया

इस अवसर महापौर गणेश केसरवानी पूर्व सांसद रीता बहुगुणा जोशी पूर्व विधायक उदय भान करवरिया, नीरज त्रिपाठी, कुमार नारायण,विनय प्रताप सिंह, अजीत सिंह, धीरेंद्र प्रताप सिंह ,राजेश केसरवानी अनुराग सिंह,अभिषेक ठाकुर, प्रदीप पांडे,दिलीप चतुर्वेदी, आलोक केसरवानी पार्षद राकेश जायसवाल, निखिल पांडे, शिवम अग्रहरी, गगन दास गुप्ता,शत्रुघ्न जायसवाल अनामिका दास, आदि समिति के कार्यकर्ता सेवा कार्य में जुटे रहे।

# स्योहारा पुलिस का खुलासा: जंगल में युवक की हत्या का पदार्फाश, दो आरोपी गिरफ्तार





मृतक का फोटो

**समाज जागरण**

बिजनौर। जनपद के स्योहारा थाना क्षेत्र में हुई युवक की हत्या के मामले का पुलिस ने सफलतापूर्वक खुलासा कर दिया है। थाना प्रभारी संजय कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

**लापता होने से शुरू हुई जांच**

मामले की शुरूआत 19 अप्रैल 2026 को हुई, जब ग्राम बेरेखड़ा टांडा निवासी सुरेन्द्र सिंह ने अपने 22 वर्षीय पुत्र मनोज कुमार उर्फ मोनू के लापता होने की सूचना दी। इस पर थाना स्योहारा में भारतीय न्याय संहिता की धारा 140(1) के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर जांच प्रारंभ की गई।

**तकनीकी साक्ष्यों से मिला सुराग**

थाना प्रभारी संजय कुमार के निर्देशन में पुलिस ने करीब 20 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और गहन जांच के बाद दो संदिग्धों की पहचान की। गिरफ्तार आरोपियों में अनुज कुमार (निवासी शरीफपुर) और नितिन कुमार (निवासी कादराबाद खुर्द) शामिल हैं। साक्ष्यों के आधार पर मामले में हत्या से संबंधित धाराएं 103(1) व 238 भी जोड़ी गईं।

**नशे में विवाद बना हत्या की वजह**

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि 17 अप्रैल की रात नवादा चुंगी के पास तीनों साथ बैठकर शराब का सेवन कर रहे थे। बाद में वे जंगल की ओर चले गए, जहां नशे की हालत में आपसी विवाद बढ़ गया। इसी दौरान गुस्से में आकर आरोपियों ने मनोज कुमार की गला दबाकर हत्या कर दी।

**शव और साक्ष्य छिपाने का प्रयास**

हत्या के बाद आरोपियों ने शव तथा मृतक की मोटरसाइकिल (संख्या: UP20BZ9138) को जंगल में छिपा दिया, जिससे पुलिस को गुमराह किया जा सके।

**मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तारी**

23 अप्रैल 2026 को मुखबिर की सटीक सूचना पर पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उनकी निशानदेही पर मृतक का शव, चप्पल और मोटरसाइकिल बरामद की गई। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

**पुलिस कार्यशैली की सराहना**

इस पूरे प्रकरण में स्योहारा पुलिस की सक्रियता, त्वरित कार्रवाई और पेशेवर जांच की क्षेत्र में व्यापक सराहना हो रही है। पुलिस की इस सफलता से आमजन में विश्वास और सुरक्षा की भावना और मजबूत हुई है।

# गंगा विहार कॉलोनी के निवासियों ने मुख्यमंत्री से लगाई गुहार: "कॉलोनी में घर लिया है, गांव में नहीं; फिर ग्रामीण बिजली क्यो

**दैनिक समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**










जनपद बिजनौर नजीबाबाद (बुंदकी रोड) नगर की पॉश कॉलोनियों में शुमार होने का सपना देख रही गंगा विहार कॉलोनी के निवासियों का सब्र अब जवाब दे गया है। लंबे समय से बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे यहां के उपभोक्ताओं ने अब सीधा मुख्यमंत्री दरबार में दस्तक दी है। निवासियों ने एक शिकायती पत्र भेजकर कॉलोनी की विद्युत आपूर्ति को ग्रामीण ट्यूबवेल लाइन से हटाकर शहरी फीडर से जोड़ने की मांग की है।

**शहरी टैक्स, ग्रामीण सप्लाई: उपभोक्ताओं में भारी निराशा**

मुख्यमंत्री को भेजी गई शिकायत में निवासियों ने कड़ा विरोध दर्ज कराते हुए कहा कि उन्होंने अपने जीवन भर की जमा पूंजी लगाकर इस कॉलोनी में घर इसलिए खरीदा था ताकि उन्हें बेहतर नागरिक सुविधाएं मिल सकें। लेकिन वर्तमान में स्थिति यह है कि कॉलोनी की पूरी विद्युत व्यवस्था को पास के गांव की ट्यूबवेल लाइन से जोड़ दिया गया है उपभोक्ताओं का तर्क है, "हमने विकसित कॉलोनी में घर लिया है, किसी खेत या गांव में नहीं। बावजूद इसके हमें खेती-किसानी वाली बिजली लाइन पर निर्भर रखा जा रहा है, जहाँ न तो वोल्टेज का कोई ठिकाना है और न ही आपूर्ति के घंटों का समस्याओं का अंबार: पढ़ाई से लेकर सुरक्षा तक प्रभावित शिकायतकताओं ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि ट्यूबवेल लाइन से जुड़े होने के कारण:

अघोषित कटौती: दिन-रात घंटों बिजली गुल रहती है।

उपकरणों का नुकसान लो-वोल्टेज के कारण घरों के कीमती इलेक्ट्रॉनिक उपकरण (फ्रीज, एसी, आरओ) फुंक रहे हैं सुरक्षा का संकट: शाम ढलते ही स्ट्रीट लाइटें न जलने से कॉलोनी में अंधेरा पसर जाता है, जिससे सुरक्षा का खतरा बढ़ गया है बिल्डर और स्थानीय प्रशासन पर मिलीभगत का आरोप निवासियों का आरोप है कि कॉलोनी काटते समय उनसे 'शहरी सुविधाओं' के बड़े-बड़े वादे किए गए थे, लेकिन धरातल पर बिजली, सड़क और पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। उपभोक्ताओं ने मांग की है कि इस पूरे मामले की जांच कराई जाए कि किस नियम के तहत एक आवासीय कॉलोनी को ट्यूबवेल लाइन से जोड़ा गया।

**आगे की रणनीति**

कॉलोनी के जागरूक नागरिकों का कहना है कि यदि मुख्यमंत्री कार्यालय के हस्तक्षेप के बाद भी बिजली विभाग ने कॉलोनी को शहरी लाइन से नहीं जोड़ा, तो वे सामूहिक रूप से जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करेंगे और सूचना का अधिकार (RTI) के माध्यम से विभाग की जवाबदेही तय करेंगे।

प्रमुख मांग: गंगा विहार कॉलोनी को तत्काल 'ग्रामीण ट्यूबवेल लाइन' से काटकर 'नजीबाबाद शहरी फीडर' से जोड़ा जाए।

# जनगणना 2027 के प्रथम चरण के प्रगणको, पर्यवेक्षकों के प्रशिक्षण आयोजन

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर जिलाधिकारी जसजीत कौर के दिशा निर्देशन एवं अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह की अध्यक्षता में आज आरजीपी इंटर कॉलेज में फील्ड ट्रेनर्स द्वारा प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को जनगणना 2027 के प्रथम चरण को पूर्ण सुव्यवस्थित, निष्पक्ष एवं निर्वाध रूप से संपन्न करने के लिए प्रशिक्षण उपलब्ध कराया गया।

अपर जिलाधिकारी श्रीमती वान्या सिंह ने बताया कि फील्ड ट्रेनर्स द्वारा जनगणना कर्मियों को प्रशिक्षण देते हुए जनगणना कि महत्ता और जनगणना प्रक्रिया की बारीकियां समझायी गयीं। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि जनगणना केवल आंकड़ों का संकलन नहीं है, बल्कि यह देश की योजनाओं और नीतियों के निर्माण का आधार भी है। इसलिए प्रत्येक जानकारी को पूरी सावधानी और सटीकता के साथ दर्ज करना बेहद आवश्यक है।

इस अवसर पर जिला जनगणना प्रभारी अधिकारी बिजनौर जे.पी. यादव ने कहा कि जनगणना कार्य एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय जिम्मेदारी है, जिसे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ निभाना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी कार्मिक समयबद्ध तरीके से कार्य पूरा करें और किसी भी प्रकार की लापरवाही से बचें तथा फील्ड में आने वाली समस्याओं का समाधान आपसी समन्वय से किया जाए। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्मिकों ने जनगणना 2027 को सफल बनाने के लिए पूर्ण समर्पण और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का सामुहिक संकल्प लिया।

# विश्व पृथ्वी दिवस पर अपना दल (एस) द्वारा वृक्षारोपण अभियान, अनुप्रिया पटेल का संदेश

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर। विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर अपना दल (एस) द्वारा जनपद बिजनौर में व्यापक वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र चौधरी के नेतृत्व में कार्यकताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में सरदार लाभ सिंह, जुबैर, आसिफ, वकील अहमद, किशोर, सत्यम चौधरी, अजीत सिंह, रमेश, नरेश, दुष्यन्त सिंह, अयान, सलाउद्दीन, सूरज कुमार सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण कर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया और उनकी देखभाल की जिम्मेदारी भी ली।

इस अवसर पर पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल का संदेश भी साझा किया गया। अपने संदेश में उन्होंने कहा–

पृथ्वी हमारी धरोहर है, इसे सुरक्षित रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। वृक्षारोपण को जनआंदोलन बनाना होगा, तभी हम आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण दे पाएंगे।

जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र चौधरी ने कहा कि आज बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के दौर में वृक्षारोपण सबसे बड़ा समाधान है और अपना दल (एस) जनहित के ऐसे कार्यों में लगातार अग्रणी भूमिका निभाता रहेगा। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकताओं ने संकल्प लिया कि लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करेंगे और अधिक से अधिक लोगों को इस मुहिम से जोड़ेंगे। पेड़ लगाओ, पृथ्वी बचाओ के नारों के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# पढ़ाई छोड़ झाडू क्यों?—कंपोजिट विद्यालय शेखुपुर हुसैनपुर में बच्चों से सफाई का मामला गरमाया

**समाज जागरण मुस्कान खान**



जनपद बिजनौर मंडावर। मो.पुर देवमल विकास खंड के शेखुपुरा हुसैनपुर स्थित कंपोजिट विद्यालय से सामने आए बच्चों द्वारा झाड़ू लगाने के मामले ने अब तूल पकड़ लिया है। पहले सामने आए वीडियो के बाद अब नई जानकारी ने पूरे प्रकरण को और गंभीर बना दिया है।

बताया जा रहा है कि विद्यालय की इंचार्ज फोन तक नहीं उठा रही हैं, जिससे जवाबदेही पर सवाल खड़े हो रहे हैं। वहीं स्कूल के ही एक कर्मचारी दीपक, जिन्होंने फोन उठाया, ने स्वीकार किया कि बच्चों से तो सफाई करवा ही लेते हैं। इस बयान के सामने आने के बाद मामला और ज्यादा संवेदनशील हो गया है। अभिभावकों और स्थानीय लोगों में इसको लेकर भारी नाराजगी है। उनका कहना है कि बच्चे स्कूल पढ़ने के लिए आते हैं, न कि झाडू लगाने के लिए। सवाल यह भी उठ रहा है कि यदि यही काम किसी सरकारी शिक्षक के अपने बच्चों से कराया जाए, तो क्या वे इसे स्वीकार करेंगे?

सरकार एक ओर जहां हर बच्चा स्कूल आए और मुफ्त शिक्षा जैसी योजनाओं को बढ़ावा दे रही है, वहीं दूसरी ओर इस तरह की घटनाएं उन दावों की हकीकत पर सवाल खड़े करती हैं। सुबह-सुबह स्कूल पहुंचते ही बच्चों से सफाई करवाना क्या शिक्षा का हिस्सा है या फिर व्यवस्था की लापरवाही?

अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि इस पूरे मामले की जिम्मेदारी कौन लेगा? क्या शिक्षा विभाग इस पर कोई ठोस कार्रवाई करेगा, या फिर यह मामला भी अन्य मामलों की तरह ठंडे बस्ते में चला जाएगा?

# स्योहारा में गरमाई सियासत: सीपीआई(एम) का राज्यपाल को ज्ञापन, जन आंदोलनों के दमन का आरोप

**समाज जागरण मुस्कान खान**






बिजनौर/स्योहारा। जनपद के स्योहारा में राजनीतिक माहौल उस समय गरमा गया, जब भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) ने प्रदेश में जन आंदोलनों के कथित दमन और लोकतांत्रिक अधिकारों के हनन का आरोप लगाते हुए राज्यपाल को ज्ञापन भेजा।

पार्टी नेताओं का कहना है कि प्रशासन द्वारा किसानों, मजदूरों और विभिन्न संगठनों के शांतिपूर्ण आंदोलनों को दबाया जा रहा है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि आम जनता की जायज मांगों को उठाने वाले धरना-प्रदर्शनों पर रोक लगाई जा रही है, जबकि सत्ताधारी दल से जुड़े कार्यक्रमों को आसानी से अनुमति मिल रही है, जिससे लोकतांत्रिक व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न खड़े हो रहे हैं।

**मजदूर और किसान मुद्दों की अनदेखी का आरोप**

ज्ञापन में कहा गया कि न्यूनतम वेतन, कार्य के घंटे और श्रम कानूनों के पालन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों की अनदेखी की जा रही है। इन विषयों पर आवाज उठाने वालों के खिलाफ कार्रवाई, गिरफ्तारी और उत्पीड़न की शिकायतें भी सामने आई हैं।

# आर्म्स एक्ट मामले में सख्ती: भाजपा नेता के घर नोटिस चस्पा

**दैनिक समाज जागरण**

असमोली। जनपद के असमौली थाना क्षेत्र में आर्म्स एक्ट के एक मामले में पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए आरोपी के घर नोटिस चस्पा किया है। पुलिस के इस कदम से क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति रही।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, कोटगरवी निवासी राजेश सिंगल पुत्र जानकी प्रसाद सिंगल के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है। आरोप है कि उन्होंने अपने शस्त्र लाइसेंस का दुरुपयोग करते हुए हथियार किसी अन्य व्यक्ति को सौंप दिया और उसकी फोटो भी भिजवाई, जो नियमों के विरुद्ध है।

पुलिस के मुताबिक, आरोपी को कई बार नोटिस जारी कर शस्त्र को थाने में जमा कराने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन उन्होंने बार-बार आदेशों की अनदेखी की और हथियार जमा नहीं कराया।

गुरुवार को थाना प्रभारी मोहित कुमार पुलिस टीम के साथ आरोपी के आवास पर पहुंचे और विधिवत नोटिस चस्पा किया। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि यदि आरोपी जल्द ही आदेश का पालन नहीं करता है, तो उसके खिलाफ आगे की कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी ने कहा कि आर्म्स एक्ट के नियमों का उल्लंघन किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा और ऐसे मामलों में सख्ती से कार्रवाई जारी रहेगी।

# जमीन कब्जे को लेकर मारपीट, जान से मारने की धमकी का आरोप

**दैनिक समाज जागरण**



संभल। असमोली थाना क्षेत्र के गांव निवौला निवासी शगुन चौधरी ने थाना प्रभारी को प्रार्थना पत्र देकर गांव के कुछ लोगों पर जमीन पर अवैध कब्जा करने, मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

प्रार्थना पत्र के अनुसार, शगुन चौधरी पुत्र स्व. महेश कुमार ने बताया कि उसने अपने गाटा संख्या 261 की करीब तीन बीघा जमीन, जो गांव निवौला में स्थित है, को बेच दिया था। आरोप है कि इस बात की जानकारी होने पर गांव के ही नोनिहाल सिंह, धर्मपाल सिंह, चंद्रक चौधरी, पूजा देवी, विनीता देवी व राजकुमार आदि ने उसकी जमीन पर दबंगई के बल पर कब्जा करना शुरू कर दिया। इतना ही नहीं, आरोपियों ने उसके घर की जमीन पर भी कब्जा कर रखा है।

पीड़ित का कहना है कि 23 अप्रैल 2026 को सुबह करीब 10 बजे जब उसने आरोपियों को जमीन पर कब्जा करने से रोका तो वे गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

शगुन चौधरी ने बताया कि वह किसी तरह अपनी जान बचाकर थाने पहुंचा और पुलिस को पूरी घटना से अवगत कराया। उसने पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

थाना प्रभारी मोहित चौधरी का कहना है कि तहरीर के आधार पर कर लिया है मामले की जांच की जा रही है और जांच की जा रही है जांच के आधार पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# हत्या के बाद शव पेड़ से लटकाने का आरोप, कार्रवाई न होने पर पीड़ित ने लगाई गुहार

**दैनिक समाज जागरण**

संभल। असमोली थाना क्षेत्र के गांव खेमपुर निवासी रोवी पुत्र स्वर्गीय पप्पू सिंह ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि उसके भाई कपिल की हत्या कर शव को पेड़ से लटका दिया गया, लेकिन अब तक पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है।

प्रार्थना पत्र के अनुसार, 19 अप्रैल शनिवार की शाम करीब 8 बजे कपिल पुत्र स्वर्गीय पप्पू सिंह को गांव देहरी जग्गू की मिलक निवासी एक व्यक्ति ने फोन कर किसी बहाने अपने घर बुलाया। आरोप है कि वहां पहले से मौजूद युवक ने अपने छह साथियों के साथ मिलकर कपिल को लात-घूंसों से बेरहमी से पीटा और गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी।

पीड़ित के अनुसार, घटना को छिपाने के उद्देश्य से आरोपियों ने कपिल के शव को खेत में खड़े पिलखन के पेड़ पर अंगोछे के सहारे लटका दिया, ताकि मामला आत्महत्या जैसा प्रतीत हो। घटना की सूचना कपिल की सगी बुआ सशीबाला निवासी देहरी जग्गू की मिलक ने फोन पर दी।

सूचना मिलने पर रोवी अपने परिजनों के साथ मौके पर पहुंचा और थाना असमोली पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पेड़ से उतरवाया, पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पीड़ित का कहना है कि पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन दिया था, लेकिन पोस्टमार्टम के बाद जब वह रिपोर्ट दर्ज कराने थाने पहुंचा तो उसकी तहरीर लेकर रख ली गई और अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई।

पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया है कि नामजद आरोपी लगातार उसे और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। उसने आशंका जताई है कि आरोपी किसी भी समय उसके परिवार के साथ गंभीर घटना को अंजाम दे सकते हैं।

पीड़ित ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने और परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

# होमगार्ड भर्ती परीक्षा-2025: निष्पक्षता के लिए डीएम-एसपी ने परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण

संभल। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित होमगार्ड इनरोलमेंट भर्ती परीक्षा-2025 को निष्पक्ष, पारदर्शी और शुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से प्रशासन सतर्क हो गया है। इसी क्रम में जिलाधिकारी



डॉ. राजेंद्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने परीक्षा केंद्र राजकीय महाविद्यालय सम्भल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। यह लिखित परीक्षा 25, 26 और 27 अप्रैल 2026 को आयोजित की जानी है।

**व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान**

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने परीक्षा कक्षों का निरीक्षण किया और साफ-सफाई को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। साथ ही कक्षों में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया।

**बिजली व इंटरनेट व्यवस्था के निर्देश**

पुलिस अधीक्षक ने निर्देशित किया कि परीक्षा केंद्र पर विद्युत आपूर्ति निर्बाध रहे तथा इंटरनेट व्यवस्था भी सुचारु रूप से उपलब्ध हो, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो।

**इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर पूर्ण प्रतिबंध**

जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि परीक्षा केंद्र पर किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, जैसे मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी आदि की अनुमति नहीं होगी। इस नियम का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

**सुरक्षा और निगरानी पर जोर**

अधिकारियों ने परीक्षा केंद्र पर आवागमन व्यवस्था, स्ट्रांग रूम और सीसीटीवी कैमरों की निगरानी व्यवस्था का भी निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**अधिकारी रहे मौजूद**

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह, उप जिलाधिकारी निधि पटेल सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# हाई टेंशन लाइन के करंट से संविदा लाइनमैन की मौत। परिजनों तथा ग्रामीणों में मचा हड़कंप।

**दैनिक समाज जागरण**

संभल। असमोली थाना क्षेत्र के गांव खबरी भोला निवासी ओमकार पुत्र हरकिशोर उम्र 30 वर्ष संविदा पर लाइनमैन के पद पर हजरत गढ़ी थाना क्षेत्र के वराही बिजली घर पर कार्यरत है। आज सुबह करीब 9 से



मृतक ओमकार का फाइल फोटो



10 बजे के बीच बरही बिजली घर से शट-डाउन, लेकर शाहपुर चमारन, सैंधरी मार्ग पर महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज स्कूल के पास में खंबे पर हाई टेंशन लाइन सही करने के लिए ओंकार चढ़े थे अचानक बिजली घर से लाइट छोड़ दी गई खंबे पर चढ़े ओमकार को हाई टेंशन लाइट का जबरदस्त झटका लगते ही धड़ाम से नीचे आ गीरे लाइन मैन ओमकार की मौके पर ही मौत हो गई।

और वहां स्कूल के आसपास लोगों की भीड़ जमा हो गई। किसी ने संविदा लाइनमैन ओमकार के परिजनों तथा पुलिस को सूचना दे दी। सूचना मिलते ही मौके पर हजरत नगर गढ़ी पुलिस तथा परिजन तथा ग्रामीण मौके पहुंच गए। परिजनों ने शव देखते ही विलाप करना शुरू कर दिया और बिजली विभाग के खिलाफ परिजनों तथा ग्रामीण में आक्रोश पनप गया परिजनों तथा ग्रामीणों ने बिजली विभाग के अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग रखी। मगर बिजली विभाग का कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा।व मुश्किल पुलिस ने परिजनों को समझकर ओमकार के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार

संविदा लाइनमैन ओमकार की शादी लगभग 8 साल पहले हुई थी जिसके दो बच्चे हैं एक लड़का रुद्रा पाल 5 वर्ष तथा दूसरी लड़की दिव्यांशी 3 वर्ष कि है। उधर पत्नी रूबी उर्फ कमलेश तथा मां सरोज देवी का रो-रोकर बुरा हाल है बिजली घर छोड़कर भागे ऑन ड्यूटी बिजली कर्मचारी।

जैसे ही संविदा लाइनमैन ओमकार के हाई टेंशन लाइन के करंट से गिरकर मरने की सूचना वराही बिजली घर पहुंची। तो ऑन ड्यूटी कर्मचारी बिजली घर बंद कर कर भाग गए अब देखना यह होगा कि इसका जिम्मेदार कौन है जब संविदा लाइनमैन शटडाउन लेकर खंबे पर चढ़ा था और उसके बाद भी लाइन पर लाइट छोड़ दी गई।

जिससे संविदा लाइनमैन ओमकार की करंट लगाकर नीचे गिरकर मौके पर मौत हो गई।

# नशे के खिलाफ सख्ती: स्कूलों, कॉलेजों और चौराहों तक चलेगा जागरूकता अभियान

**समाज जागरण**



बहजोई।जनपद में नशे के बढ़ते खतरे को देखते हुए प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। गुरुवार को कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया और पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई की संयुक्त अध्यक्षता में नारकोटिक्स एनकॉर्ड से संबंधित महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिला आबकारी अधिकारी ने प्रमुख बिंदुओं पर जानकारी देते हुए ड्रग्स के खिलाफ चल रहे अभियानों की समीक्षा प्रस्तुत की। मानस पोर्टल और ड्रग्स से जुड़ी शिकायतों के लिए जारी हेल्पलाइन नंबर 1933 के व्यापक प्रचार-प्रसार पर जोर दिया गया। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि पंपलेट छपवाकर हर थाना, चौकी, स्कूल और प्रमुख चौराहों पर चस्पा किए जाएं, ताकि आमजन तक जानकारी पहुंचे।

प्रशासन ने अवैध शराब और मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने के लिए सख्ती बढ़ाने के निर्देश दिए। व्यापार कर और आबकारी विभाग को संयुक्त रूप से राजमार्गों और अन्य जनपदों से आने वाले मार्गों पर संदिग्ध वाहनों की सघन चेकिंग करने को कहा गया।

बैठक में मेडिकल स्टोरों पर भी निगरानी बढ़ाने का निर्णय लिया गया। डॉक्टरों को निर्देशित किया गया कि मनःप्रभावी दवाओं का प्रिस्क्रिप्शन एक सप्ताह से अधिक का न लिखें। इंजेक्शन के माध्यम से नशा लेने की प्रवृत्ति पर भी चिंता जताते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।

सामाजिक और आध्यात्मिक संस्थाओं जैसे गायत्री परिवार और ब्रह्मकुमारी प्रजापिता के सहयोग से एक युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान को तेज करने पर भी चर्चा हुई। विशेष रूप से डिग्री कॉलेजों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि हर विद्यालय में नशा मुक्ति अभियान चलाया जाए और प्रार्थना सभाओं में छात्रों को इसके दुष्परिणामों के बारे में बताया जाए।

इसके बाद अभियोजन कार्यों की समीक्षा बैठक भी आयोजित हुई, जिसमें बीएनएस, पॉक्सो एक्ट, एससी/एसटी एक्ट, महिला अपराध और गुंडा एक्ट से जुड़े मामलों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) प्रदीप वर्मा, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) सौरभ कुमार पाण्डेय, अपर पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह एवं मनोज कुमार रावत, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. तरुण पाठक सहित कई प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# छात्रों को कराया योग के साथ ध्यान मुद्रा का अभ्यास

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) शहर के श्री सत्यनारायण इंटर कॉलेज में चल रहे योग शिविर के तहत छात्रों ने योग के साथ-साथ ध्यान मुद्रा का अभ्यास भी किया। इस अवसर पर छात्रों ने अपने अनुभव साझा किए और बताया कि



ध्यान से उनका मानसिक संतुलन बेहतर हुआ है। गुरूवार को महर्षि वैदिक यूनिवर्सिटी, नीदरलैंड्स द्वारा चेतना आधारित शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने कहा कि ध्यान और योग हमारे देश की प्राचीन धरोहर हैं, जिनका अभ्यास ऋषि-मुनि वर्षों से करते आए हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि ऋषि-मुनियों की स्मरण शक्ति इतनी मजबूत होती थी कि वे वेदों को कंठस्थ रखते थे। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे रोज 10 से 15 मिनट ध्यान करें, जिससे उनकी स्मरण शक्ति में वृद्धि होगी और मानसिक शांति भी मिलेगी। मौके पर विवेक विद्यानाथन, तमिलनाडु, रमेश पांडे और रोहित भट्ट उत्तराखण्ड, और रविशंकर बहार शामिल थे। संचालन अनिल कुमार कश्यप और छवि शर्मा द्वारा किया गया।

# सरस्वती बालिका विद्या मंदिर में विश्व पुस्तक दिवस धूमधाम से मनाया गया

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) शहर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर में विश्व पुस्तक दिवस बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में कपिल ने पुस्तकों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पुस्तकें ज्ञान का भंडार होती हैं और यह हमारे जीवन को सही दिशा प्रदान करती हैं। कपिल ने छात्राओं को नियमित रूप से अध्ययन करने और अच्छी पुस्तकों को अपना मित्र बनाने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य रविन्द्र कुमार ने कहा कि पुस्तकें हमारे व्यक्तित्व के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।उन्होनले सभी छात्राओं को पुस्तक पढ़ने की आदत विकसित करने के लिए प्रेरित किया और पुस्तकालय के अधिकतम उपयोग पर बल दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षकगण और छात्राएं भी उपस्थित रहे।

# ट्रैक्टर सवार ने मां बेटे को मारी टक्कर, विरोध करने पर मारपीट

**समाज जागरण शामली।(फुरकान जंग)**

क्षेत्र के गांव लिलौन में ट्रेक्टर सवार सवार मां-बेटे को टक्कर मारकर गाली गलौच की। आरोप है कि विरोध करने पर उक्त लोगों ने मां-बेटों को मार पीटकर घायल कर दिया। परिजनों ने शहर कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव लिलौन निवासी महताब अली पुत्र इसाक अली ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गत शाम उसका बेटा साकिब और पत्नी गुडडी के साथ ट्रेक्टर पर सवार होकर खेत के लिए गए थे। आरोप है कि रास्ते में गांव के ही संजीव व रामकिशन दो अज्ञात लोगों के साथ कार में सवार होकर आये और ट्रेक्टर में टक्कर मारकर गाली गलौच की। बाद में घर के बाहर पहुंचने पर उक्त लोगों ने मारपीट की और मां-बेटे को घायल कर दिया। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीडित ने कोतवाली पुलिस से मामले में जांच कर कार्यवाही की मांग की है।

# ऑनलाइन ठगी से युवक के खाते से 1.05 लाख रुपये पार, थाने में दी तहरीर

**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)**

कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी एक युवक के बैंक खाते से साइबर ठगों द्वारा ऑनलाइन ठगी कर ली। ठगों ने युवक के खाते से दो अलग-अलग ट्रांजैक्शन कर 95 हजार रुपयों निकाल लिए। पीड़ित ने थाने पहुंचकर तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी आस मोहम्मद ने बताया कि गुरुवार सुबह उसके मोबाइल फोन पर दो एसएमएस प्राप्त हुए। पहले संदेश में 49 हजार रुपये और दूसरे में 46 हजार रुपये खाते से कटने की सूचना मिली। अचानक खाते से इतनी बड़ी रकम निकलने की जानकारी मिलते ही उसके होश उड़ गए।पीड़ित तत्काल बैंक पहुंचा और मामले की जानकारी ली, लेकिन वहां से उसे कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिल सका। बैंक कर्मियों ने आशंका जताई कि यह मामला साइबर ठगी से जुड़ा हो सकता है। इसके बाद पीड़ित थाने पहुंचा और साइबर सेल को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।पीड़ित का कहना है कि उसने किसी अज्ञात कॉल या लिंक पर जानकारी साझा नहीं की, फिर भी उसके खाते से रकम कट गई, जिससे वह काफी परेशान है।पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है और साइबर ठगों की तलाश में जुटी हुई है।

# हत्या का मुकदमा दर्ज कराने की मांग, पूर्व मंत्री कें आवास पर पहुंचे दर्जन लोग

कांधला।(फुरकान जंग)

थाना क्षेत्र के गांव जसाला निवासी 30 वर्षीय युवक की हुई मौत के बाद परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए कार्रवाई न होने पर गुरुवार को पूर्व मंत्री वीरेंद्र सिंह के आवास पर पहुंचकर हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। थाना क्षेत्र के गांव जसाला निवासी राजवीर का 30 वर्षीय पुत्र चार दिन पूर्व गांव पंजोखरा के निकट रेलवे ट्रैक के पास गंभीर हालत में पड़ा मिला था। युवक की एक टांग कटी हुई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती



कराया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत नाजुक देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया था। मेरठ के अस्पताल में उपचार के दौरान बुधवार को युवक की मौत हो गई थी।शव पीएम होने के बाद गांव पहुंचने पर परिजनों ने गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया था।इसके बाद देर रात परिजन थाने पहुंचे और हंगामा करते हुए मामले में हत्या की आशंका जताई, लेकिन कार्रवाई न होने से नाराज होकर गुरुवार को दर्जनों ग्रामीणों के साथ पूर्व मंत्री वीरेंद्र सिंह के आवास पर पहुंचे। दर्जनों ग्रामीण और पीड़ित परिजनों ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग उठाई। पूर्व मंत्री ने पुलिस अधिकारियों से फोन पर वार्ता कर मामले में निष्पक्ष जांच और हर संभव कार्रवाई का आश्वासन दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है जांच का उचित कार्रवाई की जाएगी।

# अभिषेक मित्तल ने जेईई मेन्स परीक्षा किए 94.39 पर्सेंट अंक प्राप्त

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) शहर के सेंट आरसी कॉन्वेंट स्कूल छात्र अभिषेक मित्तल ने जेईई मेनस 2026 परीक्षा में 94.39 परसें प्राप्त कर विद्यालय और अपने परिवार का नाम गर्व से रोशन किया है।



विद्यालय के सभी शिक्षकगण और प्रधानाचार्या उजमा जैदी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की और अभिषेक की सफलता पर हर्ष जताया। प्रधानाचार्या कहा सफलता वही प्राप्त करते हैं, जो अपने लक्ष्य को पहले से निर्धारित कर निरंतर परिश्रम करते हैं। लक्ष्य के प्रति समर्पण और सतत प्रयास ही सफलता की कुंजी है। कहा कि अभिषेक की सफलता न केवल विद्यालय का नाम रोशन करती है, बल्कि अभिभावकों का भी मान बढ़ाती है और समाज में उनका सम्मान बढ़ाता है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति गंभीर होकर निरंतर प्रयास करने की सलाह दी। अभिषेक के माता-पिता, प्रीति मित्तल और कुमार मित्तल ने अपने पुत्र की सफलता पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यार्थियों की सफलता में अभिभावकों के साथ-साथ विद्यालय और शिक्षकों का भी महत्वपूर्ण योगदान होता है। अभिषेक मित्तल की सफलता ने विद्यालय और उसके छात्रों को यह संदेश दिया है कि मेहनत, समर्पण और निरंतर प्रयास से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

# धूमधाम से मनाया विधारम्भ संस्कार कार्यक्रम

**समाज जागरण**

शामली। शहर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जूनियर हाई स्कूल शिशु वाटिका में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यारम्भ संस्कार कार्यक्रम बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस आयोजन में कक्षा अरुण के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने शिक्षा की ओर अपना पहला कदम बढ़ाया और जीवन में ज्ञान प्राप्ति के पहले चरण का श्रीगणेश किया।



शिक्षा की मुख्यधारा में प्रवेश करने से पहले बच्चों के बौद्धिक और मानसिक विकास के लिए विद्यारम्भ संस्कार अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस पावन अवसर पर कार्यक्रम की शुरूआत प्रधानाचार्या पल्लवी ऐरन, संजय सैनी, रविंद्र कुमार, प्रबंध समिति अध्यक्ष चंचल गोयल और मीनाक्षी शर्मा द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई। कार्यक्रम का संचालन स्वाति जैन ने किया। पल्लवी ऐरन ने बताया कि धर्म ग्रंथों के अनुसार संस्कारों और शिक्षा से व्यक्ति का जीवन संवर जाता है और विद्यारम्भ संस्कार, सोलह संस्कारों में दसवें स्थान पर आता है। यह संस्कार बच्चों को शिक्षा की ओर प्रेरित करता है, जिससे उनका बौद्धिक और मानसिक विकास सुनिश्चित होता है। मीनाक्षी शर्मा ने बताया कि हिन्दू धर्मशास्त्रों में भी विद्यारम्भ संस्कार की अनिवार्यता बताई गई है, जैसा कि मनुस्मृति में उल्लेखित है। मौके पर बिंदिया बिंदल ने श्रीराम भजन प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर सोनी, रूबी, काजल, नीतू, चांदनी, सोमदत्त शर्मा, रुचि, राशि सारिका, स्वाति बंसल, प्रियंका, मनु सहित मौजूद रहे।

# सरकारी कार्यालय के शौचालय में लगे गंदगी के अंबार

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) विकास भवन स्थित जिला पंचायत राज अधिकारी व दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी के कार्यालय से अटैच बने शौचालयों में गंदगी का अंबार लगा होने से कर्मचारियों के साथ साथ फरयादियों को भारी दुश्वारियों का सामना करना पड रहा है। शौचालय में अटी गदंगी के कारण बदबू बाहर कार्यालयों तक फैल रही है। इन दिनों विकास भवन में फरयादियों और कर्मचारियों को मूलभूत सुविधाओं के न मिलने से भारी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। जिला पंचायत राज अधिकारी व दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी के कार्यालय से अटैच बने शौचालयों में गंदगी का अंबार लगा होने से कर्मचारियों के साथ साथ फरयादियों को भारी



दुश्वारियों का सामना करना पड रहा है। उक्त शौचालय में यूरिय शौच के लिए सभी पाईन लाईन टूटी पडी है। जिससे पेशाब करने तक के लिए लोग उक्त शौचालय का प्रयोग नही कर पाते है। वही तीन टोयलेट बनी है, जिसमें तीनों की हालत बेहद खराब है। शौचालयों में गंदगी अटी पडी है, जिस कारण यहां कार्य करने वाले कर्मचारियों को शौच करने के लिए दूर दराज जाना पडता है। वही महिला फरयादी संगीता, मुनेश देवी, इशरत आदि ने बताया कि महिलाओं के लिए शौचालय के लिए कोई सुविधा नही है। उन्हे खुले में शौच करने को मजबूर होना पडता है। उन्होने अधिकारियों पर शिथिलता बरते जाने का आरोप लगाते हुए बने शौचालयों की साफ सफाई कराकर उनको शुरू कराने की मांग की है।

# हीटवेब के चलते सड़कों पर चलना हुआ मुश्किल, गर्मी ने तोडा रिकॉड

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) गुरूवार को अब तक का सबसे अधिक तापमान रहने से पिछले सारे रिकॉर्ड तोड दिए गए। दिनभर चली हीटवेब के चलते लोगों का सडकों पर चलना मुश्किल रहा। सवेरे 10 बजे से ही गर्म हवाओं का दौर शुरू हो गया था। स्कूल, कालेज जाने वाले छात्र-छात्राओं को परेशानियां हुई। असहनीय तेज धूप के कारण लोग घरों में दुबके रहे और जरूरी कामों से ही घर से बाहर निकलते। हीटवेब के प्रकोप को देखते हुए बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा।

गुरूवार को मौसम का अधिकतम तापमान 41 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सैल्सियस रहा। यह



तापतान इतना अधिक था कि अप्रैल के महीने में पिछले कई वर्षो में सबसे अधिक तापतान दर्ज किया गया। गर्मी का प्रकोप इस कदर था कि सवेरे 10 बजे से ही गर्म हवाओं का दौर शुरू हो गया था जो धीरे धीरे इतना भीषण हो गया था कि दोपहर 12 बजे धूप की तेज तपिश और गर्म हवाओं के थपेडों के कारण सडकों पर निकलना मुश्किल हो रहा था। भीषण गर्मी के प्रकोप को देखते हुए लोग घरों से कम ही निकले और जरूरी काम पूरा करने के बाद लोग घरों में जाकर दुबक गए। बाजारों और चौराहों पर सन्नाटा पसरा रहा।

सबसे अधिक परेशानी स्कूल, कालेज जाने वाले छात्र-छात्राओं को हुई। छात्राऐं तेज धूप की तपिश से बचने के लिए मुंह पर कपडा बांधकर निकली। गुरूवार को दिन अब तक का सबसे गर्म दिन साबित हुआ। मौसम वैज्ञानिकों की माने तो आगामी दिनों में और अधिक तापमान बढने की आशंका है, जिससे लोगों को गर्मी के प्रकोप से बचने की जरूरत है। चिकित्सकों ने भी लोगों से अपने स्वास्थ्य की देखभाल करने की सलाह दी है।

# स्मार्ट मीटर योजना बनी उपभोक्ताओं के लिए परेशानी का सबक

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) स्मार्ट मीटर योजना अब उपभोक्ताओं के लिए एक बड़ी परेशानी का कारण बन चुकी है। जिसका उद्देश्य पारदर्शिता और सुविधा प्रदान करना था, वही आज यह नीति मध्यवर्गीय और दैनिक आय पर निर्भर परिवारों के लिए आर्थिक और मानसिक बोझ बन गई है। इस विरोध को लेकर उघोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश संयुक्त महामंत्री गौरव रुहेला, प्रदेश उपाध्यक्ष युवा नमन गोयल और जिला अध्यक्ष शुभम गर्ग के नेतृत्व में गुरूवार को शहर के व्यापारीयों ने अधीक्षण अभियंता के कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया।

व्यारियों ने अधीक्षण अभियंता को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर व्यापारीयों ने मांग की कि प्रीपेड मीटर की अनिवार्यता को समाप्त किया जाए और इसे उपभोक्ता की स्वीकृति के आधार पर लगाया जाए। मांग की कि उपभोक्ता को प्रीपेड मीटर की 5 साल की गारंटी दी जाए और उसका गारंटी कार्ड मीटर लगाते समय



उपलब्ध कराया जाए। प्रीपेड मीटर लगाने के समय उपभोक्ता को उसके संचालन से संबंधित मैन्युअल उपलब्ध कराया जाए। प्रीपेड मीटर लगाए जाते समय उपभोक्ता के मोबाइल में संबंधित ऐप डाउनलोड करने की व्यवस्था की जाए। सीलिंग सर्टिफिकेट मौके पर उपभोक्ता को दिए जाएं और ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड किया जाए। प्रीपेड मीटर के तेज चलने की शिकायतों के लिए एक स्वतंत्र लैब की स्थापना की जाए, जहां उपभोक्ता अपने मीटर की जांच कर सके और रिपोर्ट के आधार पर बिलिंग में सुधार किया जाए। नए विद्युत कनेक्शन के लिए एस्टीमेट के नाम पर भारी अनियमितताओं पर रोक लगाई जाए और उपभोक्ता को कार्यालय बुलाए जाने की व्यवस्था समाप्त की जाए।

प्रीपेड मीटर के पोर्टल को इतना प्रभावी बनाया जाए कि पैसे की राशि जमा होने पर तुरंत पोर्टल पर दिखे और कनेक्शन को 5 मिनट में पुनः चालू किया जा सके। इस अवसर पर कंन्हैया संगल, विनोद गोत्रा, संजीव, सतीश संगल, जावेद अंसारी, सचिन शर्मा, सागर, अंकुर, रोबिन संगल, यूनिस, राहुल नामदेव उपस्थित रहे।

# गैस सिलेंडर में लीकेज से घर में लगी भीषण आग, लाखों का सामान जलकर राख

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

थाना क्षेत्र की इदरीश बैग बिहार कॉलोनी में गुरुवार सुबह गैस सिलेंडर में लीकेज होने से एक मकान में भीषण आग लग गई। आग लगने से लाखों रुपये का घरेलू सामान जलकर राख हो गया, जबकि रसोई में खाना बना रही महिला मामूली रूप से झुलस गई।



थाना क्षेत्र के इदरीश बैग बिहार कॉलोनी निवासी आरिफ मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता है। गुरुवार सुबह उसकी पत्नी सुनेना घर में गैस सिलेंडर पर खाना बना रही थी। इसी दौरान अचानक गैस लीकेज हो गई और चिंगारी लगते ही आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरे मकान को अपनी चपेट में ले लिया।

आग लगने से घर में रखा फर्नीचर, कपड़े, बर्तन और अन्य घरेलू सामान पूरी तरह जलकर नष्ट हो गया। आग की चपेट में आने से सुनेना भी मामूली रूप से झुलस गई, जिसे परिजनों द्वारा नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। आग लगने पर आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत कर किसी तरह आग पर काबू पाया। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और पीड़ित परिवार से जानकारी ली। पीड़ित परिवार ने प्रदेश सरकार से आर्थिक सहायता दिलाए जाने की मांग की है।

# पुलिस ने 2 घंटे में गुमशुदा बालिका को सकुशल किया बरामद, परिजनों को सौंपा

**समाज जागरण**
**शामली।(फुरकान जंग)**

महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत थाना आदर्श मंडी पुलिस ने सराहनीय कार्य करते हुए महज दो घंटे में गुमशुदा 5 वर्षीय बालिका को सकुशल बरामद कर लिया। बालिका के सुरक्षित मिलने पर परिजनों ने राहत की सांस ली और पुलिस टीम का आभार जताया।पुलिस अधीक्षक शामली एन.पी. सिंह के निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान- के तहत जिले में लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में गुरुवार को कस्बा बनत के मोहल्ला आजादनगर निवासी एक 5 वर्षीय बालिका सुबह घर के बाहर खेलते समय अचानक रास्ता भटक गई। काफी देर तक घर न लौटने पर परिजनों ने आसपास तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा।इसके बाद परिजनों ने तत्काल थाना आदर्शमंडी पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस हरकत



में आई और तुरंत टीम गठित कर कस्बा बनत व आसपास के क्षेत्रों में सघन चेकिंग और खोज अभियान शुरू किया गया। स्थानीय लोगों से पूछताछ के साथ संभावित स्थानों पर तेजी से तलाशी ली गई।पुलिस की तत्परता का परिणाम रहा कि सूचना मिलने के मात्र दो घंटे के भीतर ही बालिका को कस्बा बनत क्षेत्र से सकुशल बरामद कर लिया गया। इसके बाद बालिका को सुरक्षित उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।पुलिस ने आमजन से अपील की है कि इस प्रकार की किसी भी आपात स्थिति में तत्काल नजदीकी थाना या डायल-112 पर सूचना दें, जिससे समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। शामली पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि जनसुरक्षा के लिए इस तरह की त्वरित और संवेदनशील कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# अनाथ बच्चों की शिक्षा के लिए आगे आया किसान जागृति ट्रस्ट

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

क्षेत्र के गांव जसाला में सामाजिक सरोकार का एक प्रेरणादायक उदाहरण सामने आया है। यहां किसान जागृति ट्रस्ट द्वारा अनाथ बच्चों की शिक्षा के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान करते हुए समाज में मानवता का संदेश दिया गया। ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने लक्षित चौहान, आरुष चौहान व दो वर्षीय मासूम मिश्री के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए उनके संरक्षक प्रदीप सिंह को दस हजार की सहयोग राशि का चेक भेंट किया।बताया कि तीनों बच्चे पारिवारिक परिस्थितियों के चलते शिक्षा से वंचित होने की कगार पर थे। इस स्थिति को देखते हुए किसान जागृति ट्रस्ट ने पहल करते हुए उनकी पढ़ाई जारी रखने का जिम्मा उठाया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने भी इस कार्य की



सराहना करते हुए इसे समाज के लिए एक अनुकरणीय पहल बताया। इस मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष मैनपाल चौहान ने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है, जिससे किसी भी बच्चे का भविष्य संवर सकता है। उन्होंने कहा कि समाज के सक्षम लोगों को जरूरतमंद और असहाय बच्चों की मदद के लिए आगे आना चाहिए, ताकि कोई भी बच्चा संसाधनों के अभाव में अपनी पढ़ाई बीच में न छोड़े। ट्रस्ट के सचिव सुरेंद्र पाल सिंह ने कहा कि संस्था का उद्देश्य केवल आर्थिक सहायता देना ही नहीं, बल्कि समाज में जागरूकता फैलाना भी है, जिससे अधिक से अधिक लोग इस तरह के नेक कार्यों में भागीदारी निभाएं।कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत सदस्य जवान सिंह, बाबू ईसम सिंह, राजपाल सिंह बलवा, रामपाल बलवा, सतगामा के थाबेदार अनिल चौधरी, भवर सिंह, रमेश, मैनपाल आढ़ती, टीनू सहित दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# नाबालिग से छेड़छाड़ के आरोपी वृद्ध को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

थाना क्षेत्र में नाबालिग के साथ छेड़छाड़ के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी वृद्ध को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर लोगों में विश्वास बढ़ा है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने थाने पर तहरीर देकर बताया था कि उसकी नाबालिग पुत्री घर के बाहर खड़ी थी। इसी दौरान गांव का ही एक वृद्ध वहां पहुंचा और उसने नाबालिग पर फब्तियां कसते हुए अश्लील हरकतें शुरू कर दीं। आरोपी की इस हरकत से घबराई नाबालिग ने शोर मचा दिया, जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना के बाद पीड़ित




पिता ने तत्काल थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ तहरीर दी और सख्त कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस टीम ने लगातार दबिश देते हुए गुरुवार को आरोपी रामपाल पुत्र मेघराज निवासी गांव रसूलपुर गुजरान को गिरफ्तार कर लिया। थाना पुलिस ने आरोपी को आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे मामलों में आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# पेड़ काटकर हम अपनी ढाल तोड़ रहे हैं': विश्व हिंदू महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री शौकेंद्र खोखर*

## पर्यावरण बचाने की शपथ, बोले- विकास के नाम पर लाखों पेड़ों की दी गई कुबार्नी

**समाज जागरण बड़ौत।**



नगर के दिल्ली-सहारनपुर रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में बृहस्पतिवार को प्रेस वार्ता करते हुए विश्व हिंदू महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री एवं तेजस्वी बिल्डर के डायरेक्टर शौकेंद्र खोखर बदरखा ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि हमें गांव-गांव तक पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलानी होगी। शौकेंद्र खोखर ने कहा, "जमीनों से पेड़ काटकर हम धूप से लड़ाई नहीं जीत सकते। अगर हम लोगों को शुद्ध वातावरण और शुद्ध हवा लेनी है तो हमें प्रकृति को बचाना है और पेड़ों की सुरक्षा करनी है। हम पेड़ काटकर अपनी ढाल ही तोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें सौगंध खानी है कि हम पर्यावरण के साथ प्रकृति के साथ छेड़खानी नहीं करेंगे। आज हम खुले में सांस ले रहे हैं तो यह सब पेड़-पौधों की देन है। उन्होंने कहा कि बीते बरस इस बात के जीते-जागते सबूत हैं कि देश में लाखों की तादाद में विकास योजनाओं के नाम पर पेड़ों की कुबार्नी दी गई है और यह सिलसिला लाख जन विरोध के बावजूद बेरोकटोक जारी है। "विज्ञान के अनुसार सूरज हर 11 करोड़ साल में एक फीसदी गर्म हो रहा है। इससे बचने का एक ही प्रकृति तरीका है धरती पर पेड़ और घास के मैदान बचाना जो कार्बन सोखते हैं। जबकि हकीकत यह है कि हम पेड़ काटकर अपनी ढाल ही तोड़ रहे हैं। शौकेंद्र खोखर ने कहा कि ऊपर से तापमान तप रहा है, गर्म लू चल रही है, सड़कें गर्मी के कारण तप रही हैं। जगह-जगह सड़कों पर दौड़ने वाले वाहन आग का गोला बनकर जल रहे हैं। ऐसे में पेड़-पौधों की रक्षा करना हम सब का कर्तव्य बनता है। उन्होंने अपील की कि सभी सम्मानित समाजसेवी और गणमान्य लोग घर-घर तक यह संदेश पहुंचाएं। "आइए हम सब लोग इसका संकल्प लेकर गर्मी में पेड़-पौधों में पानी की सिंचाई करें और उनकी रक्षा करें।" उन्होंने कहा कि लोगों ने प्रकृति बचाओ आंदोलन भी चलाए, मगर पर्यावरण के प्रति जागरूकता कुछ समय तक ही सीमित रह गई। अब हमें इस आंदोलन की रूपरेखा बनाकर पर्यावरण को बचाने का संकल्प लेना है।

# बड़का हिलवाड़ी में घटिया सामग्री से बनी सड़क, हाथों से उखड़ रही; शुक्रवार से धरने की चेतावनी

## समाजसेवी आनंद कश्यप का आरोप- मानक के अनुसार नहीं हुआ कार्य, अफसरों पर लापरवाही का आरोप; बोले- तसल्ली तक चलेगा प्रदर्शन

**समाज जागरण बड़ौत।**

तहसील क्षेत्र के बड़का हिलवाड़ी गांव के मेन रोड पर चल रहे सड़क निर्माण में घटिया सामग्री इस्तेमाल करने का आरोप लगा है। समाजसेवी आनंद कश्यप ने कहा कि 2 दिन पहले बनाई गई सड़क हाथों से ही उखड़ रही है। आनंद कश्यप का कहना है कि सड़क का कार्य मानक के अनुसार नहीं किया गया। जब इस संबंध में सड़क निर्माण विभाग के अधिकारियों से बात की तो उन्होंने कहा कि "जो तुमसे होता है वह कर लेना, सड़क बन चुकी है।" उन्होंने आरोप लगाया कि इस सड़क निर्माण में विभाग के अधिकारी भी लिप्त है। समाजसेवी आनंद कश्यप ने चेतावनी दी कि अगर सड़क निर्माण विभाग ने इस पर संज्ञान नहीं लिया तो ग्रामवासी उनके नेतृत्व में सड़क के बीच बैठकर धरना-प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि अब अधिकारियों की मनमानी पूरी नहीं होने दी जाएगी। शुक्रवार से सड़क पर बैठकर धरना-

प्रदर्शन शुरू किया जाएगा और जब तक निर्माण कार्य पूरी तसल्ली के साथ नहीं होता तब तक धरना जारी रहेगा।

# एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जरी: रीढ़ की समस्याओं का कम चीरे वाला आधुनिक इलाज , मरीज कुछ घंटों में चलने लगते हैं

## छोटे चीरे से स्लिप डिस्क-साइटिका का इलाज, कम दर्द-तेज रिकवरी; मैक्स हॉस्पिटल के डॉ. अजय प्रजापति बोले- हर मरीज के लिए नहीं उपयुक्त

**समाज जागरण बड़ौत।**

आज के समय में कमर और गर्दन का दर्द सबसे आम स्वास्थ्य सम स्याओं में से एक बन गया है। लंबे समय तक बैठकर काम करना और सेडेंटरी लाइफस्टाइल के कारण स्लिप डिस्क और नसों पर दबाव जैसी स्पाइन से जुड़ी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसे में एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जरी एक आधुनिक और मिनिमली इनवेसिव तकनीक के रूप में उभरकर सामने आई है। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, वैशाली के मैक्स इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरो साइंसेज के न्यूरो एवं स्पाइन सर्जरी विभाग के सीनियर कंसल्टेंट डॉ. अजय प्रजापति ने बताया कि एंडो स्कोपिक स्पाइन सर्जरी में सर्जन एक पतली ट्यूब जैसे उपकरण, जिसे एंडोस्कोप कहा जाता है, की मदद से बहुत छोटे चीरे के जरिए रीढ़ तक पहुंचते हैं। उन्होंने कहा, "इस एंडोस्कोप में कैमरा और लाइट लगी होती है, जिससे सर्जन स्क्रीन पर प्रभावित हिस्से को रियल टाइम में स्पष्ट रूप से देख सकते हैं। इसे ऐसे समझा जा सकता है जैसे पूरे दीवार को तोड़ने की बजाय एक छोटे से छेद से कमरे के अंदर की समस्या को ठीक किया जाए। इस तकनीक का मुख्य उद्देश्य दर्द के मूल कारण का सटीक इलाज करना और आसपास के स्वस्थ हिस्सों को



सुरक्षित रखना है। एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जरी का उपयोग आमतौर पर स्लिप डिस्क, सायटिका या नसों पर दबाव, स्पाइनल स्टेनोसिस और लंबे समय से बने रहने वाले कमर या पैर के दर्द जैसी स्थितियों में किया जाता है। हालांकि, डॉ. अजय ने स्पष्ट किया कि यह तकनीक हर मरीज के लिए उपयुक्त नहीं होती और इसके लिए डॉक्टर द्वारा विस्तृत जांच आवश्यक है। इस प्रक्रिया का सबसे बड़ा फायदा यह है कि छोटे चीरे लगते हैं और निशान भी बहुत कम रहता है। मांसपेशियों को कम नुकसान होता है, ऑपरेशन के बाद दर्द कम होता है और अस्पताल में रहने की अवधि भी कम होती है। कई मामलों में मरीज सर्जरी के कुछ घंटों के भीतर चलने-फिरने लगते हैं और पारंपरिक सर्जरी की तुलना में जल्दी रिकवरी होती है। डॉ. अजय ने बताया, "हालांकि हर मेडिकल प्रक्रिया की तरह इसमें भी कुछ जोखिम होते हैं, लेकिन नई तकनीकों ने इसे काफी सुरक्षित बना दिया है। हाई-डेफिनिशन विजुअलाइजेशन की मदद से सर्जन अधिक सटीकता के साथ ऑपरेशन कर पाते हैं।"

उन्होंने कहा कि स्पाइन से जुड़ी समस्याएं आज तेजी से बढ़ रही हैं, लेकिन समय पर पहचान और सही इलाज से बेहतर परिणाम संभव हैं। सही जानकारी और समय पर विशेषज्ञ से परामर्श लेना, स्वस्थ और सक्रिय जीवन बनाए रखने के लिए बेहद जरूरी है।

# जमीअत उलेमा ए हिंद के तत्वावधान में बागपत में 22वां रक्तदान शिविर आयोजित

## २५ लोगों ने किया रक्तदान, कहा- 'रक्तदान ही महादान'

### मदरसा इजहारूल उलूम में लगा शिविर, ब्लड बैंक टीम ने की सराहना




**समाज जागरण बागपत।**

जरत मौलाना सैय्यद मेहमूद मदनी साहब सदर जमीअत उलेमा ए हिंद व मौलाना हकीमुद्दीन साहब कासमी जनरल सेक्रेटरी जमीअत उलेमा ए हिंद की टीम द्वारा जमीअत उलेमा जिला बागपत की ओर से मदरसा इजहारूल उलूम में 22वें रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का समापन जमीअत सर्व समाज रक्तदान के हैड इंचार्ज व बागपत के नायब सदर मुफ्ती शाह आलम की निगरानी में हुआ। उन्होंने कहा कि रक्तदान ही महादान है। इससे बड़ा पुण्य का कार्य कोई नहीं है। जमीअत रक्तदान इंचार्ज मुफ्ती अहसान कासमी ने कहा कि ये रक्तदान आपसी भाईचारा और इंसानियत का कार्य है। ऐसे शिविरों की वजह से जरूरतमंदों को आसानी से ब्लड मिल जाता है। शिविर में मुफ्ती असजद कासमी, मुफ्ती रईस मजाहिरी समेत 25 लोगों ने रक्तदान किया। शिविर के आयोजन में नायब सदर मुफ्ती शाह आलम, मुफ्ती अहसान, मुफ्ती रईस मजाहिरी, मौलाना शाहिद मजाहिरी, मुफ्ती असजद , कारी मुस्तफा, कारी मतलूब, कारी साजिद व भाई सईद का खास सहयोग रहा।बागपत ब्लड बैंक की इंचार्ज डॉ. ऐश्वर्या, डॉ. प्रीति, डॉ. प्रशांत, परवीन, डॉ. योगेश कुमार व डॉ. आरिफ ने शिविर में सराहनीय कार्य किया।

# महिला जैन मिलन खेकड़ा की बैठक में लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय

**समाज जागरण बागपत।**



महिला जैन मिलन खेकड़ा की मासिक बैठक वीरांगना रुपाली जैन के निवास पर वीरांगना रेखा जैन जी की अध्यक्षता में हुई। णमोकार मंत्र तथा महावीर प्रार्थना के साथ सभा प्रारंभ हुई। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जनेश्वर दयाल जैन को बैठक में आमंत्रित किया गया। 24 तीर्थंकर के चिन्ह पर प्रश्न उत्तर हुए सही उत्तर देने वालों को पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। भगवान आदिनाथ पर धार्मिक चर्चा हुई। धार्मिक चर्चा में वीरांगना रेखा जैन तथा वीरांगना शोभा जैन ने सभी को भगवान आदिनाथ जी पर विस्तृत जानकारी दी। बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया की शपथ ग्रहण समारोह तथा स्थापना दिवस अगले माह में त्रिलोक तीर्थ बड़ागांव ने मनाया जाएगा। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर जनेश्वर दयाल जैन ने सभी को इस वर्ष का शुल्क जमा करने के लिए तथा अध्यक्ष मंत्री सहित सभी पदाधिकारी सदस्यों के नाम तथा मोबाइल नंबर की लिस्ट क्षेत्रीय अध्यक्ष या क्षेत्रीय मंत्री के पास भेजने के लिए, तथा 100 रुपये प्रति सदस्य के हिसाब से क्षेत्रीय अध्यक्ष या क्षेत्रीय मंत्री के पास जमा करने के लिए कहा गया। सभी ने अपनी स्वीकृति दी। महिला जैन मिलन के सदस्यों की भारी उपस्थिति की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने सराहना की। पंच परमेष्ठी के साथ सभा समाप्त हुई, अंत में आरती की गई। समय पर आने वालों का लकी ड्रा निकाला गया, लकी ड्रा विजेता वीरांगना वंदना जैन जी रही, उन्हें पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। अंत में रुपाली ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर दीपा जैन, वीरांगना रेखा जैन, रुचि जैन ,वंदना जैन ,शोभा जैन ,कविता जैन ,रीना जैन ,बबिता जैन ,शालु जैन, रुपाली जैन, अक्षिता जैन, संगीता जैन ,जनेश्वर दयाल जैन आदि उपस्थित रहे।

# अवार्चीन भारती भवन इंटर कॉलेज खेकड़ा का परीक्षा परिणाम घोषित

## 1२वीं में दीपा धामा व जसप्रीत ने किया टॉप, 10वीं में अभिनव शर्मा प्रथम

**समाज जागरण खेकड़ा।**

अरवाचीन भारती भवन इंटर कॉलेज खेकड़ा का हाईस्कूल व इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया। कक्षा 12वीं में दीपा धामा ने कला वर्ग में 89% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया।



वहीं विज्ञान वर्ग में जसप्रीत ने 80% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 10 में अभिनव शर्मा ने 88% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। खुशियली ने 86.2% अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान हासिल किया।परिणाम घोषित होने पर विद्यालय प्राचार्य मीनाक्षी स्वामी, प्रबंधक उमेश शर्मा, शिक्षक हर्ष धामा, पिंटू तेवतिया, अरशद खान, मनीष कुमार व हरि ओम ने सभी मेधावी बच्चों को शुभकामनाएं व आशीर्वाद दिया और उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

# ऑपरेशन क्लीन के तहत कार्रवाई

## विस्फोटक सामान काविनिष्टीकरण

**समाज जागरण शामली।(फुरकान जंग)**



ऑपरेशन क्लीन अभियान के अंतर्गत थाना कोतवाली शामली पुलिस ने मालखाने में रखे विस्फोटक अधि नियम से संबंधित मुकदमाती माल का विनिष्टीकरण कराया। यह कार्रवाई माननीय न्यायालय सीजेएम शामली के आदेश के अनुपालन में की गई।पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत जिलाधिकारी आलोक यादव और पुलिस अधीक्षक एन.पी. सिंह के निर्देशन में गठित समिति द्वारा यह प्रक्रिया पूरी कराई गई। बुधवार को क्षेत्राधिकारी नगर जितेन्द्र सिंह, अभियोजन अधिकारी उतेश कुमार जौहरी, प्रभारी निरीक्षक सचिन कुमार शर्मा और न्यायालय के लिपिक हरिनंदन सिंह की मौजूदगी में वर्ष 2025 के दो मुकदमों से संबंधित विस्फोटक सामग्री को विधिवत नष्ट किया गया।इस दौरान ग्राउंड चक्कर, सुतली बम, रॉकेट, स्पार्कलर, फ्लावर पॉट सहित विभिन्न प्रकार की आतिशबाजी सामग्री और संदिग्ध रासायनिक पदार्थों को नष्ट किया गया। निय मानुसार पहले नमूने सुरक्षित किए गए, इसके बाद जेसीबी से गड्ढा खुदवाकर सभी सामान को उसमें डालकर पानी के साथ दबाकर नष्ट किया गया। पूरी प्रक्रिया की फोटो और वीडियोग्राफी भी कराई गई। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस तरह की कार्रवाई से मालखानों में लंबित मुकदमाती माल के निस्तारण में तेजी आएगी और सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जा सकेगा।

# गश्त के दौरान संदिग्ध युवक अवैध चाकू सहित गिरफ्तार, जेल भेजा

**समाज जागरण कांधला।**

थाना क्षेत्र में गश्त के दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध युवक को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है।पुलिस अधीक्षक एन.पी. सिंह के निर्देश पर जनपद में संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग और गश्त अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना प्रभारी सतीश कुमार अपनी टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। गश्त के दौरान पुलिस को एक युवक संदिग्ध अवस्था में घूमता दिखाई दिया। पुलिस ने जब युवक से पूछताछ की तो वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। इस पर पुलिस उसे हिरासत में लेकर थाने ले आई। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद हुआ।पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अभिषेक पुत्र यशपाल सिंह निवासी गढ़ी श्याम थाना कांधला, जनपद शामली बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है।

# श्री अग्रसेन धाम में 25 अप्रैल को होगा माता महालक्ष्मी का महाअभिषेक

**समाज जागरण बागपत।**



श्री अग्रसेन धाम कुंडली में माता महालक्ष्मी महाभिषेक और विराट संकीर्तन महोत्सव 25 अप्रैल को नरेला अग्रवाल समाज के 301 परिवार व सामाजिक कर्णधार द्वारा किया जाएगा। श्री अग्रसेन धाम में नरेला अग्रवाल समाज से पूजा महोत्सव के संयोजकों की बैठक मुख्य संयोजक एवं धाम के संस्थापक ट्रस्टी मनोज बंसल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विशेष रूप से शामिल श्री अग्रसेन धाम कुंडली के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल ने सभी आए हुए संयोजक अग्रबंधुओं का श्री अग्रसेन धाम कुंडली के पवित्र दरबार में स्वागत अभिनन्दन एवं आभार व्यक्त किया। बैठक में महोत्सव संयोजक मोहित गुप्ता, संजय बंसल, मनीष गुप्ता, अनिल अग्रवाल, पवन जिंदल, पवन अग्रवाल, कमल सिंघल, राहुल सिंघल, अनुप गर्ग, भूपेश बंसल, वरिष्ठ वाइस चेयरमैन टीका राम मित्तल, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष दीपक मंगला आदि अनेक बंधु शामिल हुए। महोत्सव मुख्य संयोजक समाजसेवी मनोज बंसल ने बताया कि सर्वप्रथम मुख्य द्वार पर सभी अग्रबंधुओं का शामिल होने पर स्वागत अभिनंदन होगा और सायं 5 बजे माता महालक्ष्मी जी का महा अभिषेक, पूजन और श्रृंगार किया जाएगा। माता महालक्ष्मी को 21 मीटर की चुनरी अर्पण की जाएगी व माता महालक्ष्मी जी को गजरा, मेहंदी एवं प्रसाद के थाल, सिंदूर इत्यादि भेंट किया जाएगा। माता महालक्ष्मी जी की मंगल महा आरती 501 ज्योत से की जाएगी और नरेला से लगभग 301 परिवार माता महालक्ष्मी जी की विराट पूजा में शामिल होंगे एवं ऋण मुक्ति धनैश्वर्य संतान प्राप्ति का आशीर्वाद प्राप्त करते हुए सभी अपने परिवार को प्रफुल्लित एवं समृद्ध बनाएंगे। स्वागत की कड़ी में श्री अग्रसेन धाम कुंडली के मुख्य भामाशाह दानी एवं पुरानी अनाज मंडी नरेला के अध्यक्ष समाजसेवी सुरेश गर्ग, वरिष्ठ वाइस चेयरमैन टीका राम मित्तल स्वागता ध्यक्ष की भूमिका अदा करेंगे एवं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के ओएसडी राजेश गोयल समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में माता महा लक्ष्मी जी का पूजन परिवार सहित करवाएंगे एवं महोत्सव की अध्यक्षता मॉडल टाउन विधानसभा दिल्ली के विधायक एवं डीडीसी के चेयरमैन अशोक गोयल देवराहा करेंगे और अति विशिष्ट अतिथि के रूप में सोनीपत के मेयर प्रत्याशी राजीव जैन मुख्य रूप से रहेंगे शामिल। स्वागत की कड़ी में श्री अग्रसेन धाम कुंडली की कोर कमेटी मुख्य रूप से शामिल होगी वह समाज से आए हुए सभी बंधुओं का तहे दिल से स्वागत अभिनंदन करेगी। निरंतर भण्डारा प्रसाद की व्यवस्था रहेगी।

# प्रगति सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों का शानदार प्रदर्शन, स्कूल में जश्न

**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)**

कस्बे के प्रगति सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल का इंटरमीडिएट व हाईस्कूल परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय में खुशी की लहर दौड़ गई। इंटरमीडिएट में स्कूल के दो होनहार छात्रों ने जनपद स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया।छात्र अनम जंग ने 86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद में पांचवां स्थान हासिल किया, जबकि आदित्य भारद्वाज ने भी 90 प्रतिशत अंकों के साथ सातवां स्थान प्राप्त किया।

हाईस्कूल के विद्यार्थियों ने भी बेहतर परिणाम देकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय परिसर में स्टाफ व छात्रों ने मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। इस सफलता में स्कूल के मैनेजर जावेद जंग, असद इब्राहिम सहित स्टाफ सदस्य खालिद हसन, सनावर जंग , अंकित मलिक, साबिर, राजन सर, फातिमा, गोपाल सर और संदीप सर का विशेष योगदान रहा।स्कूल के मैनेजर जावेद जंग ने कहा कि हमारे छात्रों ने कड़ी मेहनत और अनुशासन के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है। यह केवल स्कूल ही नहीं, पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। हम सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं और आशा करते हैं कि वे आगे भी इसी तरह सफलता के नए आयाम स्थापित करेंगे।

# अनूपपुर जिले के एक दिवसीय दौरे पर रहे पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल भैया

## अमरकटंक मां नर्मदा जी के दर्शन पश्चात प्रारंभ हुआ दौरा कार्यक्रम , मध्यप्रदेश के अंतिम छोर राजनगर में हुआ समाप्त, दौरा कार्यक्रम के शुरूआत से लेकर अंत तक जिला कांग्रेस अध्यक्ष गुड्डू चौहान रहे उपस्थित

**समाज जागरण**

विंध्य क्षेत्र के नेता मध्यप्रदेश विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष, विधायक, अजय सिंह राहुल भैया का लगातार दौरा कार्यक्रम जारी हैं। जिसके तहत दिनांक 22 अप्रैल 2026 को अजय सिंह राहुल अनूपपुर जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र पुष्पराजगढ़, अनूपपुर, कोतमा के दौरे पर रहे। सर्वप्रथम उन्होंने मां नर्मदा के उद्गम स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक में मां नर्मदा जी के दर्शन कर अपने दौरा कार्यक्रम की शुरूआत की और अमरकंटक से रवाना होकर विधायक पुष्पराजगढ़ फुंदेलाल सिंह मार्को के निवास राजेंद्रग्राम पहुंचे। जहां विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को द्वारा उनका स्वागत सम्मान किया गया तथा उनके निवास पर उपस्थित पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकताओं, पदाधिकारियों व वरिष्ठ कांग्रेस नेतागण से अजय सिंह राहुल ने मुलाकात की। इसके बाद जिला कांग्रेस कार्यालय अनूपपुर में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्याम कुमार गुड्डू चौहान द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए और जिला कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकताओं को संबोधित करते हुए संगठन की मजबूती के लिए कार्य करने हेतु निर्देशित किया इस मौके अजय सिंह भैया को महामाला पहनाकर जिलाध्यक्ष गुड्डू चौहान ने उनका सम्मान किया। इसके बाद अनूपपुर विधानसभा के वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रेम कुमार त्रिपाठी, आशीष त्रिपाठी के निवास पर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता मयंक त्रिपाठी के निवास पर, एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रामखेलावन राठौर के निवास पर जाकर उनके परिजनों से भेंटकर उनका कुशलक्षेम जाना। तत्पश्चात पूर्व अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी अनूपपुर रमेश सिंह के निवास पर परिजनों से भेंटकर उनका कुशलक्षेम जाना साथ ही वरिष्ठ कांग्रेस नेता मरहूम मो. इस्लाम सेठ के इंतकाल उपरांत उनके परिजनों से भेंट कर गहरी शोक संवेदनाएँ प्रकट कीं। इसके बाद उनका काफिला अनूपपुर के पसान के लिए रवाना हुआ। जहां उन्होंने जिला कांग्रेस संगठन महामंत्री मनोज मिश्रा, जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस अनूपपुर मानवेंद्र मिश्रा के निवास पर कांग्रेस परिवार के सदस्यों से भेंट-मुलाकात की। तत्पश्चात कोतमा के लिए रवाना हुए, जहां कोतमा पहुंचने पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता संतोष मिश्रा द्वारा ज्योति पेट्रोल पम्प के पास अपने प्रतिष्ठान में अजय सिंह राहुल भैया का भव्य व आत्मीय स्वागत किया गया। इसके बाद अजय सिंह राहुल भैया कोतमा में पूर्व विधायक मनोज कुमार अग्रवाल के निवास पहुंचे, जहां उनका गाजे बाजे वा आतिशबाजी कर भव्य स्वागत किया गया। अजय सिंह राहुल ने पूर्व विधायक मनोज कुमार अग्रवाल के परिजनों से एवं क्षेत्र के कांग्रेस जनों से मुलाकात की और स्वल्पाहार लिया, साथ ही कई विषयों को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा की। तत्पश्चात अजय सिंह राहुल कोतमा से बिजुरी के लिए रवाना हुए और बालमुकुंद खेड़िया के निवास पहुंचे जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद कांग्रेस नेता आशु चतुर्वेदी के निवास पर पहुंचे जहां आशु चतुर्वेदी द्वारा शॉल और श्रीफल देकर अजय सिंह राहुल भैया व उनके साथ मौजूद अन्य नेताओं का स्वागत किया गया तथा अजय सिंह राहुल ने मौजूद वरिष्ठ कांग्रेसजनों एवं स्नेही साथियों से भेंट-मुलाकात की। तत्पश्चात कांग्रेस गौ संरक्षण प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. व्ही.पी.एस. चौहान के निवास पहुंचे जहां उपस्थित वरिष्ठजनों का सम्मान कर संगठनात्मक विषयों पर सार्थक चर्चा की। इसके बाद अजय सिंह राहुल का काफिला राजनगर के लिए रवाना हुआ। अजय सिंह राहुल राजनगर में किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामनारायण सिंह के निवास पहुंचे जहां उनका जेसीबी मशीन से पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। अजय सिंह राहुल ने रामनारायण सिंह के परिजनों एवं किसान कांग्रेस के नेताओं से मुलाकात कर संगठनात्मक चर्चा की। तत्पश्चात इंटक अजय सिंह राहुल इंटक कार्यालय राजनगर पहुंचे जहां इंटक नेता व जिला कांग्रेस कमेटी कोषाध्यक्ष जेपी श्रीवास्तव ने उनका स्वागत कर हसदेव क्षेत्र व जमुना कोतमा क्षेत्र के इंटक नेताओं का अजय सिंह भैया से परिचय करवाया गया। इंटक नेताओं से अजय सिंह राहुल ने संवाद कर इंटक संगठन को और मजबूत करने एवं कार्य करने में आ रही समस्याओं के बारे में जाना। इनके बाद जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष हरिशंकर दुबे पुल्लू द्वारा गाजे के साथ रैली निकालकर भगत सिंह चौक राजनगर में अजय सिंह राहुल भैया का भव्य स्वागत किया गया। तत्पश्चात अजय सिंह राहुल बनगवां नगर परिषद उपाध्यक्ष धनंजय सिंह मुन्ना के निवास पहुंचे जहां धनंजय सिंह द्वारा अजय सिंह राहुल भैया का भव्य स्वागत किया और राहुल भैया ने उनके परिजनों व उपस्थित स्थानीय नेताओं से भेंट मुलाकात की। राहुल भैया का काफिला राजनगर से पुनः कोतमा के लिए रवाना हुआ जहां वह कोतमा में व्यावसायी व वरिष्ठ कांग्रेस नेता हारून रसीद के निवास पहुंचे। हारून रसीद के निवास पर हारून रसीद द्वारा आतिशबाजी कर साथ ही सैकड़ों की संख्या में उपस्थित कांग्रेस नेताओं अजय सिंह राहुल भैया का भव्य स्वागत किया। अजय सिंह राहुल में हारून रसीद के परिजनों व उपस्थित कांग्रेस जनों से चर्चा की और शहडोल जिले के लिए रवाना हो गए। जिले भर के दौरा कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्याम कुमार गुड्डू चौहान उनके साथ मौजूद रहें। अजय सिंह राहुल भैया के दौरे में मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी समस्त विभाग प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ महेन्द्र सिंह चौहान, जिला कांग्रेस कमेटी अनूपपुर प्रभारी पूर्व विधायक सुखेंद्र सिंह बन्ना, सीधी जिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्ञान सिंह एवं जिले के समस्त वरिष्ठ कांग्रेस, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवादल, एनएसयूआई, इंटक कांग्रेस के जिला, ब्लॉक, नगर, मंडलम, विभाग प्रकोष्ठ के अध्यक्षगण, पदाधिकारीगण, कार्यकर्तगण मौजूद रहें।

# भिवानी में श्री श्याम धर्मार्थ ट्रस्ट के प्रधान बने श्री रामफल शर्मा, वहीं बलवीर को ट्रस्ट का सचिव नियुक्त किया

## श्री श्याम बाबा धर्मार्थ ट्रस्ट में सर्वसम्मति से नए प्रधान व सचिव चयन

**समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**



भिवानी, 23 अप्रैल 2026। श्री श्याम बाबा धर्मार्थ ट्रस्ट धारेडू धाम, जिला भिवानी की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें ट्रस्ट के नए प्रधान का सर्वसम्मति से चुनाव किया गया। यह बैठक ट्रस्ट के उप प्रधान भानाराम की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य पूर्व प्रधान जयभगवान का कार्यकाल पूर्ण होने के बाद नए प्रधान का चयन किया गया।

बैठक में ट्रस्ट के सभी कार्यकारिणी सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई, सर्वसम्मति से श्री रामफल शर्मा को ट्रस्ट का प्रधान चुना गया। इसके साथ ही श्री नरेंद्र कुमार के पुत्र श्री बलवीर को ट्रस्ट का सचिव नियुक्त किया गया। चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई, जिससे सभी सदस्यों ने संतोष व्यक्त किया।

इस अवसर पर ट्रस्ट के सभी सदस्यों ने नव-निर्वाचित प्रधान श्री रामफल शर्मा एवं सचिव श्री नरेंद्र पुत्र बलवीर को बधाई दी और उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। सदस्यों ने आशा जताई कि नई कार्यकारिणी ट्रस्ट के उद्देश्यों को आगे बढ़ाते हुए समाज सेवा के कार्यों को और अधिक मजबूती प्रदान करेगी।

बैठक के अंत में प्रधान श्री रामफल शर्मा ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया और ट्रस्ट के कार्यों को पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी से करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट समाजहित में निरंतर कार्य करता रहेगा और जनसेवा के नए आयाम स्थापित करेगा।

# अखिल भारतीय सेवा संघ का 10वां प्रांतीय अधिवेशन आगामी 26 अप्रैल को बरवाला में आयोजित किया जाएगा



कालांवाली, 23अप्रैल (सुरेश जोरासिया) अखिल भारतीय सेवा संघ का 10वां प्रांतीय अधिवेशन आगामी 26 अप्रैल को बरवाला में आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रांतीय उपाध्यक्ष नरेश गर्ग जैन ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां अंतिम चरण में हैं और इसे भव्य रूप देने के लिए व्यापक स्तर पर व्यवस्थाएं की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि संघ पिछले 10 वर्षों से निरंतर समाज सेवा के कार्यों में सक्रिय रूप से योगदान दे रहा है और आज इसकी शाखाएं पूरे भारत में कार्यरत हैं।

नरेश गर्ग जैन ने बताया कि इस अधिवेशन में हरियाणा सरकार में मंत्री रणवीर गंगवा व चरखी दादरी के उपायुक्त डॉ मनीष नागपाल मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. इन्द्र गोयल करेंगे, जबकि संस्था के संस्थापक विनोद धवन मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे।कार्यक्रम में बरवाला नगरपालिका के अध्यक्ष रमेश सरदाना, उपाध्यक्ष ताराचंद नलवा, प्रवीण सैनी, आयुष शर्मा और रोशन धनखड़ सहित कई गणमान्य व्यक्ति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे उन्होंने कहा कि इन प्रमुख हस्तियों की उपस्थिति से अधिवेशन को नई दिशा और प्रेरणा मिलेगी।

उन्होंने बताया कि इस अधिवेशन में विभिन्न शहरों से संघ की शाखाओं के पदाधिकारी एवं सदस्य भाग लेंगे। कार्यक्रम में समाज सेवा से जुड़े कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी, जिससे संगठन की गतिविधियों और उपलब्धियों का आकलन किया जा सके। यह अधिवेशन संगठन के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, जहां भविष्य की योजनाओं और नई रणनीतियों पर भी चर्चा की जाएगी।

अधिवेशन के दौरान हरियाणा प्रांत की नई कार्यकारिणी के चयनित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई जाएगी। इसमें महेंद्र सैनी को प्रांतीय अध्यक्ष, आकाश सेन को प्रांतीय महासचिव एवं संदीप भाटिया को प्रांतीय कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

नरेश गर्ग जैन ने बताया कि अखिल भारतीय सेवा संघ का मुख्य उद्देश्य समाज के जरूरतमंद वर्गों की सहायता करना, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में कार्य करना है। संस्था ने बीते वर्षों में कई सराहनीय पहल की हैं, जिनमें गरीबों की सहायता, रक्तदान शिविरों का आयोजन, पर्यावरण संरक्षण अभियान और जरूरतमंद विद्यार्थियों को सहयोग प्रदान करना शामिल है। अंत में उन्होंने सभी सदस्यों से अपील की कि वे अधिवेशन में बढ़-चढ़कर भाग लें और संगठन को और अधिक सशक्त बनाने में अपना योगदान दें। यह अधिवेशन न केवल संगठन के कार्यों की समीक्षा का मंच होगा, बल्कि समाज सेवा के क्षेत्र में नई दिशा तय करने का भी अवसर प्रदान करेगा।

# मुख्य अतिथि भाजपा नेता एवं पूर्व सरपंच गजानंद अग्रवाल ने आयोजकों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

## श्री कृष्ण वाटिका में गूंजे श्याम भक्ति के भजन, पांचवां सुनहरी शाम सांवरे के नाम संकीर्तन आयोजित रातभर भजनों पर झूमे श्रद्धालु, कलाकारों ने बांधा समां

**समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**



बहल, 23 अप्रैल। बहल कस्बे की श्री कृष्ण वाटिका में बुधवार रात श्री खाटू श्याम मंडल बहल द्वारा पांचवां सुनहरी शाम सांवरे के नाम संकीर्तन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रभर से पहुंचे श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पूरी रात भजनों की मधुर स्वर लहरियों में श्याम भक्ति का आनंद लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ गायक कलाकार मनोज द्वारा गणेश वंदना से किया गया, जिससे पूरा पंडाल भक्तिमय हो उठा। इसके बाद उन्होंने घुंघटियों आड़े आग्यो जी भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

गायिका रूपाली मेहता ने पवनसुत विनती बारम्बार के माध्यम से हनुमान जी की स्तुति की तथा चलो बुलावा आया है माता रानी का भजन गाकर भक्तों को भावविभोर कर दिया। वहीं सोनू सिंगला ने सब झूमो नाचो गाओ, राधे-राधे रटो, खाटू जी गया तो कमाल हो गया जैसे भजनों से माहौल को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया।

कलाकार कृष्ण गाबा ने राम नाम रटियों रे भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को राम भक्ति में डुबो दिया। अन्य कलाकारों ने भी एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी, जिससे देर रात तक श्रद्धालु झूमते रहे और श्याम बाबा के जयकारों से पूरा वातावरण गूंजता रहा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा नेता एवं पूर्व सरपंच गजानंद अग्रवाल ने आयोजकों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक संकीर्तन मन, वचन और कर्म की शुद्धि का माध्यम होते हैं और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं।

अंत में प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस दौरान मंडल के पदाधिकारी व सदस्यगण भी मौजूद रहे।

# पुलिस ने विदेश से जुड़े ड्रग नेटवर्क का भंडाफोड़ किया

## आधा किलो से ज्यादा हेरोइन के साथ ड्रग तस्कर गिरफ्तार एस एस पी डॉ. प्रज्ञा जैन (आईपीएस)

**पंजाब जैतो रघुनंदन पराशर/दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब**



जैतो, 23 अप्रैल : पंजाब को ड्रग-फ्री राज्य बनाने के लिए शुरू किए गए ह्यवॉर ऑन ड्रग्सह्ल कैंपेन के तहत, डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीजीपी) पंजाब श्री गौरव यादव की लीडरशिप में फरीदकोट पुलिस ने ड्रग स्मगलिंग नेटवर्क के खिलाफ एक और बड़ी कामयाबी हासिल की है। उन्होंने विदेशों से जुड़े एक बड़े ड्रग नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है और 512 ग्राम हेरोइन के साथ 01 आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी एस.एस.पी. फरीदकोट डॉ. प्रज्ञा जैन ने दी। गिरफ्तार आरोपी की पहचान गुरमीत सिंह उर्फ मिटू बेटे जोगिंदर सिंह के तौर पर हुई है, जो फिरोजपुर जिले के गांव कमाले वाला का रहने वाला है। पुलिस टीम ने इस ऑपरेशन के दौरान हेरोइन के साथ एक वेन्यू कार भी जब्त की है। SSP डॉ. प्रज्ञा जैन ने बताया कि शुरूआती जांच में पता चला है कि गिरफ्तार आरोपी विदेश में बैठे किंगपिन के सीधे संपर्क में था और उसके लिए लोकल हैंडलर के तौर पर काम कर रहा था और इलाके में ड्रग की खेप सप्लाई कर रहा था। उन्होंने कहा कि फरीदकोट पुलिस आरोपियों के नेटवर्क, साथियों और सप्लाई लिंक की पूरी जांच कर रही है ताकि इस ड्रग गैंग का पूरी तरह से पदार्फाश किया जा सके। ऑपरेशन की जानकारी देते हुए, फरीदकोट के डीएसपी श्री तरलोचन सिंह ने बताया कि जब थानेदार गुरलाल सिंह, असिस्टेंट थानेदार बेअंत सिंह पुलिस पार्टी के साथ सादिक पुलिस स्टेशन के चीफ ऑफिसर की देखरेख में इलाके में पेट्रोलिंग कर रहे थे, तो गांव चक साहू से फिरोजपुर से सादिक मेन रोड पर कच्ची सड़क पर शक के आधार पर एक गाड़ी को रोका गया, जिस दौरान आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया और गाड़ी की तलाशी लेने पर 512 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। DSP फरीदकोट ने आगे बताया कि गिरफ्तार आरोपी गुरमीत सिंह के खिलाफ कुलगढ़ी पुलिस स्टेशन, फिरोजपुर में ड्रग तस्करी के संबंध में पहले से ही केस दर्ज है। उन्होंने कहा कि जांच आगे बढ़ने पर और गिरफ्तारियां और रिकवरी होने की संभावना है। इस संबंध में सादिक पुलिस स्टेशन में केस नंबर 84 तारीख 23.04.2026 को एनडीपीएस एक्ट की धारा 22(C)/61/85 के तहत दर्ज किया गया है। इस मामले में गिरफ्तार आरोपी को माननीय कोर्ट में पेश करके रिमांड पर लिया जा रहा है ताकि आरोपी के पिछले और पिछले लिंक की अच्छी तरह से जांच की जा सके। फरीदकोट पुलिस ड्रग्स को जड़ से खत्म करने के लिए जोरदार अभियान चला रही है। ड्रग तस्करों को गिरफ्तार करने के अलावा उनके पीछे के नेटवर्क की भी गहराई से जांच की जा रही है। लोगों से अपील है कि अगर उन्हें ड्रग तस्करी के बारे में कोई जानकारी मिले तो फरीदकोट पुलिस को बताएं, ताकि ड्रग्स को जड़ से खत्म किया जा सके।

# हरित अर्थव्यवस्था में युवाओं के लिए अपार अवसरः डॉ. जितेंद्र सिंह

केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और प्रधानमंत्री कार्यालय, कार्मिक, लोक शिकायत, पेंशन, परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, हरित ईंधन और चक्रीय अर्थव्यवस्था जैसे सेक्टरों के माध्यम से युवाओं के लिए व्यापक स्तर पर रोजगार के अवसर पैदा होने के साथ, "हरित नौकरियां" और "हरित उद्यमिता" भविष्य की हरित अर्थव्यवस्था के निर्णायक चालक बनने जा रहे हैं। डॉ. सिंह ने कहा कि यह परिवर्तन न केवल रोजगार सृजित करेगा बल्कि भारत को सतत और कम कार्बन उत्सर्जन वाले विकास की ओर बढ़ने में भी तेजी लाएगा। डॉ. जितेंद्र सिंह ने पृथ्वी दिवस के अवसर पर जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली में आयोजित "21वीं सदी में पर्यावरण स्थिरताः विज्ञान, समाज और समाधान" विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित किया। इस सत्र में कुलपति प्रो. मजहर आसिफ, रजिस्ट्रार प्रो. मोहम्मद महताब आलम रिजवी, विशिष्ट अतिथि प्रो. डीपी सिंह, संकाय सदस्यों, शोधकताओं और छात्रों सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। भारत के बढ़ते हरित इकोसिस्टम का उल्लेख करते हुए डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि 19,000 करोड़ रुपये से अधिक के बजट से समर्थित राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन जैसी पहल स्वच्छ औद्योगिक परिवर्तन की नींव रख रही हैं। उन्होंने कहा कि उभरती प्रौद्योगिकियां इस्पात और सीमेंट जैसे प्रमुख सेक्टरों में कार्बन उत्सर्जन कम करने में सहायक सिद्ध हो रही हैं, जिससे भारत वैश्विक हरित परिवर्तन में अग्रणी स्थान प्राप्त कर रहा है। डॉ. सिंह ने कहा कि तकनीकी बदलाव की गति इतनी तीव्र है कि आज जिन समाधानों की कल्पना की जा रही है, वे समय के साथ तेजी से बदल सकते हैं, इसलिए निरंतर नवाचार करना आवश्यक है। उन्होंने इलेक्ट्रिक मोबिलिटी क्षेत्र से उदाहरण देते हुए कहा कि लागत प्रभावी जमीनी स्तर के नवाचारों के माध्यम से पारंपरिक वाहनों को इलेक्ट्रिक वाहनों में परिवर्तित किया जा रहा है, जिससे स्थिरता को किफायती और व्यापक बनाया जा रहा है।

रोजगार के नए अवसरों के उद्भव पर प्रकाश डालते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि आने वाले वर्षों में सौर ऊर्जा उत्पादन, बैटरी उत्पादन, ग्रिड प्रबंधन और जैव ईंधन जैसे क्षेत्रों में हरित रोजगारों का विस्तार होगा। उन्होंने प्रयुक्त खाना पकाने के तेल को जैव ईंधन में परिवर्तित करने सहित चक्रीय अर्थव्यवस्था को उद्यमिता और रोजगार सृजन के लिए एक आशाजनक क्षेत्र बताया।

डॉ. जितेंद्र सिंह ने समुद्री ऊर्जा जैसे नए क्षेत्रों की ओर भी ध्यान आकर्षित किया, जो भारत की विशाल तटरेखा के बावजूद बहुत हद तक अनछुआ रहा है और कहा कि यह आने वाले वर्षों में सौर और पवन ऊर्जा का पूरक होगा। ऊर्जा सुरक्षा के मोर्चे पर डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि भारत दीर्घकालिक लक्ष्यों के साथ परमाणु ऊर्जा क्षमता बढ़ाने की दिशा में प्रगति कर रहा है, साथ ही नवाचार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए अंतरिक्ष और परमाणु ऊर्जा जैसे रणनीतिक क्षेत्रों में निजी क्षेत्र की अधिक भागीदारी को सक्षम बना रहा है।

# बेटी के जन्म पर बुसान गांव में कुआं पूजन, समाज को दिया सकारात्मक संदेश

## महिला एवं बाल विकास विभाग की पहल, परिवार ने बेटी के स्वागत को बनाया उत्सव

**समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**




बहल-तोशाम। उपमंडल के बुसान गांव में नवजात बेटी के जन्म पर कुआं पूजन समारोह का आयोजन कर समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच का संदेश दिया गया। यह कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास विभाग के निदेर्शानुसार एडीसी के मार्गदर्शन तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी वैशाली और सीडीपीओ किरण के नेतृत्व में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में विभाग के सुपरवाइजर मनोज सांगवान ने विशेष रूप से भाग लिया और नवजात की मां मोनिका को सम्मानित करते हुए परिवार को बधाई दी। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में बेटियों के सम्मान और समानता को बढ़ावा देते हैं तथा विभाग लगातार जागरूकता अभियान चलाता रहेगा।

बच्ची के पिता रविंद्र और मां मोनिका ने खुशी व्यक्त करते हुए बताया कि उनके परिवार में पहली बार बेटी का जन्म हुआ है, जिससे पूरे परिवार में उत्साह का माहौल है। उन्होंने कहा कि बेटी के स्वागत को खास बनाने के लिए यह आयोजन किया गया ताकि समाज में भी सकारात्मक संदेश जाए।

परिवार की वरिष्ठ सदस्य किला देवी ने अपनी पोती वंशिका के जन्म पर खुशी जताते हुए कहा कि बेटी के आने से घर में नई खुशियां आई हैं। इस अवसर पर सुपरवाइजर मनोज सांगवान ने नवजात की देखभाल को लेकर जरूरी जानकारी भी दी और पहले छह माह तक केवल स्तनपान तथा समय पर टीकाकरण करवाने की सलाह दी।

कार्यक्रम में गांव की महिलाएं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता गीता, फिरदौस और निशा सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने मिलकर बेटी के जन्म को उत्सव के रूप में मनाया और बेटियों के सम्मान का संकल्प लिया। यह आयोजन न केवल एक परिवार की खुशी का प्रतीक बना, बल्कि समाज में बेटियों के प्रति जागरूकता और सकारात्मक सोच को मजबूत करने का सराहनीय प्रयास भी साबित हुआ।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बस चालक की मौत

## सुधीवास के पास देर रात हादसा, परिवार का इकलौता सहारा छिना

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**



बहल, 23 अप्रैल। बहल क्षेत्र के गांव सुधीवास के समीप देर रात हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक बस चालक की मौत हो गई। मृतक की पहचान अनिल पुत्र पानवीर सिंह (36) निवासी गागड़वास (राजगढ़) के रूप में हुई है, जो निजी बस चलाकर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था।

पुलिस को दी शिकायत में मृतक के छोटे भाई सुनील कुमार ने बताया कि अनिल रोजाना की तरह काम खत्म करने के बाद रात करीब 9 बजे चौधरी पेट्रोल पंप पर बस में तेल डलवाकर बस को वहीं खड़ा कर अपनी मोटरसाइकिल से घर लौट रहा था। इसी दौरान गांव सुधीवास के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि अनिल को संभलने का मौका नहीं मिला और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए। राजेश कुमार ने सबसे पहले घटनास्थल पर पहुंचकर परिजनों को सूचना दी। बाद में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर सीएचसी लोहारू पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। घटना के बाद मृतक के घर में शोक का माहौल है। बताया जा रहा है कि अनिल अपने परिवार का इकलौता कमाने वाला था। उसके पीछे पत्नी और 14 व 11 वर्ष के दो बच्चे हैं, जिनका अब सहारा छिन गया है। जांच अधिकारी एएसआई सोमवीर ने बताया कि सुनील कुमार के बयान के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 281 और 106 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

# लुधियाना रेलवे स्टेशन पर फोर्ट्रेस चैक के तहत विशेष टिकट जांच अभियान, 8 लाख रुपए अधिक जुमार्ना वसूला

**(रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**



जैतो,23 अप्रैल : उत्तर रेलवे के फिरोजपुर रेल मंडल के वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक परमदीप सिंह सैनी ने वीरवार को बताया कि उत्तर रेलवे के फिरोजपुर मंडल द्वारा आज लुधियाना रेलवे स्टेशन पर बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों पर नियंत्रण हेतु ह्लफोर्ट्रेस चेकह्व के अंतर्गत एक विशेष सघन टिकट जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान कुल 1840 बिना टिकट यात्रियों को पकड़ा गया, जिनसे 8,06,935/- का रेल राजस्व वसूला गया। अभियान में 20 टिकट चेकिंग स्टाफ एवं रेलवे सुरक्षा बल के जवानों की संयुक्त टीम ने भाग लिया रेलवे में फोर्ट्रेस चेक एक विशेष एवं सघन जांच अभियान होता है, जिसके अंतर्गत किसी स्टेशन, ट्रेन या रेलखंड में बिना पूर्व सूचना सघन टिकट जांच की जाती है। इस दौरान टिकट चेकिंग स्टाफ तथा आरपीएफ की संयुक्त टीम द्वारा यात्रियों के टिकट, पहचान पत्र एवं रेलवे नियमों का कड़ाई से निरीक्षण किया जाता है। इस अभियान का उद्देश्य बिना टिकट यात्रा पर रोक लगाना तथा रेलवे के राजस्व की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री बसंत कुमार ने यात्रियों से अपील की है कि वे हमेशा वैध टिकट लेकर ही यात्रा करें। यात्रियों की सुविधा एवं राजस्व संरक्षण को ध्यान में रखते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के विशेष जांच अभियान जारी रहेंगे।

# फरीदकोट पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 104 ग्राम हैरोइन के साथ ड्रग तस्कर गिरफ्तार

**समाज जागरण**

जैतो, 23 अप्रैल (रघुनंदन पराशर): डॉ. प्रज्ञा जैन एस.एस.पी. फरीदकोट के निदेर्शों पर फरीदकोट जिले में चलाए जा रहे नशा विरोधी अभियान 'ड्रग्स के खिलाफ अभियान' के तहत ड्रग तस्करों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही हैं। इसी कड़ी में एस.पी. (इन्वेस्टिगेशन) फरीदकोट और अवतार सिंह डी.एस.पी.(इन्वेस्टिगेशन) फरीदकोट के मार्गदर्शन में जोगेश्वर सिंह



गोराया, सी.आई.ए. स्टाफ फरीदकोट को एक और बड़ी सफलता मिली है, ड्रग तस्करी में शामिल आरोपी को 104 ग्राम हैरोइन के साथ गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान गगनदीप सिंह उर्फ हैप्पी बोला के रूप में हुई है, जो फरीदकोट जिले की बाजीगर बस्ती का रहने वाला है। पुलिस पार्टी ने आरोपी के पास से हैरोइन के साथ 01 सैमसंग मोबाइल फोन भी बरामद किया है। ऑपरेशन की जानकारी के मुताबिक, 22 अप्रैल को सी.आई.ए.स्टाफ फरीदकोट के इंचार्ज इंस्पैक्टर अमरिंदर सिंह की देखरेख में असिस्टेंट थानेदार हाकम सिंह पेट्रोलिंग और चेकिंग के लिए कैंटोनमेंट रोड के पास जहाज ग्राउंड, फरीदकोट में मौजूद थे, तभी आरोपी गगनदीप सिंह उर्फ हैप्पी बोला को बिना शक के रोका गया और उसकी तलाशी ली गई, इस दौरान आरोपी के पास से 104 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। इस संबंध में सिटी थाने फरीदकोट में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21(B)/61/85 के तहत केस दर्ज किया गया है। आरोपी से शुरूआती पूछताछ में पता चला है कि ड्रग्स की यह खेप उसे सप्लाई करनी थी। गिरफ्तार आरोपियों के पिछले और अगले लिंक की फरीदकोट पुलिस अच्छी तरह से जांच कर रही है।

# लोकसभा अध्यक्ष ने समावेशी एवं मूल्याधारित शिक्षा पर बल दिया

नई दिल्ली, 23 अप्रैल, 2026: लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज किरोड़ीमल कॉलेज के वार्षिकोत्सव समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा को केवल रोजगार प्राप्ति तक सीमित न रखते हुए उसे सामाजिक उत्तरदायित्व, समावेशिता तथा चरित्र निर्माण का सशक्त माध्यम बनाया जाना चाहिए। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे अपनी आकांक्षाओं को व्यापक राष्ट्रीय दृष्टि के साथ समन्वित करें तथा लोकतंत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि वास्तविक प्रगति का मापदंड तभी सार्थक होता है, जब अवसर और विकास समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचें। भारत के विकसित होते शिक्षा परिदृश्य का उल्लेख करते हुए श्री बिरला ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 आलोचनात्मक चिंतन तथा शैक्षणिक लचीलेपन को प्रोत्साहित करते हुए एक परिवर्तनकारी युग का सूत्रपात कर रही है। उन्होंने कहा कि ज्ञान और कौशल निस्संदेह आवश्यक हैं, किन्तु इनके साथ सुदृढ़ नैतिक मूल्यों, सत्यनिष्ठा और धैर्य का समावेश भी उतना ही अनिवार्य है, जिससे स्थायी और सार्थक सफलता सुनिश्चित की जा सके। शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए उन्होंने उन्हें समाज का वास्तविक शिल्पकार बताया, जो न केवल ज्ञान का प्रसार करते हैं, बल्कि उत्तरदायी, जागरूक और राष्ट्रोन्मुख नागरिकों का निर्माण भी करते हैं। श्री बिरला ने महाविद्यालय की समावेशी पहलों की सराहना करते हुए कहा कि आधुनिक प्रौद्योगिकी एवं कौशल विकास के माध्यम से दृष्टिबाधित विद्यार्थियों को सशक्त बनाकर संस्थान समतामूलक शिक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास समावेशन के प्रति गहन प्रतिबद्धता को दशार्ते हैं । उन्होंने इस बात पर बल दिया कि शिक्षा में सामाजिक न्याय और समानता के सिद्धांतों का समावेश अनिवार्य है, और यह प्रसन्नता का विषय है कि किरोड़ीमल कॉलेज अपनी समावेशी दृष्टि के माध्यम से इन आदर्शों को सक्रिय रूप से आत्मसात कर रहा है।

**लोक सभा अध्यक्ष ने महाराजा अग्रसेन कॉलेज के छात्रों को संबोधित किया**

इससे पहले दिल्ली विश्वविद्यालय के महाराजा अग्रसेन कॉलेज के वार्षिक उत्सव को संबोधित करते हुए, उन्होंने छात्रों से न केवल अपने चुने हुए क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने की सलाह दी, बल्कि देश की लोकतांत्रिक और विकास यात्रा की जिम्मेदारी संभालने का आग्रह भी किया । उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि 'विकसित भारत 2047' का लक्ष्य युवाओं के विजन, नवाचार और प्रतिबद्धता से ही प्राप्त होगा ।

भारत के युवाओं को आत्मविश्वासी, महत्वाकांक्षी और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बताते हुए श्री बिरला ने कहा कि युवा भारतीय पहले से ही नवाचार, अनुसंधान, उद्यमिता और वैश्विक नेतृत्व जैसे क्षेत्रों में अपनी पहचान बना रहे हैं, जो विश्व पटल पर देश के बढ़ते प्रभुत्व को दशार्ता है। उन्होंने यह भी कहा कि यह अभूतपूर्व अवसरों का समय है, जहाँ युवाओं के पास भारत को अग्रणी वैश्विक शक्ति में बदलने की क्षमता है। कड़ी मेहनत, अनुशासन और दृढ़संकल्प को सफलता का आधार बताते हुए उन्होंने छात्रों को बड़े सपने देखने, उत्कृष्टता प्राप्त करने और 'आत्मनिर्भर भारत' के निर्माण में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि शासन और नीति-निर्माण में युवाओं की अधिक भागी-दारी से लोकतांत्रिक संस्थाएं मजबूत होंगी और उत्तरदायी एवं भविष्योन्मुखी नेतृत्व सुनिश्चित होगा। महाराजा अग्रसेन कॉलेज की सराहना करते हुए श्री बिरला ने इसे आधुनिक शिक्षा का एक जीवंत केंद्र बताया जो अनुसंधान, नवाचार और बौद्धिक उत्कृष्टता को बढ़ावा दे रहा है। महाराजा अग्रसेन के प्रेरणादायी शासन के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि समानता, सामाजिक समरसता और सामूहिक समृद्धि पर आधारित उनका कल्याणकारी शासन मॉडल आज भी प्रासंगिक है। सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन और नेतृत्व का उल्लेख करते हुए उन्होंने सरदार पटेल को भारत के सुदृढ़ संवैधानिक और प्रशासनिक ढांचे का प्रेरणास्त्रोत बताया।

## दंतेवाड़ा में एनएमडीसी की पहलः पंचायत प्रतिनिधियों संग संवाद, ग्रामीण विकास को मिलेगा नया बल

दंतेवाड़ा। एनएमडीसी लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अमिताभ मुखर्जी ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ दंतेवाड़ा में कंपनी की परियोजनाओं के आसपास स्थित गांवों के पंचायत प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। इस संवाद का उद्देश्य जमीनी समस्याओं को समझना और स्थानीय विकास को गति देना रहा। बैठक में गुमीयापाल, समालवार, कालेपाल, चोलनार, कदम्पाल, हिरोली, बेनपाल, कोडेनार, मदकामिरस और कुट्रेम सहित कई गांवों के सरपंचों और प्रतिनिधियों ने भाग लिया। उन्होंने पेयजल, सड़क संपर्क, स्वास्थ्य सेवाएं, स्ट्रीट लाइट, खेल सुविधाएं और बुनियादी ढांचे से जुड़ी समस्याएं प्रमुखता से उठाईं। इस अवसर पर कृष्ण कुमार ठाकुर (निदेशक, कार्मिक), श्री के. श्रीधर कोडाली (मुख्य महाप्रबंधक, खनन–बचेली कॉम्प्लेक्स) और श्री रबीन्द्र नारायण (अधिशासी निदेशक, किरंदुल कॉम्प्लेक्स) सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

सीएमडी अमिताभ मुखर्जी ने कहा कि एनएमडीसी केवल एक खनन कंपनी ही नहीं, बल्कि एक जिम्मेदार सार्वजनिक उपक्रम है, जो क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि स्थानीय समुदायों का विश्वास ही कंपनी की सबसे बड़ी ताकत है और उनकी जरूरतें ही विकास कार्यों की दिशा तय करेंगी।

# बरगवां में जल गंगा संवर्धन अभियान 2026- के तहत इन्द्रा नगर तालाब में हुआ श्रमदान, जल संरक्षण का संदेश

## बरगवां में जल गंगा संवर्धन अभियान २०२६ के तहत इन्द्रा नगर तालाब में हुआ श्रमदान, जल संरक्षण का संदेश

**समाज जागरण**

अनूपपुर। जल स्रोतों के संरक्षण और पुनर्जीवन को लेकर चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के अंतर्गत नगर परिषद बरगवां एवं मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड शहडोल के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार 23 अप्रैल 2026 को वार्ड क्रमांक 04 स्थित आर्या गार्डन के पास इन्द्रा नगर तालाब में व्यापक स्तर पर श्रमदान एवं साफ-सफाई अभियान चलाया गया।



अभियान के दौरान तालाब परिसर और उसके आसपास के क्षेत्रों में गहन सफाई की गई। विशेष रूप से तालाब के किनारों, जलग्रहण क्षेत्र और जल प्रवाह मार्गों को साफ कर जल की गुणवत्ता सुधारने का प्रयास किया गया। लंबे समय से जमी गंदगी, कचरा और अवांछित पदार्थों को हटाकर तालाब को स्वच्छ एवं सुरक्षित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया।

इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने बताया कि जल स्रोतों का संरक्षण केवल सरकारी योजनाओं तक सीमित नहीं रह सकता, बल्कि इसके लिए आम जनता की सक्रिय भागीदारी अनिवार्य है। अभियान के दौरान स्थानीय नागरिकों को जल संरक्षण, स्वच्छता और पर्यावरण संतुलन के महत्व के बारे में जागरूक किया गया तथा उन्हें अपने आसपास के जल स्रोतों को स्वच्छ बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। नगर परिषद बरगवां की अध्यक्ष श्रीमती गीता गुप्ता ने कहा कि इस प्रकार के प्रयासों से न केवल जल स्रोतों का संरक्षण संभव है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ जल उपलब्ध कराने की दिशा में भी सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। वहीं उपाध्यक्ष डॉ. राज तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी अभियान को जनांदोलन बनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में नगर परिषद के पार्षदगण, स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में नागरिकों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड शहडोल के वैज्ञानिक श्री बी.एम. पटेल, श्री सुभाष कुमार निगम, प्रयोगशाला परिचारक श्री बालेन्द्र सिंह एवं अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति में तकनीकी मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया।

इस दौरान नगर परिषद बरगवां के अधिकारी-कर्मचारियों सहित श्री सौरभ कोरी, श्री दीपक कोल, श्रीमती हरछटिया बाई, श्रीमती अंजना सोनी, श्री अजय यादव, श्री पावन चिलि, श्री अभिषेक गुप्ता, पारस सिंह, आदर्श सोनी, राजा यादव, अरविंद यादव, राहुल गुप्ता, अतुल तिवारी, अमित गुप्ता सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

अभियान के अंत में यह संकल्प लिया गया कि भविष्य में भी इस प्रकार के स्वच्छता एवं जल संरक्षण अभियान नियमित रूप से चलाए जाएंगे, ताकि क्षेत्र के सभी जल स्रोत स्वच्छ, संरक्षित और प्रदूषण मुक्त रह सकें। यह पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सार्थक कदम साबित हो रही है, बल्कि स्थानीय स्तर पर जागरूकता बढ़ाकर जल संकट से निपटने की दिशा में भी मजबूत आधार तैयार कर रही है।

# दो साल से फरार करोड़ों की ठगी का मास्टरमाइंड गिरफ्तार, अनूपपुर पुलिस की सक्रियता से आखिर पहुंचा सलाखों के पीछे

**समाज जागरण**

जमुना कोतमा थाना भालूमाड़ा पुलिस ने करोड़ों रुपये की ठगी के मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए दो वर्षों से फरार चल रहे मुख्य आरोपी उमेश कांतिलाल पटेल को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। लंबे समय से फरार आरोपी की गिरफ्तारी को पुलिस की बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। मामला अपराध क्रमांक 350/2024 एवं 400/2024 से संबंधित है, जिसमें आरोपी के खिलाफ धारा 420, 406, 409, 120बी सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज है। आरोपी ने निवेशकों को झांसा देकर करोड़ों रुपये की ठगी की थी और घटना के बाद से फरार चल रहा था।

ज्ञात हो कि लगभग दो वर्ष पूर्व बदरा निवासी संतोष चौरसिया की रिपोर्ट पर इस गंभीर मामले को संज्ञान में लेते हुए पुलिस अधीक्षक मोतिउर रहमान ने तत्काल प्रभाव से थाना भालूमाड़ा में प्रकरण दर्ज करने के निर्देश दिए थे। उनकी संवेदनशीलता और सख्त रुख का ही परिणाम है कि लंबे समय से फरार आरोपी आज कानून के शिकंजे में आ सका।

पुलिस अधीक्षक मोतिउर रहमान के प्रभावी निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगनाथ सिंह मरकाम एवं एसडीओपी कोतमा नवीन तिवारी के मार्गदर्शन में थाना भालूमाड़ा पुलिस ने कार्रवाई को अंजाम दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक उमेश उपाध्याय के नेतृत्व में गठित टीम ने आरोपी को महाराष्ट्र के नवी मुंबई स्थित तलोजा जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लाकर गिरफ्तार किया।
गौरतलब है कि आरोपी उमेश कांतिलाल पटेल के खिलाफ देश के विभिन्न राज्यों में भी दर्जनभर से अधिक धोखाधड़ी के मामले दर्ज हैं। करोड़ों रुपये की ठगी करने के बावजूद वह लंबे समय तक पैसे और प्रभाव के दम पर कार्रवाई से बचता रहा, लेकिन अनूपपुर पुलिस की सतर्कता और लगातार प्रयासों के चलते आखिरकार उसे गिरफ्तार कर लिया गया। इस पूरे ठगी गिरोह का एक अन्य आरोपी अलकित मालवीय निवासी गुजरात अभी भी फरार है। पुलिस उसकी तलाश में लगातार जुटी हुई है और उम्मीद जताई जा रही है कि उसे भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय कोतमा में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इस पूरी कार्रवाई में उप निरीक्षक डी.एस. बागरी की विशेष भूमिका रही।
वहीं पुलिस टीम के अन्य सदस्य विवेक त्रिपाठी, विनोद जाटव, देवेन्द्र सिंह और चक्रधर तिवारी का भी सराहनीय योगदान रहा। अनूपपुर पुलिस की इस प्रभावी कार्रवाई से न केवल निवेशकों में न्याय की उम्मीद जगी है, बल्कि यह भी स्पष्ट संदेश गया है कि अपराधी कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो, कानून के हाथों से बच नहीं सकता।

# राजेन्द्रग्राम पुलिस ने अंग्रेजी शराब 164.880 लीटर कुल कीमती 89868/रुपए एवं एक बिना नंबरी बोलेरो वाहन जप्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**समाज जागरण**

दिनांक 22/04/2026 को मुखबिर से सूचना मिली की एक सफेद रंग के बोलेरो वाहन में दो व्यक्ति अवैध शराब बिक्री करने के लिय अमरकंटक तरफ ले जा रहे हैं । मुखबिर की सूचना पर मय स्टाफ के ग्राम डाकिया टोला मेन रोड के पास पहुचे थे तभी राजेन्द्रग्राम तरफ से एक बिना नंबरी बोलेरो वाहन आते हुये दिखा जो पुलिस की गाड़ी को देखकर तेजी से अपनी वाहव को तेज करके भागने लगे जिसका पीछे कर घुसरवार के आगे रोक जो एक व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया एवं एक व्यक्ति मिला जिसका नाम पता पूछने पर अपना नाम सनेह उर्फ शनि सिंह पिता सत्य लाल सिंह निवासी चूंदरोड ग्राम चूंद थाना कोटर जिला सतना का होना बताया एवं बोलेरो वाहन को साक्षीयो के समक्ष तलाशी ली गई जिसमें खाकी रंग के कागज के कार्टून बोलेरो वाहन के पीछे की सीट पर रखे मिले जिन्हें वाहन से नीचे रखवाकर गिनती की गयी जो 19 नग कागज के कार्टून में अंग्रेजी शराब भरे होना पाया गया काटूनों को चेक किया गया जो 08 पेटी स्टाक कंपनी की बियर 650 एमएल की कुल 96 नग, मात्रा 62.400,01 पेटी मैजिक मूमेन्ट की अंग्रेजी शराब कुल 48 नग प्रत्येक 180 एमएल मात्रा 8.640 लीटर, 02 पेटी किंग फिसर स्ट्रांग बियर (केन) प्रत्येक कार्टून में 24-24 नग प्रत्येक 500 एमएल के 24 लीटर, 02 पेटी अंग्रेजी गोवा विस्की शराब प्रत्येक कार्टून में 50-50 नग कुल 100 नग प्रत्येक 180 एमएल की कुल मात्रा 18 लीटर ,02 पेटी रायल स्टेज विस्की प्रत्येक कार्टून में 48-48 नग कुल 96 नग प्रत्येक 180 एमएल के कुल मात्रा 17.280 लीटर , 04 पेटी अंग्रेजी मेगडावल नं.1 विस्की प्रत्येक कार्टून में 48-48 नग कुल 192 नग प्रत्येक 180 एमएल की कुल मात्रा 34.560 लीटर । कुल अंग्रेजी शराब 164.880 लीटर कुल कीमती 89868/रुपए का पाया गया । आरोपी सनेह उर्फ शनि का कृत्य अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का दंडनीय पाये जाने पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । वापसी पर अपराध क्रमांक 105/2026 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । मामले गिरफ्तार सुदा आरोपी सनेह उर्फ शनि सिंह को न्यायालय पेश किया गया जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया । सम्पूर्ण कार्यवाही श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय अनूपपुर, श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय अनूपपुर के मार्गदर्शन एवं श्रीमान अनुविभागीय

अधिकारी (पुलिस) पुष्पराजगढ़ निर्देशन पर निरीक्षक पी.सी. कोल ,सउनि.अवधलाल अहिरवार, प्र.आर. 142 वीरेन्द्र सिंह, प्र.आर. 42 राजेन्द्र प्रसाद यादव, प्र.आर. 144 धीरज तिल्गाम की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

# युवक की आत्महत्या मामले में कांग्रेस नेता रामजी रिंकू मिश्रा का बड़ा आंदोलन, पुलिस की धमकी से सहमे युवक ने उठाया था कदम

**समाज जागरण**

अनूपपुर। जिले के कोतमा थाना अंतर्गत ग्राम पकरिहा में एक 23 वर्षीय युवक राजेश गुप्ता की आत्म हत्या के मामले ने अब राजनीतिक और सामाजिक मोड़ ले लिया है। पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए जिला पंचायत सदस्य और दिग्गज कांग्रेस नेता रामजी 'रिंकू' मिश्रा अपने साथियों के साथ धरने पर बैठ गए, जिसके बाद प्रशासन को झुकना पड़ा।

**क्या है पूरा मामला?**

ग्राम पकरिहा निवासी राजेश गुप्ता (पिता दशरथ गुप्ता) का लामाटोला की एक युवती के साथ प्रेम प्रसंग था। परिजनों का आरोप है कि इसी बात को लेकर बीते दिन तीरथ साहू, लल्लू साहू, बिसाहू यादव और उसके पुत्र ने राजेश के साथ बुरी तरह मारपीट की और उसका मोबाइल भी जला दिया। पीड़ित राजेश न्याय की उम्मीद में शाम 7 बजे कोतमा थाने पहुंचा था, लेकिन आरोप है कि पुलिस ने उसकी सुनने के बजाय उसे ही डराया-धमकाया। युवती के परिजनों की शिकायत पर थाना प्रभारी ने राजेश को छेड़छाड़ के मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। पुलिस की इस प्रताड़ना और झूठे केस के डर से सहमा युवक थाने से भाग निकला और घर से 200 मीटर दूर आम के पेड़ पर फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।

**रामजी रिंकू मिश्रा का कड़ा रुख: "*न्याय नहीं तो आंदोलन"**



घटना की जानकारी मिलते ही जिला पंचायत सदस्य रामजी रिंकू मिश्रा आक्रोशित परिजनों के साथ थाने के सामने धरने पर बैठ गए। उन्होंने पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए और दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की।
रामजी रिंकू मिश्रा ने स्पष्ट शब्दों में कहाः "एक निर्दोष युवक न्याय मांगने थाने गया था, लेकिन उसे अपराधी बनाकर डराया गया। यह आत्महत्या नहीं, बल्कि सिस्टम द्वारा की गई हत्या है। जब तक दोषियों और लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं होती, हम पीछे नहीं हटेंगे।"
प्रशासन की कार्रवाई और धरना समाप्त रिंकू मिश्रा के नेतृत्व में बढ़ते जन आक्रोश को देखते हुए पुलिस प्रशासन हरकत में आया। टीआई के आश्वासन और मामले में FIR दर्ज होने के साथ ही एक आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी के बाद रामजी रिंकू मिश्रा ने धरना समाप्त किया। हालांकि, उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि शेष आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी नहीं हुई और परिवार को पूर्ण न्याय नहीं मिला, तो भविष्य में उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। इन नेताओं की रही उपस्थिति इस दौरान रामजी रिंकू मिश्रा के साथ मुख्य रूप सेः निलेश पांडे (अध्यक्ष, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी) मनोज सोनी (वरिष्ठ कांग्रेस नेता) सहेंद्र बंसल (वार्ड पार्षद) शेख साजिद (कांग्रेस नेता) सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।
निष्कर्षः इस घटना ने पुलिस की कार्यशैली पर एक बार फिर दाग लगा दिया है। अब देखना यह है कि प्रशासन बाकी दोषियों पर कितनी जल्दी कार्रवाई कर पीड़ित परिवार के आंसू पोंछ पाता है।

# 200 जोड़े विवाह सूत्र के बंधन से बंधे

## जयसिंहनगर में आयोजित हुआ मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह

**समाज जागरण विजय तिवारी**

शहडोल। मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह/निकाह योजनांतर्गत जनपद मुख्यालय जयसिंहनगर के पुलिस मैदान में जनप्रतिनिधियो एवं अधिकारियो की उपस्थिति में सामूहिक कन्या विवाह कार्यक्रम बड़े उत्साह, उमंग और हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। सामूहिक कन्या विवाह के अवसर पर 200 नव दंपत्तियो ने वैदिक मंत्रोच्चरण एवं भारतीय परंपरा के साथ सात फेरे लेकर परिणय सूत्र में बंधे। विधायक श्रीमती मनीषा सिंह, विधायक शरद कोल, कलेक्टर डॉ. केदार सिंह एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिवम प्रजापति, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मालती सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियो एवं अधिकारियों ने पुष्पवर्षा कर उनके



सुख, समृद्धि और मंगलमय वैवाहिक जीवन की कामना की। कार्यक्रम को सम्बोंधित करते हुए विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने कहा कि सामूहिक विवाह कार्यक्रम के माध्यम से जहां एक ओर विवाह में होने वाले अनावश्यक खर्च को कम किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर दहेज प्रथा जैसी सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने का भी सशक्त संदेश दिया जा रहा है। सामूहिक कन्या विवाह सामाजिक समरसता और सद्भाव का प्रतीक है। उन्होंने विवाह संस्कार को भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण अंग बताते हुए कहा कि सामूहिक विवाह से अनावश्यक खर्चों में कमी आती है और सभी को अपनी खुशियां सझा करने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक शरद कोल ने कहा कि सामूहिक कन्या विवाह समारोह का उद्देश्य समाज में सादगीपूर्ण एवं आदर्श विवाह को बढ़ावा देना तथा आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सहयोग प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से एक ही मंच पर अनेक जोड़ों का विवाह संपन्न कराया जाता है, जिससे सामाजिक एकता को मजबूती मिलती है। कार्यक्रम को सदस्य जिला योजना समिति श्रीमती अमिता चपरा सहित अन्य जनप्रतिनिधियो एवं अधिकारियो ने भी सम्बोंधित किया। कार्यक्रम के दौरान नवदंपतियों को मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत 49 हजार रुपये की आर्थिक सहायता के प्रतीक स्वरूप चेक एवं गृहस्थ जीवन की आवश्यक सामग्री प्रदान की गई, जिससे वे अपने नए जीवन की शुरूआत सुगमता से कर सकें। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सुश्री काजोल सिंह, नगर परिषद अध्यक्ष सुशीला शुक्ला, जनपद उपाध्यक्ष रक्षा सिब्बू सिंह, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष शीवेन्द्र सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जयसिंहनगर श्रीमती शिवानी जैन, एपीओ अनुराग निगम सहित अन्य जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# सतर्कता के बाद भी पुष्पराजगढ़ के जरही मे हो रहा था बाल विवाह

## महिला बाल विकास एवं पुलिस टीम द्वारा रोका गया बाल विवाह

**समाज जागरण**

अनूपपुर 23 अप्रैल 2026 / कलेक्टर श्री हर्षल पंचोली के निदेर्शानुसार तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग श्री विनोद परस्ते एवं सहायक संचालक, महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती मंजूषा शर्मा के मार्गदर्शन में विकासखंड पुष्पराजगढ़ के ग्राम पंचायत जरही में बुधवार को बाल विवाह की सूचना मिलने पर बाल विवाह रोकथाम दल विवाह स्थल पहुंचा। तदुपरांत दल द्वारा उपस्थित परिजन एवं ग्रामीणों को बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में बताया गया और बाल विवाह न करने की समझाइश दी गई तथा बालिका की विवाह योग्य आयु अर्थात 18 वर्ष पूर्ण होने के पश्चात ही विवाह करने की समझाइश दी गई। जिसके फलस्वरूप उपस्थित ग्रामीणों एवं परिजनों द्वारा विवाह रोककर बालिका की उम्र 18 वर्ष पूर्ण होने के पश्चात ही विवाह करने की बात कही गई एवं परिजनों द्वारा शपथ पत्र भी प्रस्तुत किया गया।

दल में बाल कल्याण समिति अनूपपुर के अध्यक्ष श्री मोहनलाल पटेल, महिला एवं बाल विकास विभाग के विधि सह परिवीक्षा अधिकारी श्री अशोक कुमार त्रिपाठी सहित महिला एवं बाल विकास विभाग के पर्यवेक्षक, स्टॉफ एवं पुलिस बल शामिल रहे।

# केशलेस इलाज में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के मासिक अनुदान को संसोधित करने की उठी मांग

**समाज जागरण**

कटनी /मध्य प्रदेश शासन द्वारा प्रदेश के शासकीय कर्मचारियों को स्वास्थ्य बीमा लाभ प्रदान करने हेतु धरातल पर उतारी गयी केशलेस इलाज सुविधा का अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा संघ ने स्वागत करते हुए, इसमें आवश्यक संसोधन से जुड़ा पत्र राज्य शासन को भेजा गया है। अधिकारी -कर्मचारी संयुक्त मोर्चा प्रवक्ता कुंवर मार्तण्ड सिंह राजपूत ने शासन द्वारा लाये गये केबिनेट प्रस्ताव में पेंशनरो से हर माह चार प्रतिशत की दर से मासिक अनुदान को असहज बताते हुए, इसे पेंशनरों के हित में अव्योहारिक
और अतार्किक की संज्ञा से नवाजे हैं।प्रवक्ता ने स्पष्ट किया कि पेंशनरों को सेवा निवृत्त के बाद मिलने वाली



आधी पगार में से केशलेस बीमा का लाभ प्रदान करने के एवज में शासन द्वारा चार फीसदी मासिक कटौती से उनके घरों का वजट चरमराने जैसा व्योहार होगा । अतः इस संवर्ग के कर्मचारियों का मासिक अनुदान भी रेगुलर कर्मचारियों के भांति एक या अधिकाधिक दो प्रतिशत रखा जाना उनके साथ न्याय माना जायेगा । इससे अल्प पेंशन भोगी अधिकारी और कर्मचारी भी खुशी खुशी मध्यप्रदेश शासन की इस नेक और मनभावन सभी कर्मचारियों के स्वास्थ्य से जुड़ी इस सुविधा का लाभ बेहिचक उठा सकेंगे ।लाभ देने के नाम पर एक दम चार से फीसदी कटौती पर पुनर्विचार की मांग दुहराते हुए, इसे संसोधित करने हेतु प्रवक्ता द्वारा पूरे वजनदारिता से पेंशनरों का पक्ष प्रदेश शासन के समक्ष रखने की कोशिश की गयी है, अब देखना है कि प्रदेश शासन अपने पेंशनर्स-कर्मचारियों के हित में इस योजना में कितना राहत भरा बदलाव करता है।

# अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष बने रामलाल रौतेल, कार्यकताओं में खुशी की लहर

**समाज जागरण**

अनूपपुर। भारतीय जनता पार्टी के अनूपपुर विधानसभा पूर्व विधायक एवं पूर्व कोल विकास प्राधिकरण मध्य प्रदेश के अध्यक्ष रामलाल रौतेल को मध्य प्रदेश सरकार ने अनुसूचित जनजाति आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस नियुक्ति पर जिले के भाजपा कार्यकताओं में खुशी की लहर दौड़ पड़ी।
रामलाल रौतेल को यह बड़ी



जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिसका स्वागत भाजपा नेताओं ने किया। मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिलीप जायसवाल, शहडोल सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह, अनूपपुर विधायक बिसाहू लाल सिंह, भाजपा जिला प्रभारी संजय सहू, जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम सहित सभी कार्यकताओं और पदाधिकारियों ने रामलाल रौतेल को बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह ने दी।

# नारी शक्ति अभियान कार्यक्रम का पाली में भव्य आयोजन

## पखवाड़े में विभिन्न जगहों पर संपन्न हुये कार्यक्रम

**समाज जागरण**

बिरसिंहपुर पाली --- महिला बाल विकास परियोजना पाली द्वारा नारी शक्ति पखवाड़े में आयोजित कार्यक्रम की कड़ी में पिछले दिवस पाली नगर के वार्ड क्रमांक 14 एवं 15 के देव पाठ स्थान पर स्थानीय प्रबुद्ध महिलाओं के साथ नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत विधिवत कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। नारी शक्ति वंदन पखवाडा बीते ( 10अप्रैल से 25 अप्रैल 2026 ) के बीच आयोजित किये जाने है इस कड़ी में महिला बाल विकास के तहत कार्यक्रम पाली नगर में जगह जगह आयोजित किये जा रहे हैं। इस कार्यक्रम में किशोरी बालिकाओं और महिलाओं से बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 एवं दागना कुप्रथा



के विरुद्ध दीवार लेखन कराते हुए महिला चौपाल का आयोजन किया गया जहां पर उपस्थित महिलाओं को महिला अधिकारों , महिलाओं से जुड़े कानूनों, महिला हेल्प लाइन नम्बर, चाइल्ड हेल्प लाइन नम्बर, शिक्षा,स्वास्थ्य आदि बुनियादी विषय पर जानकारी देते हुए अपने बेटियों के बाल विवाह ना कराने उन्हें शिक्षित एवं आत्मनिर्भर बनाने की समझाइश दी गई जिसपर सभी महिलाओं ने सहमति जताई एवं बालिका पूनम , रितिका, काजल आदि ने 21 से पहले विवाह ना करने की शपथ ली।
सभी महिलाओं के साथ नारी है तो कल है नारे के साथ रैली निकाली गई एवं पूरे वार्ड घूमकर जागरूकता संदेश दिया गया। कार्यक्रम में महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी, क्षेत्रीय पर्यवेक्षक एवं स्थानीय आंगन बाड़ी कार्यकतार्ये उपस्थित रही

# ग्राम पंचायत में कर्मचारियों के सगे संबंधियों के नाम लग रहें लाखों के बिल

## जिला पंचायत से बह रही भ्ष्टाचार की गंगा पर डुबकी लगाती ग्राम पंचायते

**समाज जागरण**

उमरिया --- ग्राम पंचायतों में सामग्री क्रय करने के लिए शासन व्दारा भले ही मापदंडों का निर्धारण कर दिया गया हो लेकिन उसका पालन कही पर भी होता दिखाई नहीं देता, खरीदी तो उन्हीं लोगों से होगी जो कार्य एजेंसी के मन मुताबिक देयक और बढे हुई सामग्री का हिसाब बराबर चुकता करेंगे। उमरिया जिले की ग्राम पंचायतों में इस तरह के कई वेडर धारियों की निशाने में आये है जिनकी न तो दूकानें है न फर्म और ना ही क्रेसर पर बिल दर्जनों ग्राम पंचायतों में बराबर देखने को मिलता है न जाने ग्राम पंचायतों के इस धांधली भरे खेल पर कब और कौन रोका लगायेगा।जिले भर में ग्राम पंचायतों के देयको की झलकियाँ देखें तो पता चलता है की जिन लोगों की दुकानो का कही रता पता नहीं है उनसे भी सामग्री क्रय बताकर लाखों रूपयों के शासकीय धन राशि का दोहन ग्राम पंचायतों के सरपंच और सचिव करते देखें जा रहे हैं। कुल मिलाकर देखा जाये की जिसकी जहाँ पर सेंटिग बैठ गयी उसी के नाम का देयक लगाये जाते हैं। ऐसी ही एक झलकी पाली जनपद पंचायत के मलहदू ग्राम पंचायत में देखने में आयी है। देखने में आया है की मलहदू ग्राम पंचायत में ग्राम रोजगार सचिव ने अपने सगे पिता जी के नाम का बिल ग्राम पंचायत में लगाकर लाखों रुपए का आहरण किया है। यद्यपि रोजगार सहायक के पास वित्तीय अधिकार तो नहीं है फिर भी इतना अधिकार तो है ही की पिता जी की दूकानदारी की चमक तो बढ़ा ही सकते हैं। सरपंच - सचिव को उनका कमीशन और बढी हुई सामग्री का बिल और उसकी राशि ईमानदारी से मिल जाये तो वह कोई भी विक्रेता बन सकता है। ग्राम पंचायत मलहदू में हुई इस अवैध खरीदी की शिकायत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के यहाँ की गयी है, जिसमें बताया गया है कि दुकान दार ने बिना जी एस टी के बिलों लगभग 18 देयको के माध्यम से 1,84,350 रुपए के सीमेंट के बिल लगाकर शासकीय धन राशि का दोहन किया गया है।

मलहदू ग्राम पंचायत तो एक नमूना है पूरे जिले भर में इस प्रकार के देयको के माध्यम से शासकीय धन राशि का अकूत दोहन किया जा रहा है। नवागत कलेक्टर महोदय से अपेक्षा है कि जिले में बैठे पंचायत एवम ग्रामीण विकास के मुखिया अभय ओहरिया जिनकी के मनमानी पूर्वक कार्यशैली पर रोक लगाने की कृपा करेंगी क्योकि जबसे ओहरिया जी ने इसकी लगाम थामी है तब से ग्राम पंचायतों में जिस तरह के तांडव उभर कर सामने आये है, खरीदी भी उसी प्रक्रिया का एक हिस्सा बन कर उभरी हुई है। अपेक्षा है की ग्राम पंचायतों पर अंकुश लगाने के लिए मुखिया को ही पहले शासन के मापदंडों के अनुरूप कार्य पद्धति अपनानी होगी, ताकि पंचायतों के स्वेच्छाचारिताा पूर्ण कार्य पद्धति पर स्वमेव रोक लग जायेगी।

# वृक्षारोपण जन अभियान की समीक्षा, मंत्री ने दिए सख्त निर्देश

**समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ**
**विजय कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। मा0 राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) वन पर्यावरण जन्तु उघान एवं जलवायु परिवर्तन विभाग डॉ0 अरूण कुमार सक्सेना ने आज सर्किट हाउस सभागार में वन विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में विभागीय अधिकारियों द्वारा जनपद में संचालित योजनाओं एवं वृक्षारोपण कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। इस दौरान मा0 राज्य मंत्री (समाज कल्याण) संजीव कुमार गौड, मा0 विधायक सदर भूपेश चौबे एवं मा0 विधायक घोरावल डॉ. अनिल कुमार मौर्य, भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल गुप्ता ने सड़कों के निर्माण पटवध बसुआरी मार्ग, मंग्लेश्वर महादेव मन्दिर मार्ग, तिलहर मार्ग व बिजली के खम्भें गाड़ने में आ रही वन




विभाग से सम्बन्धित समस्याओं के सम्बन्ध में मंत्री को अवगत कराये, मंत्री ने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि धार्मिक स्थलों एवं ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ने वाली सड़कों के निर्माण में यदि कोई समस्या हो, तो संबंधित कार्यदायी संस्था से आवेदन प्राप्त कर प्रवेश पोर्टल के माध्यम से उसका शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। वन विभाग सम्बन्धित कार्यदायी सस्था मा0 जनप्रतिनिधिगणों की उपस्थिति में बैठक कर ली जाये और जो भी समस्यायें आ रही है

उसका निराकरण अतिशीघ्र कराया जाये। बैठक के दौरान मंत्री ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत किए गए वृक्षारोपण की समीक्षा करते हुए कहा कि लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल एवं निगरानी अनिवार्य रूप से की जाए सभी अधिकारी स्थलीय निरीक्षण करें, अन्यथा लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई की जाएगी, उन्होंने कहा कि वृक्षा रोपण जन अभियान के अन्तर्गत कम से कम 3 फीट ऊंचाई के पौधे लगाये तथा महुआ, चिरौंजी एवं फलदार प्रजातियों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। मंत्री जी ने कहा कि महुआ विक्रेताओं के विरुद्ध अनावश्यक कार्रवाई न की जाए। प्रदूषण नियंत्रण विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होने कहा कि सड़कों पर फ्लाई ऐश न फैलने देने तथा प्रदूषण फैलाने वाली इकाइयों पर सख्त कार्रवाई की जाये, और उन्होंने कहा कि नियमित रूप से कम्पनियों का निरीक्षण किया जाये, पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देने पर बल दिया। मा0 मंत्री ने सर्किट हाउस परिसर में वृक्षा रोपण जन अभियान के तहत पौध रोपण भी किये। इस मौके पर सुशान्त शर्मा मुख्य वन संरक्षक मीरजापुर मंण्डल, आशुतोष जायसवाल डी0एफ0ओ0 रावर्ट सगंज, कमल कुमार डी0 एफ0ओ0 रेनूकूट, दीलीप कुमार तिवारी डी0एफ0ओ0 ओबरा, तपश मिहिर डी0एफ0ओ0 कैमूर वन जीव प्रभाग उपस्थित रहें।

# होमगार्ड्स लिखित परीक्षा-2025: सुरक्षा व्यवस्था सख्त, एसपी ने किया परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण

**समाज जागरण/**
**आदिवासी सुनील त्रिपाठी**



सोनभद्र। जनपद में आगामी 25, 26 एवं 27 अप्रैल 2026 को आयोजित होने वाली होमगार्ड्स लिखित परीक्षा-2025 को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। इसी क्रम में गुरुवार को पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा कक्षों, प्रश्नपत्रों एवं उत्तर पुस्तिकाओं के भंडारण स्थल (स्ट्रॉन्ग रूम) तथा पूरे परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा सामग्री की गोपनीयता और सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा प्रक्रिया की निष्पक्षता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस दौरान परीक्षा केंद्रों पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता की भी जांच की गई। एसपी ने निर्देश दिया कि सभी कैमरे पूरी तरह सक्रिय रहें और उनकी सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता या संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। इसके अलावा परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों की सुचारु आवाजाही, प्रवेश एवं निकास व्यवस्था, सघन तलाशी, बाहरी व्यक्तियों की रोकथाम , यातायात प्रबंधन और भीड़ नियंत्रण जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जा रही है और सभी केंद्रों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने कहा कि संवेदनशील परीक्षा केंद्रों पर अतिरिक्त सतर्कता बरती जाएगी तथा पूरे आयोजन पर लगातार निगरानी रखी जाएगी, जिससे किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की संभावना न रहे। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी

एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे। प्रशासन ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे निर्धारित समय पर परीक्षा केंद्र पर पहुंचे और सभी दिशा-निदेर्शों का पालन करें, ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हो सके।

# " पढ़े विश्वविद्यालय , बढ़े विश्वविद्यालय " अभियान रैली का आयोजन, सीएसआर फंड से शिक्षा में सहयोग की कंपनियों से अपील

**समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ,**
**विजय कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। शक्तिनगर स्थित महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के अंतर्गत "पढ़े विश्वविद्यालय, बढ़े विश्व विद्यालय" अभियान के तहत एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। एनटीपीसी शक्तिनगर परिसर में हुई इस रैली को कुलपति प्रो. आनंद त्यागी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर ग्रामप्रधान प्रमोद तिवारी व हीरालाल, एनटीपीसी सिंगरौली के प्रबंधक डॉ. ओमप्रकाश और एनसीएल खड़िया के सीएसआर अधिकारी अमरेंद्र कुमार भी उपस्थित रहे। रैली में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्होंने नगर के विभिन्न क्षेत्रों और



आसपास के गांवों में भ्रमण कर शिक्षा के महत्व का संदेश दिया। छात्रों ने "शिक्षा ही विकास की कुंजी है" जैसे नारों के माध्यम से लोगों को उच्च शिक्षा के प्रति जागरूक किया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य दूरस्थ और आदिवासी क्षेत्रों के युवाओं को विश्वविद्यालय से जोड़ना तथा उन्हें शिक्षा के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम के दौरान कुलपति प्रो. आनंद त्यागी ने एनटीपीसी शक्तिनगर कैंपस का दौरा किया। उन्होंने छात्रों, शिक्षकों, प्रबुद्धजनों और पत्रकारों से संवाद किया तथा शैक्षणिक वातावरण को बेहतर बनाने के लिए सुझाव मांगे। कुलपति ने कहा कि पारंपरिक शिक्षा के साथ-साथ रोजगारपरक शिक्षा को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है, ताकि छात्रों को पढ़ाई के साथ रोजगार के बेहतर अवसर मिल सकें। संवाद के दौरान छात्र-छात्राओं की विभिन्न समस्याओं और आवश्यकताओं पर भी चर्चा हुई। कुलपति ने बताया कि एनसीएल के सीएसआर मद से छात्राओं के लिए बस सुविधा उप लब्ध कराई गई है। उन्होंने भविष्य में छात्रावास सहित अन्य सुविधाओं का विस्तार करने का प्रयास करने की बात कही। कुलपति ने एनटीपीसी और एनसीएल जैसी संस्थाओं से सहयोग की अपेक्षा जताते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में सीएसआर फंड का उपयोग समाज के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। प्रो. त्यागी ने यह भी जानकारी दी कि मिजार्पुर में मां विंध्यवासिनी विश्व विद्यालय के प्रारंभ होने के बाद सोनभद्र में नए पाठ्यक्रम शुरू करने की योजना बनाई जा रही है। उन्होंने बताया कि सीएसआर के तहत कंप्यूटर लैब की स्थापना की जा चुकी है और जल्द ही स्मार्ट क्लास की शुरूआत भी की जाएगी, जिससे छात्रों को आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके।

# डाला मंडल अध्यक्ष ने वन, पर्यावरण जंतु उद्यान एवं जल वायु परिवर्तन राज्य मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**समाज जागरण/**
**अनिल कुमार अग्रहरी**

डाला/सोनभद्र। गुरुवार को जनपद दौरे पर आए वन, पर्यावरण जंतु उद्यान एवं जल वायु परिवर्तन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अरुण कुमार सक्सेना को भाजपा डाला मंडल अध्यक्ष संदीप सिंह पटेल द्वारा क्षेत्र की दो प्रमुख समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा गया और ध्यान आकृष्ट किया गया। प्रथम पत्रक में एक अत्यंत गंभीर एवं जनस्वास्थ्य से जुड़ी समस्या से अवगत कराया गया। जिसमें अवगत कराया गया कि नगर पंचायत डाला बाजार क्षेत्र अंतर्गत स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री द्वारा बाहर से कचरा मंगाकर बड़े पैमाने पर खुले में डंप किया जा रहा है, जो कि पूर्णतः नियमों के विरुद्ध है। और बताया गया कि इस अवैध कचरा डंपिंग के कारण उठने वाली तेज और जहरीली दुर्गंध पूरे डाला बाजार में फैल रही है, जिससे आम जनता का जीना मुश्किल हो गया है। बाजार क्षेत्र, जहां प्रतिदिन सैकड़ों लोग आते जाते हैं, वहां इस दुर्गंध के कारण लोगों को सांस लेने में दिक्कत, सिर दर्द, उल्टी एवं अन्य बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि यह सीधे तौर पर जनस्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है। बार-बार शिकायतों के




बावजूद यदि अब तक कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं की गई है, तो यह संबंधित अधिकारियों की लापरवाही को दशार्ता है। ज्ञापन के जरिए भाजपा डाला मंडल द्वारा मांग किया गया कि इस मामले की तत्काल उच्च स्तरीय जांच कराई जाए, फैक्ट्री द्वारा बाहरी कचरा मंगाकर डंप करने की गतिविधि को तुरंत बंद कराया जाए, पर्यावरण नियमों का उल्लंघन करने पर संबंधित फैक्ट्री के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाए। दूसरे पत्रक में अवगत कराया गया कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत सन 2018 में स्वीकृत नक्सल प्रभावित इलाके एवं प्रशासनिक चार (4) पुलिस चौकी चकरिया, रानीडीह, चननी और बसुहारी एवं 61 किलोमीटर सोनभद्र के अंतिम छोर तक दसों गांव के लगभग 50000 से अधिक आम जनमानस के सुविधा को देखते हुए निर्माण कार्य का प्रस्ताव पास हुआ था परंतु पटवध से लेकर ग्राम पंचायत कन्हौरा टोला (छिकड़ा) तक वाइल्डलाइफ सेंचुरी वन एरिया होने के कारण अभी तक एनओसी प्राप्त नहीं हो सकी है जिसके कारण सिर्फ.सोलग डालकर सड़क अधूरी पड़ी हुई है तथा आम जनमानस सहित प्रशा सनिक अधिकारी कर्मचारियों को भी इस रास्ते से यात्रा करना अन्यत कठिन एवं कष्टकारी है। अतः सौंपे गए ज्ञापन के जरिए उक्त विषयों पर ध्यान आकर्षित करते हुए यथाशीघ्र NOC दिलाने की मांग की गई।

# गरीब महिला के लिए देवदूत बने गौरव गुप्ता , रक्तदान कर दी नई जिंदगी

**समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ**
**विजय कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र अंतर्गत बस स्टैंड निवासी गौरव गुप्ता द्वारा एक गरीब जरूरतमंद महिला की जान बचाने के लिए किया गया रक्तदान न केवल एक सराहनीय पहल है बल्कि यह समाज में जीवित मानवता की सबसे सशक्त मिसाल भी है। ऐसे दौर में जब लोग अक्सर अपनी व्यस्तताओं और निजी स्वार्थों में उलझे रहते हैं किसी अनजान व्यक्ति की जिंदगी बचाने के लिए आगे आना वास्तव में बड़े दिल संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी का प्रतीक है। जानकारी के अनुसार चोपन क्षेत्र की एक गरीब महिला को अचानक रक्त की आवश्यकता पड़ी। स्थिति गंभीर थी और समय कम। ऐसे में जब परिजन और अस्पताल ब्लड की व्यवस्था



के लिए परेशान थे तब गौरव गुप्ता ने मानवता का परिचय देते हुए अपने निजी कार्यों और व्यवसाय को छोड़कर तत्काल जनपद मुख्यालय स्थित पंचशील हॉस्पिटल पहुंचकर रक्तदान किया। उनका यह कदम न केवल उस महिला के लिए जीवनदायी साबित हुआ बल्कि उपस्थित लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बन गया। रक्तदान केवल एक चिकित्सकीय प्रक्रिया नहीं बल्कि यह जीवनदान का सबसे बड़ा माध्यम है। एक यूनिट रक्त किसी व्यक्ति को नई जिंदगी दे सकता है। इसके बावजूद समाज में आज भी रक्तदान को लेकर कई तरह की भ्रांतियां और डर मौजूद हैं। लोग जागरूकता के अभाव में इस पुनीत कार्य से दूर रहते हैं। ऐसे में गौरव गुप्ता जैसे युवा उन सभी भ्रांतियों को तोड़ते हुए समाज को एक सकारात्मक दिशा दिखाते हैं। यह घटना हमें आत्ममंथन के लिए भी प्रेरित करती है। यदि समाज का हर सक्षम व्यक्ति वर्ष में एक या दो बार भी रक्तदान करने का संकल्प ले तो शायद ही किसी मरीज को खून की कमी के कारण अपनी जान गंवानी पड़े। अस्पतालों में ब्लड की कमी एक गंभीर समस्या है जिसे केवल सरकारी प्रयासों से नहीं बल्कि जनभागीदारी से ही दूर किया जा सकता है। समाज और प्रशासन दोनों की जिम्मेदारी बनती है कि ऐसे नेक कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया जाए। इससे न केवल उनका मनोबल बढ़ता है बल्कि अन्य लोग भी प्रेरित होकर इस दिशा में आगे आते हैं। विद्यालयों महाविद्यालयों और सामाजिक संगठनों को भी समय-समय पर रक्तदान शिविर आयोजित कर जागरूकता फैलानी चाहिए। आज जरूरत है कि हम सभी यह समझें कि रक्तदान से न तो कोई कमजोरी आती है और न ही स्वास्थ्य पर कोई प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। बल्कि यह एक स्वस्थ व्यक्ति के लिए सुरक्षित और लाभकारी प्रक्रिया है। सबसे बड़ी बात यह है कि इससे किसी की जिंदगी बचाई जा सकती है और इससे बड़ा पुण्य कार्य शायद ही कोई हो। गौरव गुप्ता का यह कदम केवल एक व्यक्ति की जान बचाने तक सीमित नहीं है बल्कि यह पूरे समाज के लिए एक मजबूत संदेश है इंसानियत अभी जिंदा है बस उसे आगे बढ़ाने की जरूरत है।

# बालू लदा ट्रक पलटने से चालक की दर्दनाक मौत

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

जुगैल/सोनभद्र। स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत खेवधा मोड़ के पास बुधवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में ट्रक चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बताया जा रहा है कि हादसा रात करीब 11 बजे के आसपास उस समय हुआ जब बालू लादकर आ रहा एक ट्रक अनियंत्रित होकर खाई में पलट गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रक चालक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह (उम्र लगभग 33 वर्ष), निवासी कोरांव, जनपद प्रयागराज, वाहन चला रहा था। खेवधा मोड़ के पास चढ़ाई पर ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर पीछे की ओर बैक होने लगा। स्थिति बिगड़ती देख चालक ने अपनी जान बचाने के लिए



ट्रक से कूदने की कोशिश की, लेकिन दुर्भाग्यवश वह ट्रक के नीचे आ गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हादसे की सूचना स्थानीय लोगों द्वारा तत्काल जुगैल पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद शव को ट्रक के नीचे से बाहर निकाला। इसके बाद पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मौके पर मौजूद ट्रक मालिक विजय कुमार केशरवानी (35 वर्ष), पुत्र राजमन केशरवानी ने बताया कि चढ़ाई पर वाहन बैक होने के कारण नियंत्रण बिगड़ गया और ट्रक खाई में पलट गया, जिससे चालक उसकी चपेट में आ गया। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और आगे की विधिक कार्रवाई जारी है। खेवधा मोड़ पर हुआ यह हादसा एक बार फिर क्षेत्र की खतरनाक सड़कों और ढलानों की ओर इशारा करता है, जहां जरा सी चूक जानलेवा साबित हो सकती है।

# वामदलों का प्रदर्शन, राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा

**समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ**
**विजय कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। गुरुवार को संयुक्त वामदलों के बैनर तले भाकपा, माकपा और माले के कार्यकताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन कर मजदूरों के समर्थन में जोरदार आवाज उठाई। कार्यकताओं ने तपती धूप में नारेबाजी करते हुए एडीएम के माध्यम से माननीय राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में नोएडा सहित देशभर में मजदूरों पर हो रहे कथित दमन, लाठीचार्ज, फर्जी मुकदमों और शोषण के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई।



वक्ताओं ने कहा कि मजदूरों की मूल मांग-8 घंटे कार्यदिवस, अतिरिक्त कार्य पर दोगुना ओवरटाइम और बेहतर कार्य परिस्थितियां-पूरी की जानी चाहिए। भाकपा जिला सचिव कामरेड आर.के. शर्मा ने आरोप लगाया कि मजदूरों के शांतिपूर्ण आंदोलन पर दमनात्मक कार्रवाई सरकार के श्रमिक विरोधी रवैये को दशार्ती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मजदूरों और किसानों की जायज मांगों को दबाया जा रहा है। माकपा जिला मंत्री कामरेड नन्दलाल आर्या ने कहा कि नोएडा में मजदूरों और उनके नेताओं की गिरफ्तारी, उन पर मुकदमे दर्ज करना और परिवार से संपर्क तक रोकना बेहद निंदनीय है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश के कई जिलों में विरोध जताने वाले नेताओं और कार्यकताओं को भी हाउस अरेस्ट कर डराने-धमकाने की कार्रवाई की गई।

खेत मजदूर यूनियन के नेता कामरेड देव कुमार विश्वकर्मा ने कहा कि प्रदेश में जनतांत्रिक अधिकारों का हनन हो रहा है, जबकि किसान सभा के नेता कामरेड प्रेमनाथ ने सरकार पर जनआंदोलनों को बदनाम करने का आरोप लगाया। सीटू के प्रदेश उपाध्यक्ष कामरेड विसंभर सिंह ने मांग की कि नोएडा आंदोलन के दौरान गिरफ्तार सभी मजदूरों और नेताओं को तत्काल रिहा किया जाए तथा उनके खिलाफ दर्ज मुकदमे वापस लिए जाएं। वामदलों के नेताओं ने मांग की कि प्रदेश में शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन पर रोक न लगाई जाए, पुलिस द्वारा की जा रही कथित दमनात्मक कार्रवाई पर रोक लगे और मजदूर संगठनों के साथ सरकार तत्काल वार्ता कर उनकी मांगों पर समाधान निकाले। प्रदर्शन में कामरेड पुरुषोत्तम, प्रेमचन्द्र गुप्ता, ईश्वर दयाल, लल्लन राम, दुबराजी देवी, उर्मिला देवी, तेतरी देवी, सीमा, कमली देवी, आशय कुमार सिंह, राजबली, हनुमान प्रसाद, राजकुमार, लाल बहादुर और रामबचन सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दीक्षांत परेड हेतु भव्य एवं अनुशासित पूर्वाभ्यास सम्पन्न

**समाज जागरण/**
**आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के नेतृत्व में पुलिस लाइन चुर्क, जनपद सोनभद्र के परेड ग्राउंड में आज दिनांक 23.04.2026 को आगामी दीक्षांत परेड समारोह (Passing Out Parade) के सफल एवं गरिमामयी आयोजन के दृष्टिगत भव्य पूर्वाभ्यास (रिहर्सल) सम्पन्न कराया गया। प्रशिक्षणाधीन रिक्रूट आरक्षियों द्वारा अद्वितीय अनुशासन, समर्पण एवं उत्साह का परिचय देते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड की सलामी ग्रहण कर परेड का सूक्ष्म निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात मार्च पास्ट में रिक्रूट्स ने बैंड की मधुर धुन पर कदम से कदम मिलाते हुए आकर्षक एवं प्रभावशाली तालमेल का प्रदर्शन प्रस्तुत किया, जो उनकी कड़ी प्रशिक्षण प्रक्रिया का प्रत्यक्ष उदाहरण रहा।



**तैयारियों की गहन समीक्षा, अधिकारियों को दिए**

**आवश्यक निदेर्शः**

निरीक्षण उपरांत पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा रिक्रूट आरक्षियों को संबोधित करते हुए उनके उत्साह, अनुशासन एवं समर्पण की सराहना की गई तथा उन्हें भविष्य में कर्तव्यनिष्ठ, सजग एवं जनसेवा के प्रति समर्पित पुलिसकर्मी बनने के लिए प्रेरित किया गया। आगामी मुख्य समारोह को त्रुटिहीन, भव्य एवं गरिमामयी बनाने हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित अधिकारियों को परेड ग्राउंड की समुचित व्यवस्था, अतिथियों के सुव्यवस्थित बैठने, यातायात एवं सुरक्षा प्रबंधन, साफ-सफाई तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ऋषभ रूणवाल, क्षेत्राधिकारी यातायात सुश्री चारु द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा, क्षेत्राधिकारी घोरावल राहुल पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी

सदर राज सोनकर, प्रतिसार निरीक्षक सोनभद्र मो0 नदीम, आरटीसी प्रभारी एवं अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण उप स्थित रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में हैंडपंप पर मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

जुगैल/सोनभद्र। स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बड़गांवा में रमेश अगरिया पुत्र शंकर अगरिया उम्र 25 वर्ष की मौत हो गई है भूतपूर्व ब्लॉक प्रमुख दयाराम के घर के रोड के दक्षिण साइड हैंड पंप के फाउंडेशन पर मृतक पाया गया दिनांक 23/4/ 26 गांव वालो ने देखा कि कोई आदमी हैंड पंप के फाउंडेशन पर सो रहा है जगाने की कोशिश किया गया तो मृत पाया गया फिर उसके घर वालों को सूचना किया गया साथ ही पीआरबी डायल 112 को सूचना दिया गया मौके पर जुगैल थाना प्रभारी शव को कब्जे में लेकर जाच पड़ताल में जुट गये जुगैल थाना प्रभारी मनोज कुमार सिंह ने बताया कि हमारे दरोगा और कांस्टेबल वहां पहुंचकर डेड बॉडी को अपने कब्जे में लेकर पीएम हाउस भेज रहे हैं हम लोग मौत का कारण जानने की कोशिश कर रहे हैं और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण का पता लग पाएगा वहीं घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है और गांव में मौत को लेकर तरह-तरह की अटकलें लगाई जा रही है।

# सीओ कार्यालय पर तैनात स्टेनो वेद प्रकाश सिंह का हुआ ट्रांसफर

**सीओ कार्यालय एवं पुलिस चौकी दुद्धी से दी गई भावभीनी विदाई,**

**समाज जागरण**

दुद्धी/सोनभद्र। पुलिस उपाध्यक्ष दुद्धी कार्यालय पर लगभग 1 वर्षों से कार्यालय में पुलिस स्टेनो के पद पर तैनात वेद प्रकाश सिंह का स्थानांतरण जिला मुख्यालय सोनभद्र सीओ सिटी कार्यालय पर होने के उपरांत आज दिन बुधवार को सीओ कार्यालय दुद्धी पर विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां पुलिस उपाधीक्षक राजेश कुमार राय ने अपने अधीनस्थ पुलिसकर्मियों के साथ उन्हें माला पहनकर मिष्ठान खिलाकर भावभीनी विदाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया, इसी क्रम में पुलिस चौकी दुद्धी में भी विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां उपनिरीक्षक श्याम जी यादव के नेतृत्व में अन्य पुलिसकर्मियों एवं पत्रकार साथियों ने उन्हें काशी विश्वनाथ एवं बाबा भीमराव अंबेडकर के चित्र प्रतिमा देकर माल्यार्पण कर नम आंखों से विदाई देते हुए, लोगों ने बताया कि वेद प्रकाश सिंह विगत 1 वर्षों से पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय में स्टेनो का कार्य भार संभाल रहे थे, जिनकी कार्य शैली अत्यंत सराहनीय रहा, वेद प्रकाश मिलनसार मृदुभासी एवं दिल नेक व्यक्ति रहे, जो कम समय में ही स्थानीय लोगों के दिलों में पुलिस की एक मित्रवत अमिट छाप बना गए जिनके विदाई समारोह में उपस्थित जनों की आंखें नम हो गई और उन्होंने उनको भावभीनी विदाई दी, इस मौके पर संतोष कुमार मनोज सिंह सर्वेश सिंह विनोद सरोज सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद है।

# नगर पंचायत दुद्धी के सार्वजनिक स्थानों एवं पोलों पर लगे होर्डिंग बैनर हटाए गए

**समाज जागरण**

दुद्धी/सोनभद्र। स्थानीय नगर पंचायत द्वारा कस्बे में लगे पोल से बैनर एवं होर्डिंग हटाए जाने का अभियान शुरू हुआ तो देखने वालों की भीड़ उमड़ गई और हर कोई यह जानना चाहता था कि चुनाव अचार संहिता लागू हों गई क्या या कोई और बात हैं, जिसे लेकर नगर पंचायत बैनर होर्डिंग हटवाने लगा। बताया गया कि नगर के पोलों पर लगे होर्डिंग एवं बैनर के लिए नगर पंचायत से बिना परमिशन के ही पाट दिया गया था जिसे लेकर किसी ने जन सुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज करायी थी, शिकायत दर्ज होने और उच्च अधिकारियों के आदेश के बाद एक्शन में आया नगर पंचायत बुधवार को कस्बे के सड़कों किनारे लगे होर्डिंग और बैनर को हटाना शुरू कर दिया। बताया गया कि नगर अभी तक बिना परमिशन के ही लोग बैनर एवं होर्डिंग आदि लगाते रहे हैं लेकिन



अब शिकायत होने के बाद नगर पंचायत द्वारा हटवाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई हैं। चेयरमैन कमलेश मोहन ने बताया कि एक शिकायत के बाद उच्च अधिकारियों के आदेश पर बैनर एवं होर्डिंग हटवाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई हैं, उन्होंने बताया कि बिना परमिशन कोई भी बैनर एवं होर्डिंग नही लगा सकते हैं। बैनर एवं होर्डिंग लगाने के लिए सबसे पहले नियमानुसार परमिशन लेनी होगी।

# स्वस्थ आंखें सेमिनार का हुआ आयोजन

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी।। आर.जे. संकरा आई हॉस्पिटल वाराणसी के तत्वावधान में संत अतुलानंद रेजिडेंशियल एकेडमी में स्वस्थ आंखें विषय पर जागरूकता सेमिनार आयोजित किया गया। इस अवसर पर डॉ. दिव्या भार्गवी कट्टा, कंसल्टेंट




पीडियाट्रिक ऑप्थैल्मोलॉजी, कैटरैक्ट एवं स्क्विंट ने एक ज्ञानवर्धक स्वास्थ्य की जानकारी दी।उन्होंने विद्यार्थियों को आंखों की देखभाल एवं स्वच्छता के महत्व के साथ-साथ नेत्र चिकित्सा (ऑप्थैल्मोलॉजी) में करियर अवसरों की जानकारी दी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र एवं स्टाफ उपस्थित रहे।

इस सेमिनार का आयोजन प्रशासक अविनाश प्रसाद त्रिपाठी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं उन्हें स्वस्थ एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम का सफल आयोजन टीम के उत्कृष्ट सहयोग से संपन्न हुआ।

# विजयलक्ष्मी काआईएएस अफसर बनने की तमन्ना है

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी हरहुआ ब्लाक के अटेसुआ गांव की निवासिनी विजयलक्ष्मी जिसके माता का नाम माधुरी देवी, पिता का नाम रामआसरे यादव दो बहनों में छोटी और भाई नही है।प्रतिदिन 8 घण्टे पढ़ाई करती और पूरे घर गृहस्ती में समय देकर पूरे परिवार की सेवा करती रही। भविष्य में आईएएस अधिकारी बनना चाहती है।

सफलता का श्रेय सभी टीचर्स व माता-पिता को दे रही है।



विजय लक्ष्मी यादव ,अटेसुआ ब्लाक हरहुआ

अपना शौक खेल व पढ़ाई में विशेष रुचि है।

# टॉपर बच्चों को विद्यालय ने किया सम्मानित

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी हरहुआ ब्लाक के पुआरी खुर्द स्थित शमीर्ला इंटरमीडिएट कालेज के शिवम कुमार, शालिनी सिंह व राजनन्दनी ने 10वी की परीक्षा में शामिल होकर अपनी प्रतिभा के बल पर जिले के टॉप टेन सूची में अपना नाम दर्ज कराकर सबके प्रिय बन गए।

विद्यालय के प्रबन्धक श्रीमती शमीर्ला प्रजापति ,प्रिंसिपल ,रामानन्द प्रजापति ,प्यारेलाल प्रजापति व सदानन्द प्रजापति ने विद्यालय प्रांगण में अभिभावकों सँग आमंत्रित कर प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित किया।

वक्ताओं ने कहा कि देश की शान बने ये बच्चे कल के भारत हैं जो विकसित व आधुनिक भारत के कर्णधार हैं। इनके उत्साह को प्रोत्साहित करके देश के कुशल होनहार देशभक्त के रूप में सेवा की हसरतों को पूरा करने का सदैव अवसर प्रदान किया जाएगा।

बच्चों ने सभी शिक्षक/शिक्षिकाओं ,बड़ों का पैर छूकर आशीर्वाद प्राप्त करते हुए दोस्तो ,सखियों सँग खुशियां मनाई।

# राजेश्वरी बालिका इंटर कालेज हरहुआ का रिजल्ट रहा शत प्रतिशत

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। हरहुआ स्थित राजेश्वरी बालिका इंटर कालेज का वर्ष 2026 का हाई स्कूल व इंटरमीडिएट का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा।

हाईस्कूल में मोहिनी यादव ने 92.6% ,सबा परवीन 89.8%, प्राची सिंह 89.2% व दीक्षा ने 85..6% अंक हासिल किया। वहीं इंटर कला वर्ग में मोनी पाल 85.5% ,प्रीति 83.4% व जुबैरिया खान 82.0% अंक हासिल किया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक कौशलेंद्र नारायण सिंह ने सफल छात्रो को बधाई दी।साथ ही साथ मिठाई खिलाकर आशीर्वाद प्रदान किया

# विजय लक्ष्मी ने विजय कर विद्यालय का बढ़ाया मान

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी जैसा नाम वैसा करके दिखाया प्रतिभा वान विजय लक्ष्मी यादव ने। गरीब परिवार में जन्म लेने वाली दो बहनें ही हैं भाई नहीं होने का गम नहीं सिर्फ कुछ बेहतर बनने की जिद व तमन्ना लिए तीन चाचा और गृहिणी माता व चाचियों का सर पर छाया बराबर साहस और हौसला मिलता रहा। पढ़ाई के लगन ने आज परिवार व विद्यालय का गौरव बढ़ाया। कुल 8 घण्टे पढ़ाई का तोहफा देकर मान बढ़ाया।



विजयलक्ष्मी यादव का माला पहनाकर मिठाई खिलाते माँ माधुरी देवी ,प्रिंसिपल गनेश प्रसाद एम बी ए एच अटेसुआ ,मुर्दहा, हरहुआ ब्लाक।

एम बी ए एच अटेसुआ ,मुर्दहा ब्लाक हरहुआ के प्रिंसिपल गणेश प्रसाद ने माँ बेटी का विद्यालय प्रांगण में माला पहनाकर मिठाई खिलाकर समान्नित किया। आज बेटी के परचम लहराने पर माँ सहित सभी परिजन ,शिक्षक ,सखियां खुश रही और बधाई दी।

# देहरादून बाईपास निर्माण कार्य तेज, यातायात जाम से मिलेगी बड़ी राहत

देहरादून। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में क्षेत्रीय संपर्कता मजबूत करने और यातायात जाम कम करने के उद्देश्य से 12 किलोमीटर लंबे ग्रीनफील्ड चार-लेन एक्सेस-कंट्रोल्ड बाईपास का निर्माण कार्य तेजी से जारी है। यह परियोजना दिल्ली-देहरादून आर्थिक गलियारे से जुड़ी होगी।

करीब 716 करोड़ रुपये की लागत वाली इस परियोजना में अब तक लगभग 44 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। इसका निर्माण झझरा से शुरू होकर एनएच-7 के नए पांवटा साहिब-बल्लूपुर खंड को जोड़ते हुए आशारोरी चेक पोस्ट के पास समाप्त होगा। परियोजना के अप्रैल 2027 तक पूर्ण होने की संभावना है।

**शहर को मिलेगी जाम से राहत**

यह बाईपास देहरादून शहर के मुख्य क्षेत्र से गैर-गंतव्य यातायात को हटाकर सेलाक्वी, विकास नगर, हर्बर्टपुर और पांवटा साहिब की ओर मोड़ेगा। इससे शहर में यातायात दबाव और प्रदूषण में उल्लेखनीय कमी आने की उम्मीद है।

**पर्यावरण और वन्यजीव सुरक्षा पर विशेष ध्यान**

परियोजना को पर्यावरणीय संतुलन को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। सड़क की गति सीमा 100 किमी प्रति घंटा रखी गई है, जबकि वन क्षेत्रों में इसे 80 किमी प्रति घंटा तक सीमित किया गया है। राइट ऑफ वे को 30 मीटर तक सीमित रखकर पेड़ों और पारिस्थितिकी तंत्र की रक्षा का प्रयास किया गया है।

# बड़ागांव की सर्जना सिंह ने किया नाम रोशन, जिले की टॉप-10 सूची में बनाई जगह

**समाज जागरण शिव तिवारी**

वाराणसी/बड़ागांव। क्षेत्र के कोइरीपुर स्थित माँ भगवती इंटरमीडिएट कॉलेज की इंटरमीडिएट की छात्रा सर्जना सिंह ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले की टॉप-10 सूची में स्थान प्राप्त कर अपने परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

सर्जना सिंह, पिता राजेश कुमार सिंह, ने 500 में से 450 अंक प्राप्त कर 90 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। वह बड़ागांव क्षेत्र के ग्राम शाहपुर की मूल निवासी हैं और तीन भाई-बहनों में सबसे बड़ी हैं। उनकी छोटी बहन प्रियांशी सिंह इसी विद्यालय में हाईस्कूल की छात्रा है, जबकि छोटा भाई सारांश सिंह कंपोजिट विद्यालय शाहपुर में कक्षा 1 में अध्ययनरत है। सर्जना के पिता राजेश कुमार सिंह प्राथमिक विद्यालय नटवां में



शिक्षामित्र हैं और साथ ही खेती भी करते हैं, जबकि माता सीता देवी गृहिणी हैं।

**डॉक्टर बनने का सपना**

सर्जना ने बताया कि वह नियमित रूप से स्कूल के अलावा घर पर प्रतिदिन 5 से 6 घंटे पढ़ाई करती थीं। उनका लक्ष्य आगे चलकर चिकित्सक बनना है।

**माता-पिता और शिक्षकों को दिया श्रेय**

अपनी सफलता का श्रेय सर्जना ने अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया, जिनके मार्गदर्शन और सहयोग से उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की।

विद्यालय के प्रधानाचार्य अरविंद कुमार मौर्य तथा प्रबंधक श्रीनाथ कुशवाहा ने सर्जना को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रबंधक श्रीनाथ कुशवाहा ने बताया कि विद्यालय के अन्य छात्रों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है, हालांकि कुछ विद्यार्थी मामूली अंकों से टॉप-10 सूची में स्थान बनाने से चूक गए।

इस उपलब्धि से पूरे बड़ागांव क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

# राजस्व संग्रह अमीन संघ की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण संपन्न

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी। राजस्व संग्रह अमीन संघ जनपद वाराणसी की नव निर्वाचित जिला कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह गुरुवार को तहसील सदर सभागार में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी सदर वाराणसी श्री नितिन सिंह उपस्थित रहे।इस अवसर पर संघ के प्रदेश अध्यक्ष सर्वेश कुमार शर्मा एवं प्रदेश महामंत्री संजय कुमार श्रीवास्तव भी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता तहसीलदार सदर संत विजय सिंह ने की, जबकि संचालन कार्यवाहक जिलाध्यक्ष अरुण कुमार श्रीवास्तव द्वारा किया




गया।

समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा नव निर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई तथा नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दी गईं।

इस दौरान संघ के समस्त सदस्य, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल संघ, बाबू संघ सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का समापन आपसी सहयोग और संगठन को मजबूत बनाने के संकल्प के साथ हुआ। साभार

# पृथ्वी दिवस बड़े उत्साह और जागरुकता के साथ मनाया गया

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**

डालिम्स सनबीम स्कूल गांधीनगर में 22 अप्रैल को पृथ्वी दिवस बड़े उत्साह और जागरूकता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पृथ्वी संरक्षण की शपथ के साथ हुई, जिसमें सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों ने पर्यावरण को सुरक्षित रखने का संकल्प लिया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. प्रेरणा राय ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए "3R" अर्थात Recycle, Reuse और Reduce के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यदि हम अपने दैनिक जीवन में इन तीन बातों को अपनाएं, तो पर्यावरण संरक्षण में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं।

इस अवसर पर विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों द्वारा कई रचनात्मक गतिविधियाँ आयोजित की गईं। केजी कक्षा के बच्चों ने ग्रीन अर्थ विषय पर सुंदर चित्र बनाए। कक्षा 1 से 3 तक के विद्यार्थियों ने पर्यावरण जागरूकता से जुड़े आकर्षक बैज तैयार किए। कक्षा 4 से 6 के बच्चों ने प्लास्टिक की बोतलों से पशु आकार के प्लांटर बनाए। कक्षा 7 और 8 के विद्यार्थियों ने प्लांट






एडॉप्शन गतिविधि में भाग लेते हुए पौधों की देखभाल का संकल्प लिया। वहीं कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों ने पृथ्वी संरक्षण विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लिया।

इस वर्ष पृथ्वी दिवस की थीम "Our Power, Our Planet" रही, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को यह संदेश दिया गया कि पृथ्वी को बचाने की शक्ति हम सभी के पास है और छोटे-छोटे प्रयासों से बड़ा बदलाव लाया जा सकता है।

कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों ने पर्यावरण को स्वच्छ, हरित और सुरक्षित रखने का संदेश दिया।

# भटौली साधन सहकारी समिति का रोहनिया विधायक ने किया औचक निरीक्षण

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सेवापुरी विकासखंड स्थित साधन सहकारी समिति भटौली का गुरुवार दोपहर लगभग 12 बजे रोहनिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक डा .सुनील पटेल ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने समिति में रखे गए स्टॉक रजिस्टर, क्रय पंजिका, पंजीकरण प्रपत्र सहित अन्य अभिलेखों की गहन जांच कर गेहूं क्रय व्यवस्था की स्थिति की जानकारी लेते हुए किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न होने देने के निर्देश दिए। इस दौरान केंद्र प्रभारी रोहित मौर्य ने बताया कि गुरुवार तक कुल 8 किसानों से कुल 281



क्विंटल 50 किलोग्राम गेहूं की खरीद की जा चुकी है। साथ ही अन्य किसानों से संपर्क कर उन्हें गेहूं बिक्री के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

उन्होंने यह भी बताया कि अब तक दो किसानों का भुगतान किया जा चुका है और शासन द्वारा केंद्र के लिए 5000 क्विंटल गेहूं खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। केंद्र प्रभारी ने जानकारी दी कि किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए फिलहाल सत्यापन एवं फार्मर रजिस्ट्री की अनिवार्यता को कुछ समय के लिए स्थगित कर दिया गया है।

इस मौके पर प्रमुख रूप से प्रेमा पुष्पा, मुन्ना सैनी, विकास सहित किसान मौके पर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# हरहुआ ब्लाक के दो विद्यालय के छात्रों ने जिले के टॉप टेन सूची में पहुंच किया नाम रौशन

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी हरहुआ ब्लाक के शमीर्ला इंटरमीडिएट कालेज पुआरी खुर्द ,हरहुआ ब्लाक व एम बी ए एच



**हाईस्कूल टॉप 10 सूची में-**
**जिले में तीसरा रैंक-**
**छात्रा का नाम शिवम कुमार**
**प्राप्त अंक 575/600 (95.83)**
**स्कूल- शमीर्ला इंटरमीडिएट कॉलेज पुआरीखुर्द हरहुआ वाराणसी**



**हाईस्कूल टॉप 10 सूची में-**
**जिले में नौवां रैंक-**
**छात्रा का नाम शालिनी सिंह**
**प्राप्त अंक 567/600 (94.50)**
**स्कूल- शमीर्ला इंटरमीडिएट कॉलेज पुआरीखुर्द हरहुआ वाराणसी**



**हाईस्कूल टॉप 10 सूची में-**
**जिले में दसवां रैंक-**
**छात्रा का नाम -राजनंदनी**
**प्राप्त अंक 566/600 (94.33)**
**स्कूल- शमीर्ला इंटरमीडिएट कॉलेज पुआरीखुर्द हरहुआ वाराणसी**

इंटर कालेज अटेसुआ ,मुर्दहा ,हरहुआ ब्लाक जनपद के टॉपटेन में स्थान बनाकर अपने नाम के साथ -साथ विद्यालय का नाम रौशन किया। शमीर्ला इंटरमीडिएट कालेज पुआरी खुर्द के शिवम कुमार ने 575/600 (95.83%) प्राप्तकर तीसरा रैंक ,शालिनी सिंह 567/600 (94.50) प्राप्तकर नौंवी रैंक ,राजनन्दनी देवी 566/600 (94.33) अंक प्राप्तकर 10 वा रैंक प्राप्त किया।

वहीं एम बी ए एच इंटर कालेज ,अटेसुआ ,मुर्दहा की विजय लक्ष्मी यादव 568/600(94.67) 8वी रैंक हासिल किया।

सभी बच्चे वगैर ट्यूशन के घर के कार्य खेती ,खाना बनाना आदि को पूरा करते हुए 6 से 7 घण्टे की पढ़ाई कर विद्यालय के साथ -साथ ,अपना व परिवार का गौरव बढ़ाया। सभी बच्चों ने इस सफलता के लिए विद्यालय के गुरुजनों ,माता -पिता को श्रेय दिया। इनकी तमन्ना है कि प्रशासनिक सेवाओं में पास होकर देश की सेवा करने का कार्य करेंगे।

# सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल, सागापाली में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**

सत्यदेव ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के संस्थापक, समाजसेवी एवं महान शिक्षाविद् स्वर्गीय श्री सत्यदेव सिंह जी की 97वीं जन्म जयंती के अवसर पर सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल, सागापाली में उनकी पावन स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य ए. एन. उपाध्याय द्वारा स्वर्गीय सत्यदेव सिंह जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।

तत्पश्चात उपस्थित समस्त सम्मानित शिक्षण एवं गैर-शिक्षण स्टाफ ने भी पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने उनके सामाजिक, राजनीतिक एवं शैक्षणिक योगदान पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार स्वर्गीय सत्यदेव सिंह जी ने इस अति पिछड़े क्षेत्र को अशिक्षा से शिक्षा की ओर अग्रसर किया और आज भी इस क्षेत्र के लोग उन्हें अत्यंत सम्मान एवं आदर के साथ स्मरण करते हैं।

तत्पश्चात विद्यालय के हिंदी प्रवक्ता स्वामीनाथ ठाकुर ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि विषम परिस्थितियों में भी अपने महान कार्यों के कारण वे एक सच्चे कर्मवीर के रूप में जाने जाते हैं।

इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक आकाश गुप्ता ने भी उन्हें स्मरण करते हुए अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने बताया कि कैसे हजारी प्रसाद द्विवेदी जी के भाषण से प्रेरित होकर उन्होंने बिना सरकार का इंतजार किए अपने अथक प्रयासों से ढोटारी में गांधी इंटर कॉलेज के रूप में प्रथम विद्यालय की स्थापना की। तत्पश्चात शिक्षा की यह मिसाल दूर-दूर तक फैली और आज भी लोगों के जीवन में रोशनी ला रही है।

अंत में स्वर्गीय सत्यदेव सिंह जी को पुनः नमन करते हुए श्रद्धांजलि सभा का समापन किया गया।

# शब्द साधना का उत्सव- कर्मवीर सत्यदेव सिंह की 97वीं जयंती पर गाधिपुरम में अद्भुत काव्य-यात्रा

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**

शब्दों के तपस्वी, कर्म के पुजारी एवं 'सत्यदेव ग्रुप ऑफ कॉलेजेज' के संस्थापक पूज्य कर्मवीर सत्यदेव सिंह जी की सत्तानवीं जन्म जयंती गाधिपुरम,बोरसिया के पावन परिसर में एक अद्भुत काव्य-उत्सव के रूप में मनाई गई। यह केवल एक जयंती नहीं थी, अपितु शब्दों की साधना, कर्म की आराधना एवं भारतीय साहित्यिक चेतना का एक जीवंत महाकुंभ था।

प्रातःकाल ग्रुप के सभी संस्थानों में कर्मवीर जी के स्नेहिल एवं देदीप्यमान चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। किंतु मुख्य आकर्षण सत्यदेव कॉलेज में आयोजित भव्य कवि सम्मेलन रहा, जहाँ देश के कोने-कोने से आए साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं से वातावरण को भाव-विभोर कर दिया।

विद्या की अधिष्ठात्री देवी माँ वीणापाणि के प्रतिमा पर पुष्पांजलि के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में जयप्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा के पूर्व कुलपति प्रो. हरिकेश सिंह उपस्थित रहे, तो अध्यक्षता की गौरवपूर्ण भूमिका मिशिगन, अमेरिका स्थित गीता फाउंडेशन के संस्थापक श्री योगी आनंद जी महाराज ने निभाई। सत्यदेव ग्रुप की संरक्षिका श्रीमती सावित्री देवी, मुख्य प्रबंध निदेशक डॉ. आनंद सिंह, प्रबंध निदेशक डॉ. सानंद सिंह, प्रबंधक श्रीमती सुमन सिंह, प्रबंधक डॉ. प्रीति सिंह,







काउंसलर दिग्विजय उपाध्याय एवं डायरेक्टर अमित रघुवंशी की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

सत्यदेव स्कूल, गाजीपुर के बाल-कलाकारों ने स्वागत गीत, गणेश वंदना एवं सरस्वती वंदना के मधुर संगम से मन मोह लिया, वहीं बीसीए के विद्यार्थियों ने नारी सशक्तिकरण पर आधारित नृत्य की मनोहारी प्रस्तुति से समा बाँध दिया।

कवि सम्मेलन में जब शब्दों ने अंगड़ाई ली तो पूरा सभागार झूम उठा।

मंच का सफल संचालन वरिष्ठ कवि राजेंद्र त्रिपाठी 'लालू तिवारी' ने किया। मुख्य प्रबंध निदेशक प्रो. आनंद सिंह एवं प्रबंध निदेशक प्रो. सानंद सिंह ने सभी आमंत्रित कवियों का अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह एवं माल्यार्पण से सत्कार किया।

काव्य साधकों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं की रूह हिला दी।

बादशाह प्रेमी - भोजपुरी के ठेठ अंदाज में हास्य-व्यंग्य के साथ-साथ माँ पर एक ऐसी मार्मिक कविता सुनाई कि आँखें नम हो गईं।

डॉ. वंदना शुक्ला - उनकी मुखर अभिव्यक्ति ने सुख और जीवन दर्शन का मंत्र दे दिया:

सुख देती है, हँसती है, हँसाती है ज़िंदगी,
जीने का हर सलीका सिखाती है ज़िंदगी।

कवि भूषण त्यागी - की गूँजती पंक्तियों ने सत्ता और काल के रहस्यों को उद्घाटित किया-

मैं ही उत्तर, मैं ही सवाल, मैं ही काल का महाकाल

और राम वंदना हे राम तुम्हारी जय हो से श्रोताओं को अलौकिक आनंद में डुबो दिया।

अमरनाथ तिवारी 'अमर' - देशप्रेम की अमर चेतना को शब्दों में पिरोते हुए कहा-

जाऊँ विदेश तो किस देश? बहुत दिमाग दौड़ाया,
फिर अपना ही देश भाया।

मनोज द्विवेदी 'मधुर' - उनकी विनम्र स्वीकारोक्ति ने खूब तालियाँ बटोरीं-

मैं जमाने की नजरों में नाकाम हूँ,
क्योंकि मैं किसी को छला ही नहीं।

मशहूर चिकित्सक डॉ. एम.डी. सिंह - की कविता ने कर्मवीर सत्यदेव सिंह जी के व्यक्तित्व, तपस्या एवं उपलब्धियों का जीवंत चित्रण किया।

कार्यक्रम के समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो. हरिकेश सिंह ने कहा कि- "कर्मवीर सत्यदेव सिंह केवल एक शिक्षा सत्र निमार्ता ही नहीं, अपितु साहित्य-प्रेमी, मानवीय मूल्यों के पुंज और अद्वितीय वक्ता थे।"

अध्यक्षीय आसन से योगी आनंद जी महाराज ने कहा कि-"सत्यदेव ग्रुप परिवार पर उनकी कृपा सदा बनी रहे, क्योंकि यहाँ साहित्य और संस्कार का अद्भुत समन्वय है।"

कार्यक्रम के अन्त में गाजीपुर के गौरव,वरिष्ठ कवि एवं कुशल मंच संचालक श्री हरि नारायण 'हरीश' जी के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर पूर्व भाजपा अध्यक्ष सुनील सिंह, कृष्ण बिहारी राय, हिंदू युवा वाहिनी अध्यक्ष अमित सिंह, बीएसए उपासना रानी वर्मा, हार्टमन इंटर कॉलेज हार्टमन पुर के प्रबंधक फादर पी. विक्टर, डॉ. अरविंद सिंह, छविनाथ मिश्रा, विनोद उपाध्याय, कृपा शंकर राय, विनय राय 'बबुरंग', डॉ. सुनील सिंह सहित प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षाविद् एवं साहित्यानुरागी जनसैलाब उपस्थित था।

सत्यदेव ग्रुप परिवार ने सभी साहित्यकारों, अतिथियों एवं गणमान्य नागरिकों का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने इस काव्य-यात्रा को अविस्मरणीय बना दिया।

# पूर्वोत्तर युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम: छात्रों से केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का संवाद

नई दिल्ली। ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने 22 अप्रैल 2026 को उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय की प्रमुख पहल अष्टलक्ष्मी दर्शन युवा आदान-प्रदान कार्यक्रमह्न के विद्यार्थियों से आभासी माध्यम से संवाद किया।

इस अवसर पर मंत्रालय के सचिव संजय जाजू, संयुक्त सचिव नीरज कुमार तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंतर्गत आईआईटी गुवाहाटी, असम विश्वविद्यालय और तेजपुर विश्वविद्यालय के तीन बैचों के 300 विद्यार्थियों से बातचीत हुई, जिनमें देश के विभिन्न राज्यों के छात्र शामिल थे।

**युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का उद्देश्य**

इस कार्यक्रम का उद्देश्य देश के अन्य राज्यों के विद्यार्थियों को पूर्वोत्तर भारत की संस्कृति, विकास, पर्यटन और सामाजिक जीवन से परिचित कराना है। प्रतिभागी छात्रों ने 15 मार्च से 10 अप्रैल 2026 के बीच इस यात्रा कार्यक्रम में भाग लिया।

# अवैध खनन कर रहे ट्रैक्टर की टक्कर से एक की मौत, दो घायल

## पुलिस पीछा कर रही थी; आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर किया प्रदर्शन

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



किशनगंज जिला अंतर्गत पहाड़कट्टा थाना क्षेत्र के शीतलपुर मोड़ पर अवैध बालू लदे ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना उस समय हुई जब पुलिस 112 की टीम ट्रैक्टर का पीछा कर रही थी।

जानकारी के अनुसार, पुलिस को देखकर ट्रैक्टर चालक तेज गति से भाग रहा था। इसी दौरान अनियंत्रित ट्रैक्टर ने विपरीत दिशा से आ रही एक बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। बाइक पर दो वयस्क और एक छह वर्षीय बच्ची सवार थे।

हादसे में बाइक चालक मैनुल हक (55 वर्ष), निवासी सतमेरी, की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, जलालुद्दीन (60 वर्ष) और छह वर्षीय आसिफा गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। हादसे के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर जुट गए। अवैध खनन और दुर्घटना से आक्रोशित लोगों ने मुख्य सड़क को जाम कर आगजनी की और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। ग्रामीण दोषियों की गिरफ्तारी और अवैध खनन पर रोक लगाने की मांग कर रहे थे।

सूचना मिलते ही पहाड़कट्टा, पोठिया थाना और छत्तरगाछ ओपी की पुलिस टीम एडीपीओ मंगलेश कुमार के नेतृत्व में मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पटना मे अपहरण के बाद 10 वर्षीय छात्रा की हत्या, घर के पास मिला शव

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**




पटना/ राजधानी के बाईपास थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहाँ 10 साल की एक स्कूली छात्रा का अपहरण कर उसकी बेरहमी से हत्या कर दी गई। मृत बच्ची की पहचान रोशनी कुमारी के रूप में हुई है। उसका शव बुधवार को गायब होने के करीब 24 घंटे बाद घर से महज 500 मीटर दूर एक गली से बरामद किया गया।जानकारी के अनुसार, रोशनी बुधवार सुबह अचानक लापता हो गई थी। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। गुरुवार को जब बच्ची का शव मिला, तो परिवार में चीख-पुकार मच गई। घटना से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए हत्यारों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। घटना की सूचना मिलते ही बाईपास थाना प्रभारी रंजीत कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। साक्ष्य जुटाने के लिए फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (FSL) और डॉग स्क्वायड की टीम को भी बुलाया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि बच्ची के शरीर पर चोट के गंभीर निशान मिले हैं, जिससे आशंका जताई जा रही है कि हत्या से पहले उसके साथ मारपीट की गई थी।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले के खुलासे के लिए इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और कुछ संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह मामला अपहरण और हत्या का प्रतीत हो रहा है और जल्द ही दोषियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस घटना ने एक बार फिर शहर में बच्चों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# 27 अप्रैल को किशनगंज में आयुक्त का जनसंवाद कार्यक्रम

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के अंतर्गत सातवें निश्चय सबका सम्मान-जीवन आसान (Ease of Living) को प्रभावी रूप से लागू करने के उद्देश्य से 27 अप्रैल 2026 को समाहरणालय, किशनगंज के सभा कक्ष में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्णिया प्रमंडल के आयुक्त द्वारा की जाएगी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, जनसंवाद कार्यक्रम का समय पूर्वाह्न 11:30 बजे से अपराह्न 1:00 बजे तक निर्धारित किया गया है। इस दौरान आयुक्त द्वारा जिले के विभिन्न सरकारी कार्यालयों का निरीक्षण भी किया जाएगा।

कार्यक्रम के माध्यम से आम नागरिकों को अपनी समस्याएं और शिकायतें सीधे आयुक्त के समक्ष रखने का अवसर मिलेगा। इसका उद्देश्य जन समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना तथा प्रशासन और आम जनता के बीच संवाद को और अधिक सशक्त बनाना है।

प्रशासन ने जिले के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि और समय पर उपस्थित होकर अपनी समस्याओं से अवगत कराएं, ताकि उनका समुचित निराकरण किया जा सके।

# प्रगणकों को दिया गया मकान सूचीकरण का प्रशिक्षण, ई ओ बोले लापरवाही बर्दाश्त नहीं

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**




नबीनगर( बिहार) बृहस्पतिवार को नगर पंचायत नबीनगर में जनगणना को लेकर पर्यवेक्षकों और प्रगणकों का दूसरे दिन का प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया। प्रशिक्षण सत्र में सभी पर्यवेक्षकों व प्रगणकों को मकान सूचीकरण का कार्य विस्तार से समझाया गया।

यह प्रशिक्षण फील्ड ट्रेनर सरोज कुमार व धनंजय कुमार दूबे के द्वारा संपन्न कराया गया। दोनों ट्रेनरों ने प्रगणकों को बताया कि मकान सूचीकरण के दौरान किस तरह मकानों की पहचान, नंबरिंग और सूचीकरण करना है। स्व-गणना और मोबाइल ऐप के उपयोग की भी जानकारी दी गई।नगर कार्यपालक पदाधिकारी किशोर भारती ने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी प्रगणक और पर्यवेक्षक समय पर और सही डेटा एकत्र करें। उन्होंने कहा कि जनगणना के आंकड़ों से ही सरकार की योजनाएं बनती हैं, इसलिए पूरी ईमानदारी से काम करें।इस मौके पर अंकित कुमार, सर्जुन कुमार सिंह, शौकत जमाल, सुजीत सागर, अनिल कुमार गुप्ता, राजीव रंजन पर्यवेक्षक समेत अन्य प्रगणक और कर्मी मौजूद रहे।प्रशासन ने साफ किया है कि नबीनगर नगर पंचायत क्षेत्र में मकान सूचीकरण का काम जल्द शुरू होगा। सभी वार्डों में प्रगणक घर-घर जाकर जानकारी एकत्र करेंगे।

# पटना के गर्दनीबाग में पुलिस टीम पर हमला

## दो अधिकारी घायल, महिला समेत चार गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**




पटना/ राजधानी में पुलिस पर हमलों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है, जिससे कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। ताजा मामला गर्दनीबाग थाना क्षेत्र का है, जहां जब्त बाइक छुड़ाने के विवाद में उग्र लोगों ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया। इस हिंसक झड़प में दो पुलिस पदाधिकारी घायल हो गए हैं। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक महिला समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। 21 अप्रैल की शाम पुलिस ने वाहन जांच के दौरान कागजात न होने पर एक संदिग्ध बाइक जब्त की थी। देर रात आरोपी चालक अपने कुछ साथियों के साथ गुपचुप तरीके से थाना परिसर से बाइक लेकर फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने छापेमारी शुरू की। पुलिस को जानकारी मिली कि बाइक साईं मंदिर के पास आम बगीचा इलाके में छिपाई गई है। जब पुलिस टीम वहां पहुंची, तो आरोपी और स्थानीय लोग उग्र हो गए। उन्होंने पुलिस के साथ धक्का-मुक्की और मारपीट शुरू कर दी। अचानक हुए इस हमले में दो अधिकारी चोटिल हो गए। घटना की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली।पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर चार लोगों को जेल भेज दिया है, जबकि अन्य की तलाश जारी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि दोषियों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई की जाएगी जो मिसाल बने। विशेषज्ञों का मानना है कि राजधानी जैसे संवेदनशील क्षेत्र में पुलिस पर हमला कानून के इकबाल को चुनौती है। प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे कानून का सम्मान करें और हिंसा से दूर रहें।

# निजी स्कूलों की मनमानी पर मानवाधिकार आयोग सख्त

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ देश भर के निजी स्कूलों द्वारा अभिभावकों पर महंगे निजी प्रकाशनों की किताबें खरीदने के दबाव को लेकर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (ठलुफ्छ) ने कड़ा रुख अपनाया है। नमो फाउंडेशन की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए आयोग ने सभी राज्य सरकारों और केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय को नोटिस जारी कर विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस मामले की सुनवाई की। आयोग ने स्पष्ट किया कि



स्कूल प्रबंधन के आधार पर अलग-अलग पाठ्यक्रम और महंगी पुस्तकें थोपना 'अकादमिक भेदभाव' है। यह शिक्षा के समान अवसर के सिद्धांत और मानवाधिकारों का उल्लंघन है। आयोग ने राज्यों को शिक्षा का अधिकार (RTE) अधिनियम और 'राष्ट्रीय स्कूल बैग नीति' का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। आयोग द्वारा जवाब मांगा गया की सरकारी और निजी स्कूलों के बीच पाठ्यपुस्तकों में अंतर क्यों रखा जा रहा है? कक्षा 8 तक परीक्षा बोर्डों का पाठ्यक्रम नामित शैक्षणिक प्राधिकरण से अलग क्यों है? राज्य में सरकारी और निजी स्कूलों के छात्रों के अनुपात में सरकारी पुस्तकों की उपलब्धता कितनी है? शिकायत में आरोप लगाया गया था कि निजी स्कूल न केवल महंगी किताबें अनिवार्य करते हैं, बल्कि उन्हें विशेष दुकानों से ही खरीदने का दबाव भी बनाते हैं। इससे शिक्षा का खर्च अनावश्यक रूप से बढ़ रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि आयोग की इस पहल से शिक्षा क्षेत्र में पारदर्शिता आएगी और सभी छात्रों के लिए समान शैक्षणिक सामग्री सुनिश्चित हो सकेगी। अब राज्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर अपनी रिपोर्ट आयोग को सौंपनी होगी।

# पटना जिले के पालीगंज में मनाया गया कुंवर सिंह के 168 वें विजयोत्सव

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के पालीगंज स्थित प्रेम शिला वाटिका में गुरुवार को बीर कुंवर सिंह के 168 वें विजयोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

जानकारी के अनुसार गुरुवार को पटना जिले के पालीगंज के बाबा बोरिंग रोड स्थित प्रेम शिला वाटिका में 1857 गदर के महानायक व बिहार के वीर सपूत बाबू बीर कुंवर सिंह के 168 वें विजयोत्सव समारोह का आयोजन आर्य समाज मंदिर विकास समिति सह निगरानी समिति पालीगंज की ओर से किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत बिहार बाल श्रमिक आयोग के उपाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह, पूर्व मुखिया चन्द्रसेन कुमार वर्मा, आर्य समाज मंदिर विकास समिति सह निगरानी समिति के अध्यक्ष सतीश चंद्र खत्री, सचिव डॉ. ज्ञान प्रकाश गुप्ता, पुस्तकालयाध्यक्ष राजकिशोर सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उसके बाद कार्यक्रम में बाबू बीर कुंवर सिंह के तस्वीर पर लोगों ने माल्यार्पण व पुष्प अर्पित किया। पुनः लोगो ने गायत्री मंत्र के उच्चारण कर कार्यक्रम की शुरूआत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आर्य समाज मंदिर विकास समिति सह निगरानी समिति के अध्यक्ष डां. राजकिशोर सिंह तथा संचालन महेन्द्र जी ने किया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने बाबू बीर कुंवर सिंह के जीवन पर प्रकाश डाला तथा उनके शौर्य व साहस को याद करते हुए अपने अपने अंदाज में गाथा सुनाया। उसके बाद सभी अतिथियों तथा आगन्तुको को अंगस्वस्त्र से सम्मानित किया गया। वही कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भारत सरकार के पूर्व केंद्रीय मंत्री आर के सिंह ने कहा कि बीर कुंवर सिंह देश के महानायकों में से एक है। उसने अपनी उम्र की परवाह नही करते हुए बृद्धावस्था में भी भारत की स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ते हुए शहीद हो गए थे। वही पूर्व बिधायक रामजन्म शर्मा ने कहा कि उनके अंदर देशभक्ति कूट कूटकर भरी थी। आज हमसभी को देश के प्रति त्याग व समर्पण की प्रेरणा व संकल्प उनके जीवन से लेनी चाहिए।

मौके पर भूतपूर्व शिक्षक प्रेम कुमार, रामानन्द तिवारी, सूर्यदेव सिंह, मोहन चौधरी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# पटना में महिला के घर घुसकर मारपीट व छेड़खानी का आरोप

## सीसीटीवी फुटेज सामने, कार्रवाई की मांग

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के परसा बाजार थाना क्षेत्र के ढीबड़ा गांव में एक महिला के घर में घुसकर मारपीट और छेड़खानी का मामला सामने आया है। पीड़िता मीना देवी ने गांव के ही विकास उर्फ रिंकू कुमार, सुधीर कुमार, संतोष कुमार, मुकुल कुमार और बजरंगी समेत अन्य लोगों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता मीना देवी के अनुसार आरोपितों ने उसके घर में घुसकर गाली-गलौज की और विरोध करने पर बाल पकड़कर जमीन पर पटक दिया तथा लाठी-डंडे से मारपीट की। इस दौरान परिवार के अन्य सदस्यों के साथ भी मारपीट की गई। महिला ने आरोप लगाया कि आरोपितों ने अभद्र व्यवहार करते हुए छेड़खानी का भी प्रयास किया। घटना का पूरा दृश्य घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। पीड़ित परिवार ने पुलिस को सीसीटीवी फुटेज और घटना से संबंधित फोटो भी उपलब्ध कराए हैं। पीड़ित परिवार का कहना है कि घटना की सूचना देने के बावजूद अब तक पुलिस की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। मामले को लेकर स्थानीय लोगों में भी आक्रोश है और जल्द कार्रवाई की मांग की जा रही है। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच की जा रही है और दोषियों पर उचित कार्रवाई की जाएगी। थाना अध्यक्ष मेनका रानी ने कहा मामले की छानबीन चल रही है .इन दोनों पक्षों में पहले भी लड़ाई झगड़ा हो चुका है। खेत में मूर्ति रखकर मंदिर बनवाने का प्रयास किया गया था उस मामले में कई लोगों को जय हो चुकी है। नाला और रस्ता का विवाद कभी कुछ विवाद में दोनों पक्षों में मारपीट होते रहा है बावजूद छानबीन के बाद मारपीट करने वाले लोगों को जल्द गिरफ्तारी की जायेगी।

# निगोहां की गैस एजेंसी पर गंभीर आरोप, पत्रकार से अभद्रता पर भड़के मीडियाकर्मी

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

राजधानी लखनऊ के मोहनलालगंज तहसील क्षेत्र के निगोहां स्थित इण्डेन गैस वितरण एजेंसी एक बार फिर गंभीर आरोपों के घेरे में आ गई है। एजेंसी पर घटतौली, कालाबाजारी, सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा और उपभोक्ताओं से अभद्र व्यवहार जैसे आरोप सामने आए हैं। ताजा मामला तब गरमा गया जब खबर संकलन करने पहुंचे एक पत्रकार के साथ कथित एजेंसी संचालक द्वारा अभद्रता और धमकी देने का आरोप लगा।प्रेस क्लब के संरक्षक द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार राजधानी लखनऊ से प्रकाशित



एक सम्मानित हिन्दी दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार मोईन खान बीते मंगलवार को गैस एजेंसी पर अनियमितताओं की सूचना पर कवरेज करने पहुंचे थे। इसी दौरान खुद को एजेंसी संचालक बताने वाले राजीव सैनी ने उनके साथ अभद्रता करते हुए जान से मारने और फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। इस घटना के बाद क्षेत्र के पत्रकारों में आक्रोश व्याप्त हो गया।जानकारी के मुताबिक इससे पूर्व भी एजेंसी संचालक व कर्मचारियों पर एक भाजपा पार्टी के निगोहां मण्डल महामंत्री प्रासू चौरसिया के साथ मारपीट और भाजपा सरकार के खिलाफ अपशब्द कहने के आरोप लग चुके हैं, जिससे एजेंसी की कार्यशैली पर लगातार सवाल उठ रहे हैं।वहीं, गैस एजेंसी पर सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर गोदाम निर्माण कराने का भी गंभीर मामला सामने आया है। इस संबंध में तहसील प्रशासन में कई बार शिकायत की जा चुकी है, जिसका विवाद संख्या ळ202310460333683 तहसीलदार न्यायालय में विचाराधीन है गोदाम गिराने का आदेश पारित होने वाला है क्योंकि सरकारी रास्ते में गोदाम बना रखा है। वरिष्ठ पत्रकार निगोहां प्रेस क्लब के उपाध्यक्ष मोइन खान के साथ हुई बदसलूकी की घटना से नाराज निगोहां प्रेस क्लब के संरक्षक मुकेश द्विवेदी और अध्यक्ष विमल सिंह चौहान की अगुवाई में दर्जनों पत्रकारों ने उप जिलाधिकारी मोहनलालगंज पवन पटेल के कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। पत्रकारों ने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

इस दौरान उप जिलाधिकारी पवन पटेल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि यदि अनियमितताएं और आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।फिलहाल इस पूरे मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल गर्म है और सभी की निगाहें प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।

# करणी सेना ने वीर कुंवर सिंह के विजयोत्सव पर उन्हें याद कर किया नमन और शहरवासियों के बीच किया लड्डू वितरण

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ,कोल्हान झारखंड**



जमशेदपुर (झारखंड) 23 अप्रैल 2026: 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के महानायक, वीरता और अदम्य साहस के प्रतीक बाबू वीर कुंवर सिंह जी के विजयोत्सव के अवसर पर क्षत्रिय करणी सेना ने जुगसलाई कुंवर चौक में धूम धाम से मनाते हुए श्रद्धापूर्वक नमन किया। उनका जीवन संघर्ष, पराक्रम और स्वाभिमान का अद्वितीय उदाहरण है, जो आज भी हर भारतीय को प्रेरित करता है।कार्यक्रम के दौरान करणी सेना के कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा लड्डू वितरण कर आम जनों के बीच उनके आदर्शों को साझा किया। मौके पर उपस्थित सभी लोगों ने उनके साहस और बलिदान को याद करते हुए उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर करणी सेना के जिलाध्यक्ष मोहित सिंह, हरि सिंह राजपूत,लवकेश सिंह,श्रवण सिंह,मोलू,लक्खू व अन्य लोग मौजूद थे।

# इटखोरी मोड़ तिराहे पर दो ट्रकों की भिड़ंत, भीषण आग से लाखों का नुकसान

**पंकज कुमार पाठक, दैनिक समाज जागरण**





पदमा (हजारीबाग): गुरुवार सुबह लगभग 11 बजे इटखोरी मोड़ तिराहे पर एक बड़ा सड़क हादसा हो गया, जब दो ट्रकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहनों में आग लग गई और देखते ही देखते लपटें तेज हो गईं।

मिली जानकारी के अनुसार, कोल्ड ड्रिंक्स से लदा ट्रक (क्रमांक जे एच 02 बी एल 5663) बरेली (यूपी) से इटखोरी होते हुए आ रहा था। इसी दौरान इटखोरी मोड़ के पास एनएच-33 पर हजारीबाग की ओर से आ रहे स्पंज लदे ट्रक (क्रमांक जे एच 02 3465) से उसकी जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर के बाद दोनों ट्रकों में आग लग गई।

इस हादसे में दोनों ट्रकों के टायर पूरी तरह जलकर नष्ट हो गए, वहीं कोल्ड ड्रिंक्स की पेटियां भी आग की चपेट में आकर बर्बाद हो गईं। हालांकि राहत की बात यह रही कि दोनों ट्रकों के चालक और उपचालक सुरक्षित बताए जा रहे हैं।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मौके पर पुलिस निरीक्षक चंद्रशेखर कुमार, पदमा थाना प्रभारी संचित दुबे सशस्त्र बल के साथ मौजूद रहे। साथ ही बरही से आए दमकल कर्मियों ने आग बुझाने में अहम भूमिका निभाई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, दोनों ट्रक स्थानीय बताए जा रहे हैं। घटना के बाद कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा, जिसे बाद में सामान्य कर दिया गया।

# साइबर ठगों को सबक सिखाने में सफल शिवली पुलिस , महिला समेत दो को वापस मिला पैसा

**समाज जागरण सुनील बाजपेई**

कानपुर। यहां देहात की थाना शिवली पुलिस साइबर अपराधियों के शिकार पीड़ित लोगों की हर संभव सहायता करने में भी अग्रणी चल रही है ,जिसके क्रम में थाने के साइबर हेल्प डेस्क द्वारा कार्यवाही करते हुए महिला समेत दो शिकायतकर्ता के खाते में कुल धनराशि 23,208/- वापस कराई गई। जिसे पाकर पीड़ितों के चेहरे खिल उठे। जिसके लिए इंस्पेक्टर अमरेंद्र बहादुर सिंह और अतिरिक्त इंस्पेक्टर शीलेन्द्र यादव से पुलिस की कार्यवाही से मिली धन वापसी में सफलता का प्रमाण पत्र प्राप्त करते हुए हर तरह के अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई और पीड़ितों की हर संभव सहायता में अग्रणी शिवली पुलिस के जनहित में महत्वपूर्ण इस कार्य की जमकर सराहना करते हुए आभार भी व्यक्त किया।

कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ नेतृत्व कुशलता के धनी इंस्पेक्टर अमरेन्द्र बहादुर सिंह के मुताबिक आवेदक मुनेश कुमार यादव पुत्र रामबाबू यादव निवासी ग्राम संग्रामपुर थाना शिवली जनपद कानपुर देहात को साइबर ठगो द्वारा एयरपोर्ट मे सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी दिलाने का झांसा देकर आवेदक से 23720/- रुपए ट्रांसफर करवाकर साइबर ठगी की गयी थी ,जिसकी शिकायत आवेदक द्वारा साइबर हेल्प डेस्क शिवली पर शिकायत की गयी थी।

इसी बीच कानपुर जोन के अपर पुलिस महानिदेशक, आलोक सिंह ,कानपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक, हरीशचन्द्र के कुशल मार्गदर्शन में एवं कानपुर देहात की पुलिस अधीक्षक श्रीमती श्रध्दा नरेन्द्र



पाण्डेय के निर्देशन मे अपराध निवारण की दिशा में साइबर क्राइम से सम्बन्धित घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, शिकायतकर्ता मुनेश कुमार यादव पुत्र रामबाबू यादव निवासी ग्राम संग्रामपुर थाना शिवली से साइबर ठगों द्वारा एयरपोर्ट में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगे गए 23720/- रुपए के मामले में त्वरित जांच एवं कार्यवाही करते हुए थाना शिवली पुलिस (साइबर सेल हेल्प डेस्क) द्वारा शिकायतकर्ता की कटी हुयी धनराशि में से 23,208/- रुपए को आवेदक के खाते में वापस कराने में सफलता प्राप्त की गई। साइबर अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के रूप मे यह महत्वपूर्ण सफलता शिवली के इंस्पेक्टर अमरेन्द्र बहादुर सिंह की अगुवाई में सोमवीर सिंह और महिला कांस्टेबल प्रीति सोनकर की टीम को मिली।

अवगत कराते चलें कि शिवली के कोतवाल अमरेंद्र बहादुर सिंह की अगुवाई में कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में जिस तरह का प्रभावी अभियान लगातार जारी है। उसके फलस्वरूप हत्या और लूट जैसी संगीन वारदातों समेत ऐसी कोई घटना शेष नहीं बची है ,जिसका सटीक खुलासा करते हुए सभी अपराधियों को जेल का रास्ता दिखाने में सफलता न प्राप्त की गई हो। यही नहीं इसी वजह से पत्रकारिता की आड़ में हर तरह के अपराध में लिप्त लोगों के साथ नेता रुपी सफेद पोश दलाल भी दहशत के साये में लिपटे हुए बताये जा रहे हैं। मतलब अब वे पहले की तरह थाने जाकर अपना उल्लू सीधा करने में भी पूरी तरह से विफल साबित हो रहे हैं। यही वजह है कि पुलिस पर बढ़ा हुआ विश्वास शिवली क्षेत्र की जनता को भारी राहत प्रदान करने वाला भी माना जा रहा है।